CMYK

सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-38 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया


लखनऊ, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025
29 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत और ब्रिटेन में हुई सबसे बड़ी डील एफटीए पर दोनों देशों ने किए हस्ताक्षर

■ 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को टैरिफ से मिलेगा लाभ



**लंदन।** भारत और ब्रिटेन ने आज नया इतिहास लिख दिया है। दोनों देशों ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए, जिससे व्यापारियों समेत आम लोगों को बड़े फायदे होंगे। इसी के साथ बाजार पहुंच बढ़ने के साथ द्विपक्षीय व्यापार में सालाना लगभग 34 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

भारत-ब्रिटेन में मुक्त व्यापार समझौता 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में भी मदद करेगा। भारत-ब्रिटेन में डील होने के बाद चमड़ा, जूते, ऑटोपार्ट, सीफूड, खिलौने और कपड़ों का रियायती दरों पर निर्यात संभव होगा, जिससे ये चीजें ब्रिटेन के लोगों को सस्ती मिलेगी। इसके साथ ही ब्रिटेन से आने वाले सामानों पर भी आयात सस्ता होगा, जिससे भारतीयों को सस्ते में सामान मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार, इस एफटीए से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को टैरिफ से लाभ होने की उम्मीद है और इससे ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात आसान हो जाएगा, साथ ही समग्र व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, अब इसे प्रभावी होने से पहले ब्रिटिश संसद से अनुमोदन की आवश्यकता होगी। इस प्रक्रिया में लगभग एक वर्ष लग सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने समकक्ष के साथ समझौते पर दस्तखत किए।

### ब्रिटिश पीएम बोले सबकी जेब में पैसा आएगा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर ने कहा कि यह एक ऐसा समझौता है, जिससे दोनों देशों को भारी लाभ होगा, वेतन में वृद्धि होगी, जीवनस्तर में सुधार होगा और कामकाजी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। नौकरियों के लिए अच्छी डील है, यह व्यापार के लिए अच्छा है, टैरिफ में कटौती करेगा और व्यापार को और आसान बनाएगा।

# परिषदीय स्कूलों के विलय पर हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

■ सीतापुर के बच्चों को मिली राहत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीतापुर के स्कूलों में यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया है। सीतापुर के बच्चों द्वारा दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। इसके बाद विलय प्रक्रिया में अनियमितताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया। याचिकाओं पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 21 अगस्त नियत की गई है। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। हाईकोर्ट के आदेश से सीतापुर के बच्चों को बड़ी राहत मिली है।

पहली विशेष अपील सीतापुर के पांच बच्चों ने, और दूसरी भी वहीं के 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिये दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों की ओर से अधिवक्ता डॉ. एलपी मिश्र व अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलीलें दीं। जबकि, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ बहस की। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए विलय के कुछ दस्तावेजों में अनियमितताएं सामने आईं। इनके मद्देनजर कोर्ट ने सीतापुर में स्कूलों की विलय प्रक्रिया पर मौजूदा स्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया।

बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में प्रमुख दलील दी गई कि विलय की कारवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। सरकार ने ऐसे 18 प्राथमिक स्कूलों का हवाला दिया था जिनमें एक भी विद्यार्थी नहीं है।

### अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन

याचियों ने इसे मुफ्त शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खास तौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने वाला है।

# जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर तेजी से हो सड़कों का निर्माण : सीएम

समीक्षा बैठक

■ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने आगामी प्रस्तावों से अवगत कराया



**गोरखपुर।** जनप्रतिनिधियों (सांसदों-विधायकों) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर और बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए आगामी परियोजनाओं/प्रस्तावों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने दोनों मंडलों से आए जनप्रतिनिधियों से विधानसभावार उनके क्षेत्र की सड़क आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की।

साथ ही कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु और क्षेत्रीय जन आकांक्षा के अनुरूप नई सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। इन प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही होगी। एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले गोरखपुर-बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी सड़क निर्माण परियोजनाओं, प्रस्तावों का डिजिटल प्रेजेंटेशन देखा। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आगामी प्रस्तावों से अवगत कराया।

हर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की भावी परियोजनाओं का हाल जानने के बाद मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में सड़कों की भावी आवश्यकता की कार्ययोजना पर चर्चा की और लोक निर्माण विभाग के अफसरों को उसके अनुरूप निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने इंटरस्टेट कनेक्टिविटी और फोरलेन कनेक्टिविटी की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ गोरखपुर-बस्ती मंडल को भी मिल रहा है। उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी को लगातार सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग गंभीरता से ले।

जितने भी प्रस्ताव आएं, उनमें से प्राथमिकता का निर्धारण जनप्रतिनिधियों की सहमति से हो। जनप्रतिनिधि जिन सड़कों को प्राथमिकता दें, सबसे पहले उनका इस्टीमेट बनाएं और शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य शुरू हो। इसके बाद अन्य सड़कों को भी चरणवार बनाया जाए। उन सड़कों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाए, जो बड़ी आबादी को लाभान्वित करने वाले हों। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र की सड़कों को सीएम ग्रिड योजना में शामिल कर विकसित किया जाए। सीएम ने इस दौरान सड़क निर्माण परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता में कोई भी समझौता न करने के निर्देश दिए। कहा कि जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र की सड़कों के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करते रहें ताकि गुणवत्तापूर्ण कार्य तेजी से होता रहे। गुणवत्ता पर प्रश्न नहीं उठना चाहिए। बैठक के दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ के समय कुछ सड़कों के क्षतिग्रस्त होने का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने इसके लिए जरूरत पड़ने पर आपदा राहत निधि का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित पर्यटन विभाग के भी वरिष्ठ अधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्र स्तर पर धार्मिक स्थलों पर हो रहे पर्यटन विकास कार्यों की जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जितने भी मंदिरों, धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास हुआ है और हो रहा है, उन्हें प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग तत्परता से कार्य करे।

# हज यात्रा 2026 : आवेदन के मामले में अन्य राज्यों से पिछड़ा उत्तर प्रदेश

■ अब तक आए महज 8500 आवेदन



**लखनऊ।** हज के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के मामले में यूपी देश के अन्य राज्यों से पिछड़ गया है। अंतिम तिथि खत्म होने के 6 दिन पहले तक प्रदेश से मात्र 8413 आवेदन ही हुए हैं। आवेदन की सुस्ती से चिंतित राज्य हज कमेटी ने रफ्तार बढ़ाने के लिए सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों (डीएमओ) को पत्र भेज कर प्रचार प्रसार करने का अनुरोध किया है।

7 जुलाई से हज कमेटी की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in और हज सुविधा एप पर ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय है। राज्य हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि यात्रा के लिए प्रदेश से अब तक सिर्फ 8413 पंजीकरण हुए हैं, देश के अन्य राज्यों में आवेदन काफी तेजी से होने से आवेदन की संख्या एक लाख तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस बार पूरे देश से कुल 1.22 लाख हज सीटों का कोटा आवंटित किया है। अगर अंतिम तिथि तक पूरे भारत से 1.22 लाख आवेदन प्राप्त हो जाते है तो हज कमेटी अंतिम तिथि नहीं बढ़ाएगी। हज कमेटी के सचिव ने बताया कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को हज आवेदन की गति बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए मस्जिदों, मदरसों, ई सुविधा केंद्रों, प्रशिक्षण केंद्रों, प्रशिक्षकों की भी सहायता लेने को कहा गया है।

# भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों पर हो रहा अत्याचार : ममता

■ मुख्यमंत्री ने भाषाई आतंक का भी लगाया आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि अन्य राज्यों में काम करने वाले लोग बंगाली भाषी मजदूरों को परेशान किया जा रहा है। उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है और कुछ मामलों में तो उन्हें बांग्लादेश तक खदेड़ा जा रहा है। उन्होंने इन घटनाओं को भाषाई आतंक करार दिया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा और राजस्थान की भाजपा शासित सरकारों पर बंगाली बोलने वाले नागरिकों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया और सवाल किया कि भाजपा इन कृत्यों से क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हरियाणा के गुरुग्राम से बंगाली बोलने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों को हिरासत और उन पर अत्याचार की लगातार रिपोर्ट मिल रही हैं। हरियाणा पुलिस पहचान के नाम पर पश्चिम बंगाल पुलिस को जानकारी दे रही है। ममता ने कहा कि राजस्थान से भी यह रिपोर्ट मिली है कि कानूनी दस्तावेज होने के बावजूद बंगाल के लोगों को जबरन बांग्लादेश भेजा जा रहा है।

# फैसले का इंतजार करें, बेबुनियाद आरोप न लगाएं

■ राहुल गांधी को चुनाव आयोग की दो टूक




**बंगलूरू।** राहुल गांधी के कर्नाटक चुनाव संबंधी आरोपों पर भारत निर्वाचन आयोग करारा जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि अगर चुनाव याचिका दायर की गई है तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा, तो अब बेबुनियाद आरोप क्यों लगा रहे हैं?

इससे पहले राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि कांग्रेस के पास इस बात के 100 फीसदी सबूत हैं कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में धांधली होने दी। उन्होंने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि वह इससे बच नहीं पाएंगे, क्योंकि हम ऐसा होने देंगे और आपके पीछे आएंगे। इस पर चुनाव आयोग ने जवाब देते हुए कहा कि अगर चुनाव याचिका दायर की गई है, तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करें। अगर नहीं, तो अब बेबुनियाद आरोप क्यों लगा रहे हैं?

दरअसल, चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के अंदर फैसले से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति चुनाव याचिका दायर कर सकता है। ऐसी याचिकाएं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के राज्य के उच्च न्यायालयों में दायर की जा सकती हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारत के चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है। वह अपना काम ही नहीं कर रहा है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दल मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि यह मतदाताओं, खासकर हाशिए पर पड़े समुदायों के लोगों को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास है। उनका दावा है कि इस प्रक्रिया का इस्तेमाल मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए किया जा रहा है।

### 100 प्रतिशत ठोस सबूत

जब राहुल से बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और राजद नेता तेजस्वी यादव की बिहार विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करने के विकल्प वाली टिप्पणी के बारे में पूछा गया उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक की एक सीट पर चुनाव आयोग की ओर से धोखाधड़ी की अनुमति देने के 100 प्रतिशत ठोस सबूत हैं।

# अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी ने की छापेमारी

■ 3000 करोड़ रुपये के लोन फ्राड का है मामला



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े करीब 50 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों एवं यस बैंक से जुड़े करीब 3000 करोड़ रुपयों के बैंक धोखाधड़ी मामले में की गई है।

छापेमारी को लेकर समूह की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया है कि जिन रिपोर्टों को लेकर ईडी की कार्रवाई की जा रही है, वह रिलायंस होम फाइनेंस से जुड़े आठ वर्ष से ज्यादा पुराने लेनदेने से संबंधित प्रतीत होती हैं। ईडी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों पर जिन शिकायतों के आधार पर छापेमारी की हैं, वे अंबानी समूह की कंपनियों द्वारा लोन के दुरुपयोग और संस्थाओं के साथ धोखाधड़ी से संबंधित हैं। ईडी को प्राप्त हुई जानकारियां नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, बैंक आफ बड़ौदा आदि से प्राप्त हुई थीं। ईडी को पता चला है कि समूह से जुड़ी कंपनियां धन की हेराफेरी व वित्तीय संस्थानों को गुमराह करने की योजना में शामिल थीं।

# वरिष्ठ पत्रकार इरशाद सिद्दीकी सुपुर्दे खाक, पत्रकारिता जगत में शोक की लहर


इरशाद सिद्दीकी (फाइल फोटो)



**सिद्धार्थनगर/लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और अवधनामा के सिद्धार्थनगर ब्यूरो प्रमुख इरशाद सिद्दीकी का एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। यह दुखद घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुल्तानपुर टोल प्लाजा के पास तब हुई जब उनका वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त सिद्दीकी गाड़ी में अकेले थे।

इरशाद सिद्दीकी के असामयिक निधन ने पूरे पत्रकारिता जगत को गमगीन कर दिया है।

इरशाद सिद्दीकी एक ऐसा नाम था जिसे पूर्वांचल ही नहीं बल्कि लखनऊ की पत्रकारिता में भी गहरी पहचान मिली थी। दशकों से वे पत्रकारिता में सक्रिय थे और अवधनामा के अलावा कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों से भी जुड़े रहे। ईमानदारी, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता उनकी पहचान थी।

उनको सिद्धार्थनगर में बीएसए ग्राउंड के पास के कब्रस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को उनके घर पर दर्शन के लिए रखा गया। वहां उनकी पत्नी बेटा बेटी सहित परिवार उपस्थित था।

अंतिम संस्कार में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, चेयरमैन जावेद, एजाज़ सिद्दीक़ी अजीत मौर्य, निहाल चौधरी, पंकज श्रीवास्तव, अली अहमद, रामानंद पाण्डेय, श्याम बिहारी गुप्त कैलाश नाथ द्विवेदी, अंकित श्रीवास्तव चुन्ने खां, जमील सिद्दीक़ी, मणेन्द्र मिश्रा, जहीर सिद्दीक़ी, संदीप मद्धेशिया, सदर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत डुमरियागंज अतीकुर्रहमान, सरफराज भ्रमर, सलमान आमिर, संतोष श्रीवास्तव, नूरूल खां, अरविंद ओझा, विमलेश कुमार, आकाश, एडवोकेट माहताब हैदर रिज़्वी, प्रवेज अहमद, अब्दुल्लाह, अनीस खान, उमेर सिद्दीकी,बाल मुकुंद त्रिपाठी, अर्चिष मान मिश्र, राम सेवक लोधी, रवि गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अभय त्रिपाठी, अजय पाठक, सुरज, नफीस हैदर एडवोकेट, अजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रहरि आदि गणमान्य लोग व कई पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेता और मीडिया जगत की हस्तियों ने कंधा देकर मिट्टी दिया। नमाज़े जनाज़ा में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

उनके निधन पर सिद्धार्थनगर और लखनऊ के पत्रकारों, राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजनों ने गहरा दुख व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हर किसी की जुबान पर बस यही बात थी ÷ऐसे नेक और सच्चे इंसान का जाना समाज और पत्रकारिता दोनों की क्षति है।

DM Siddharthnagar · Follow
41m ·
अवधनामा समाचार पत्र से मान्यता प्राप्त पत्रकार इरशाद अहमद का पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। ईश्वर मृत आत्मा को अपने श्री चरणो मे स्थान दे।

"पत्रकारिता की इस क्षति को भुला पाना आसान नहीं होगा। इरशाद सिद्दीकी की स्मृतियाँ हमेशा जीवित रहेंगी। इरशाद सिद्दीकी सिर्फ हमारे सहयोगी नहीं, बल्कि अवधनामा परिवार का अभिन्न हिस्सा थे। उनकी निष्ठा, मेहनत और सज्जनता हमेशा याद रखी जाएगी। उनका जाना हमारे लिए व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों रूपों में एक बड़ी क्षति है।

-तक़दीस फ़ातिमा रिज़्वी, सीईओ, अवधनामा

"इरशाद सिद्दीकी की मृत्यु ने हम सभी को अंदर से झग-झोर दिया है और इस क्षति की कोई भी पूर्ति नहीं कर सकता है जो योगदान उनका अवधनामा के लिए रहता था वह एक परिवार के जिम्मेदार सदस्य की तरह रहता था उन्होंने हमेशा संस्थान को अपना परिवार समझा और उसी हिसाब से उन्होंने काम किया अल्लाह से दुआ है कि उनकी रूह को सुकून मिले।

-आलम रिज़्वी
स्थानीय सम्पादक, अवधनामा

# भाषा के नाम पर हो रही हिंसा को लेकर अजित पवार का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में गैर मराठी भाषी लोगों के साथ हो रही मारपीट और अभद्रता के कई मामले सामने आने के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपनी तरफ से एक सुझाव दिया है। अजित पवार ने कहा कि ऐसी स्थिति में आपको शालीनता से कह देना चाहिए कि मैं सीख रहा हूं।

दरअसल महाराष्ट्र में मराठी अस्मिता के नाम पर गैर मराठी भाषी लोगों के साथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के लोगों ने कई बार बदसलूकी की है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस हरकत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि हिंसा अस्वीकार्य है। लेकिन राज ठाकरे ने अपने कार्यकर्ताओं का पक्ष लिया था। पवार ने कहा कि आप जिस राज्य में रहते हैं, वहां की भाषा का सम्मान करना चाहिए। महाराष्ट्र से लेकर कश्मीर तक सभी को मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। कभी-कभी ऐसा हो जाता है कि कुछ लोग प्रतिक्रिया देते हैं, अहंकारी हो जाते हैं।

CMYK

## 25 जुलाई को बंद रहेगा लखीमपुर-गोला मार्ग, रेलवे क्रॉसिंग पर होगा मरम्मत कार्य

**लखीमपुर खीरी।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखीमपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार लखीमपुर-गोला मार्ग (एनएच-730) स्थित रेलवे ट्रैक के समपार सं. 155/स्पेशल किमी. 165/14-15 पर 25 जुलाई 2025 को आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक सड़क मार्ग पर ट्रैफिक पूरी तरह बंद रहेगा रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पथ) द्वारा जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि इस दौरान ट्रैक की पैकिंग एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है, ताकि ट्रेनों की गति और सुरक्षा बनी रहे। मरम्मत के दौरान कोई भी वाहन इस मार्ग से नहीं गुजर सकेगा। यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक को अन्य वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ा जाएगा। रेलवे ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान मार्ग से न गुजरें और प्रशासन द्वारा तय वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

## अज्ञात वाहन ने कांवड़िया को मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र में गुरुवार को पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर भरेहटा गांव के पास अज्ञात वाहन ने कांवड़िया को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह जालिम नगर पुल से जल भरकर गोला गोकर्णनाथ चढ़ाने जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है थाना फरधान क्षेत्र के गांव कैमा खादर निवासी राकेश (25) पुत्र रामसनेही धौरहरा क्षेत्र के जालिम नगर पुल से सरयू नदी का जल भर कर गोला गोकर्ण नाथ कांवड़ लेकर जा रहा था। पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना ईसानगर क्षेत्र के भरेहटा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पहुंची ईसानगर पुलिस ने उसे आनन-फानन में सीएचसी खमरिया भेजा, जहां डॉक्टर ने कांवड़िया को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार वाले भी सीएचसी पहुंचे। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई।

## करसौर में शारदा नदी की कटान से स्थिति चिंताजनक, अब तक सात मकान नदी मे समायें

**लखीमपुर खीरी।** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के गांव करसौर में शारदा नदी की कटान से स्थिति चिंताजनक हो गई है देर शाम करसौर गांव का सातवां मकान भी नदी में समा गया। इससे पहले छह मकान कटान की भेंट चढ़ चुके हैं। नदी के कटान से चंद्रिका, मुकेश, पुनीत, सोनू, ओमप्रकाश, शिवकुमार और अशर्फी के परिवार बेघर हो गए हैं। गांव के अन्य घर भी कटान के निशाने पर बने हुए हैं। इससे भयभीत लोग खुद ही अपने घरों को तोड़कर पलायन करने के लिए विवश हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र के नयापुरवा और चकपुरवा गांव पूरी तरह नदी में समा चुके हैं। इन गांवों के विस्थापित लोग आज भी बांधों पर झोपड़िया बनाकर रह रहे हैं। कई एकड़ फसल और कृषि योग्य भूमि नदी में बह चुकी है। बेचेपुरवा गांव भी अब शारदा नदी से चंद कदमों की दूरी पर है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन हर साल केवल निरीक्षण और रिपोर्ट तक सीमित रहता है। जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा ग्राम सरवा से 01 नफर वारण्टी अमित पुत्र जगदीश निवासी ग्राम सरवा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## अर्जुन चौहान बने काशी रूद्र टीम के नये मैनेजर खिलाड़ियों व प्रशंसकों ने जतायी खुशी

**सहारनपुर।** आगामी यूपी टी-20 सीजन में काशी रूद्र टीम के नए मैनेजर के रूप में सहारनपुर निवासी अर्जुन चौहान की नियुक्ति हुई है। यह जिम्मेदारी सहारनपुर के लिए गर्व का विषय है।

डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि अर्जुन चौहान की नियुक्ति से न केवल सहारनपुर, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को गौरव की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि अर्जुन चौहान इससे पूर्व गोरखपुर और कानपुर सुपर स्टार जैसी टीमों के साथ सफ्लतापूर्वक कार्य कर चुके हैं। उनकी प्रबंधन क्षमता, अनुशासन और खिलाड़ियों से सामंजस्य की कला को देखते हुए काशी रूद्र टीम ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। अर्जुन चौहान को नई जिम्मेदारी मिलने पर एसडीसीए के पदाधिकारियों अमर गुप्ता, लतीफ़ उर रहमान, परविंदर सिंह, गोपाल कृष्ण कालरा, राजकुमार राजू, साजिद उमर, सत्यम शर्मा, सैयद मशकूर, महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, आमिर कुरैशी, राकेश शर्मा, भावना तोमर, विनय कुमार, सचिन सैनी, तनवीर खान, विक्रांत चौधरी, रविश राठी, आयुष चौधरी, शोएब, अंजर अली, अर्जुन कुमार, आदिल खान, राज शेखर, प्रीति, राव मुजीब, अक्षय चौहान, मृदुल गर्ग, ललित पंवार और प्रिंस पटेल आदि ने हर्ष जताया है।

## निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करें निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरण

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मनीष बंसल ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी अधिकारी ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को आधार बनाते हुए कार्य करें। विद्युत विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन के लिए मार्गदर्शन कर सुपरविजन करें। कार्यों को सकारात्मकता से किया जाए जिससे उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न आए। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग में सूचीबद्ध ठेकेदारों की एक वर्कशॉप आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जाए तथा उनका संवेदीकरण किया जाए।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर, चोरी का माल बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचकर अनाज गोदाम में हुयी चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी का माल बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। नगर कोतवाली प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 19 जुलाई को सहारनपुर स्मार्ट सिटी के आईसीसीसी प्रोजेक्ट एडमिन मौ.आसिफ अन्सारी पुत्र मौ.सईद अन्सारी निवासी खान आलमपुरा थाना जनकपुरी की तहरीर पर दो अज्ञात के खिलाफ बेहट बस अड्डा स्थित अनाज गोदाम के कमरे का दरवाजा तोड़कर दो यूपीएस, 10 बैट्री, एसी तथा अन्य कीमती सामान चोरी करने तथा सर्च बैट्री व यूपीएस क्षतिग्रस्त अवस्था में प्राप्त हो जाने व विगत् 16 जुलाई को भी इसी स्थान से एसी के दो पाईप चोरी होने व तोड़फोड कर नुक्सान करने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खुमरान पुल के पास से एक शातिर चोर मुसर्रफ पुत्र नजीर निवासी नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे व निशानदेही पर 01 एसी का आऊटर, एसी के पाईप के टुकडे व स्क्रैप (एल्युमिनियम) बरामद कर लिये। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# महापौर की फटकारः डेढ़ साल से अटका काम एक दिन में

## ■ बिजली विभाग की समन्वय बैठक में महापौर ने उठाये थे जनहित के अनेक मुद्दे
## ■ नगर विकास मंत्री ने कहा, बिजली विभाग को संवेदनशील बन कर सेवा करनी होगी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग की समन्वय बैठक में महापौर डॉ. अजय कुमार की फ्टकार के बाद डेढ़ साल से लटका काम सहारनपुर के बिजली विभाग ने एक दिन में ही पूरा कर दिया है। इसके साथ ही किशनपुरा में क्रेगी नाले पर निर्माणाधीन पुलिया के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उधर महापौर द्वारा उठाये गए जनहित के मुद्दों को प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए. के शर्मा ने भी संज्ञान लेकर उन्हें आधार बनाते हुए पूरे प्रदेश के विद्युत अधिकारियों के पेंच कसे हैं।

हाल ही में सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ हुयी विद्युत विभाग की समन्वय बैठक में विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर जनप्रतिनिधियों ने आक्रोश व्यक्त किया था। महापौर डॉ. अजय कुमार ने क्रेगी नाले की निर्माणाधीन पुलिया (ढमोला पुल से जोगियान पुल जाने वाले मार्ग पर किशनपुरा के आखिरी छोर पर निर्माणाधीन ) का मामला उठाते हुए विद्युत विभाग को फ्टकार



लगायी थी। क्रेगी नाले की पुलिया के नीचे बिजली के केबिल पानी से होकर जा रहे थे, जिन्हें ऊपर उठाने का काम बिजली विभाग ने डेढ़ साल से लटका रखा था। महापौर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को नयी तकनीक से अवगत कराते हुए टेऊ लगाकर ऊपर उठाने का सुझाव दिया था। महापौर ने इस मामले सहित जनहित के अनेक विषयों से प्रदेश के नगर विकास मंत्री को भी अवगत कराया था। नगर विकास मंत्री ने अधिकारियों के पेंच कसे तो बिजली विभाग ने एक दिन में ही केबिल को ऊपर उठाकर महापौर को चित्र भेजकर अवगत कराया है कि उक्त कार्य कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त महापौर डॉ. अजय कुमार ने नालों व सड़कों पर बिजली के आड़े तिरछे लगे खंभों को ठीक कराने का मुद्दा उठाते हुए इस बात पर आक्रोश व्यक्त किया था कि जब जनप्रतिनिधि इन्हें हटाने को कहते हैं तो विद्युत विभाग उसका एस्टीमेट बनाकर निगम को भेज देते हैं। जबकि विभाग के पास हर साल इन सब कार्यों के लिए बड़ा बजट आता है। उन्होंने परशुराम चौक से ट्रांस्फार्मर हटाने, बिजली की कटौती तथा शहर में स्थान-स्थान पर लटके तारों और स्मार्ट मीटर की समस्याएं उठाते हुए इन सब समस्याओं से नगर विकास मंत्री ए के शर्मा को भी अवगत कराया था। जिस पर नगर विकास मंत्री ने प्रदेश स्तर पर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर उनकी कार्यप्रणाली के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कोई बनिये की दुकान नहीं है, हम सेवा कर रहे हैं। बिजली विभाग को संवेदनशील बन कर सेवा करनी होगी। महापौर व नगर विकास मंत्री की नाराजगी के चलते अब सहारनपुर का बिजली विभाग सक्रिय हुआ है। उसी का नतीजा है कि जो काम डेढ़ साल से लटका था, वह बिना किसी एस्टीमेट के बिजली विभाग ने एक दिन में ही पूरा कर महापौर को अपनी कर्मठता का चित्र भेज दिया है।

# एडीएम ने की आरओ, एआरओ भर्ती परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक

## जनपद में 27 जुलाई को 56 केन्द्रों पर एक सत्र में होगी परीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन संतोष बहादुर सिंह आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 27 जुलाई को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई जाने वाली समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफ्ल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लगन, सजगता, आत्मानुशासन एवं समयबद्धता से सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। जनपद में काफी संख्या में अभ्यर्थियों का मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये अधिकारी सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। समीक्षा एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा जनपद में 56 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी। परीक्षा पूर्वान्ह 09:30 से अपरान्ह 12:30 बजे तक एक सत्र में होगी। उन्होने निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। परीक्षा के लिए निर्धारित 56 केन्द्र राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लिंक रोड, सियाराम इण्टर कॉलेज दिनारपुर गागलहेडी,



बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज बेहट रोड, जेवी जैन इण्टर कॉलेज मातागढ कलसिया रोड, एचएवी इण्टर कॉलेज मातागढ ओल्ड कलसिया रोड, इस्लामिया इण्टर कॉलेज ब्लॉक ए ईदगाह रोड, गुरूनानक इण्टर कॉलेज अंबाला रोड, एसएएम इण्टर कॉलेज देहरादून रोड, राजकीय इण्टर कॉलेज नेहरू मार्किट, बीएचएस इण्टर कॉलेज मिशन कम्पाउण्ड, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज मटियामहल, जेबीएस हिन्दू कन्या इण्टर कॉलेज रायवाला, गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज गांधी पार्क, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलेज आतिशबाजान कम्बोह का पुल, गौरी शंकर इन्द्रपाल सिंह इण्टर कॉलेज दिल्ली रोड, श्री दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कॉलेज छत्ता बासमल, मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज चिलकाना रोड, रैम्बो स्कूल चुनहेटी दिल्ली रोड, जेवी जैन कॉलेज प्रद्युमन नगर, महाराज सिंह कॉलेज चकरोता रोड, आशा मोडर्न स्कूल चन्द्र नगर सिविल लाइन, आशा मोडर्न इण्टरनेशनल स्कूल जनता रोड, डीएवी पब्लिक स्कूल ररूलपुर बेहट रोड, अल्पाइन पब्लिक स्कूल चिलकाना रोड, पाइनवुड स्कूल चुनहेटी दिल्ली रोड, सैंट मेरी स्कूल चिलकाना रोड, सरस्वती विहार सीनियर सैकेण्डरी स्कूल कांकरकुई, देहली पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड, लोर्ड महावीरा एकेडमी चिलकाना रोड, केएलजी पब्लिक स्कूल अंबाला रोड, ज्ञान कैलाश इण्टरनेशनल स्कूल अंबाला रोड, खालसा पब्लिक स्कूल सडक दूधली, सावित्री बाई फुले राजकीय महिला पॉलिटेक्निक देहरादून रोड, कुशवाह आर्मी पब्लिक स्कूल मनानी दिल्ली रोड, ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल चिलकाना रोड, गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल नियर मैदा मिल पटेल नगर, दया चन्द जैन इण्टर कॉलेज सरसावा अंबाला रोड, गौचर कृषि इण्टर कॉलेज रामपुर मनिहारान, गौचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान, रमाबाई राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज कोटा, जगदीश प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज कोटा, किसान विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज बेहट रोड, एएचपी इण्टर कॉलेज रूडकी छुटमलपुर रोड, हरि इण्टरनेशनल एकेडमी देहरादून रोड, शैमफोर्ड फ्यूच्रीस्टिक स्कूल बेहट रोड, स्प्रिंग बैल्स स्कूल नियर यूनिटेक मशीन दिल्ली सहारनपुर हाईवे, एमपीएस पब्लिक स्कूल नकुड रोड सरसावा, संत एजीएम कोन्वेंट स्कूल दिल्ली रोड, मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड, बिल क्लिंटन स्कूल रामपुर मनिहारान, श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल देहरादून रोड, मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल सरसावा, स्किल्ड ग्लोबीजेन्स स्कूल सांई धाम बेहट रोड एवं सैंट थोमस गंगोत्री विहार बेहट रोड शामिल है।

## नाबालिग युवती को सकुशल बरामद कर आरोपी को भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना देवबंद पुलिस ने नाबालिग युवती के अपहरण के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

देवबंद कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 15 जुलाई को वादी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जड़ौदा जट्ट के पास बन रहे कस्तूरबा गांधी छात्रावास के पास से विवेचना में प्रकाश में आये आरोपी अरूण पुत्र रामरतन निवासी ग्राम महमूदपुर थाना सदर (गुहाना) जिला सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर मुकदमें वांछित धाराओं की वृद्धि कर आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## जिलाधिकारी ने कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न होने पर सभी को दिया धन्यवाद

### सुरक्षा को अभेद बनाने के लिए आईसीसीसी में कन्ट्रोल रूम बनाकर की गयी मॉनीटरिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के प्रयासों व मार्गदर्शन में कांवड यात्रा सफ्ल, सुरक्षित, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर एक ओर जहां पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली है, वहीं दूसरी ओर कांवड़ यात्रा के दौरान की गई तमाम व्यवस्थाएं कांवड़ियों के साथ आमजनमानस के दिल में एक अमिठ छाप छोड़ने में कामयाब रही। उधर, जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा के सकुशल संपन्न होने पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं, पत्रकारों व शिविर संचालकों का भी आभार जताया है।

गौरतलब है कि सहारनपुर जिला उत्तराखंड हिमाचल, हरियाणा की सीमाओं से सटा हुआ है, जिसके चलते प्रतिवर्ष लाखों की तादाद में कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल व राजस्थान में अपने गन्तव्य पर जाते है। कांवड़ियों की सुविधा के लिए एक ओर जहां विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा कांवड़ शिविर लगाये जाते है, वहीं जिला प्रशासन द्वारा यातायात के साथ ही साथ विद्युत पेजयल, सफाई, चिकित्सा आदि व्यवस्थाएं की जाती है, ताकि शिव भक्तों को अपने गन्तव्य तक जाने के लिए किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के नेतृत्व में आधुनिक आवश्यकताओं को देखते हुए तकनीकी विकास के तहत यात्रा को सकुशल सम्पन्न करवाया गया। इस तकनीकी विकास के अन्तर्गत आईसीसीसी में कम्प्यूटर के माध्यम से 10 विभागों की टीम लगाकर न केवल यातायात व्यवस्था को देखा गया, बल्कि शिवभक्तों की समस्याओं के दृष्टिगत एक टोलफ्री नंबर जारी किया गया। एक व्यवस्थित कन्ट्रेल रूम बनाया गया। साथ ही साथ सुविधाओं की आवश्यकताओं के लिए विभागवार सरल भाषा में विभाग के उत्तरदायित्वों और संबंधित शिकायतों की समस्याओं का निदान क्यू आर कोड जारी कर किया गया।

जिलाधिकारी ने कांवड यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी तथा इसके क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गये। जिस पर स्वयं उन्होने त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत निर्देश दिए। उन्होने जनपदवासियों की सुविधाओं का भी निरंतर ध्यान रखा। इसके लिए लगभग एक माह पूर्व से ही समस्त तैयारियां तथा चरणबद्ध तरीके से लागू होने वाली यातायात व्यवस्था का प्रचार-प्रसार सूचना विभाग के माध्यम से किया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कांवड के निर्धारित रूट के अतिरिक्त अन्य मार्गो की दूरी लगभग 185 किमी को ठीक किया गया। विद्युत विभाग द्वारा 3588 पोल ढकवाए गये। 322 ट्रांसफार्मर को बैरिकेड किया गया। 144 विद्युत लाईन्स की गाड्रिंग कराई गयी तथा 409 विद्युत लाइन की सैगिंग की गयी। चिकित्सा विभाग द्वारा 53 चिकित्सक, 183 पैरामैडिकल स्टाफ 21 चिकित्सा शिविर एवं 19 एम्बुलेंस लगाई गयी। जिला पंचायत द्वारा 28 किमी0 मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था एवं 03 किमी0 मार्ग पर बैरिकेटिंग कराई गयी। नगर निगम द्वारा 46 सफाई नायक एवं सुपरवाईजर, 188 सफाई कर्मी, 18 मोबाईल टायलेट, 12 पानी के टैंकर एवं 40 बोरिंग की व्यवस्था की गयी। अग्निशमन विभाग द्वारा 10 अग्निशमन गाडियों को लगाया गया।सिविल डिफेंस द्वारा 200 वॉलेन्टियरों की तैनाती की गयी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने 250 प्रतिष्ठानों की जांच की।

## छात्र-छात्राओं को दिलायी वन व पर्यावरण संरक्षण की शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद की प्रमुख शिक्षण संस्था श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत वृक्षारोपण कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए वन और पर्यावरण के संरक्षण की शपथ दिलाई।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित स्कूल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि असिस्टेंट फॉरेस्ट कंजरवेटर बी.एस.रावत, रेंजर ऑफिसर वैशाली चौधरी और फॉरेस्टर सोनम का विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कलईशैलवी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेंजर ऑफिसर वैशाली चौधरी ने छात्रों को एक विशेष वेब लिंक की जानकारी देते हुए बताया कि इसके जरिए छात्र एक-एक पौधा लगाकर उसकी तस्वीर साझा कर सकते हैं। यह पहल न केवल उत्तर प्रदेश के वृक्षारोपण अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करती है, बल्कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रदेश का नाम दर्ज कराने की दिशा में भी योगदान देती है। असिस्टेंट फॉरेस्ट कंजरवेटर बी.एस. रावत ने कहा कि सभी छात्र एक-एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाएं और उसकी देखभाल का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि हमारे जीवन की आवश्यकताओं और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के रीजनल इंचार्ज कार्तिक गौर, डीन सागर चोपड़ा, एओ शिवांक, पीटीआई शुभम खुराना, शिक्षिका अलका पुण्डीर, दीप्ति तोमर, पायल शर्मा, तुषार शर्मा, निशिता दास सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## कच्ची शराब की कसीदगी करते एक नशा तस्कर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बड़गांव पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की कसीदगी करते हुए एक आरोपी को दबोचकर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर लिये। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक आलोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव सावंत खेड़ी से एक शातिर नशा तस्कर कुलदीप पुत्र करेशन निवासी ग्राम सांवतखेडी थाना बडगांव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के के कब्जे व निशानदेही पर 160 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब की भट्टी व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर लिये तथा करीब 300 लीटर लहन को मौके पर नष्ट कराया गया। श्री शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ के आबकारी अधिनियम की धारा 60(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## शिव की भक्ति में है जीव का कल्याणः कालेन्द्रानंद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि शिव महापुराण कथा जीव का कल्याण करती है। स्वामी कालेन्द्रानंद महाराज आज यहां देहरादून रोड जमालपुर स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा की पूर्णाहुति पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा जीव को साधना के मार्ग में ले जाती है। शिवजी का चरित्र भक्ति ज्ञान मार्ग का पथ है।

ज्ञान मार्ग के बिना प्रभु की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा शिव ही जीव की मुक्ति का मूल साधन है अर्थात जो जीव अपने जीवन को शिव के चरणों में समर्पित कर देता है, उसकी मोक्ष और मुक्ति निश्चित हो जाती है।

उन्होंने कहा कि शिव का पथ सरल भक्ति का है, जो जीव को आत्म साक्षात्कार कराकर मोक्ष की ओर ले जाता है। इसलिए प्रत्येक जीव को शिव की शरणागति होकर उनका जप व ध्यान करना चाहिए।



उन्होंने सभी भक्तों को अपना जीवन जनकल्याण में समर्पित करने का आह्वान किया और शिव का कोई भी छोटा बड़ा मंत्र जनकल्याण में जाप करने की अपील की।

उन्होंने कहा शिव ही जगत का मूल तत्व है शिव ही आत्म तत्व है और शिव ही परमात्मा है आत्मा और परमात्मा के मिलन में शिव की भक्ति अति आवश्यक है।

इससे पूर्व शिव महापुराण कथा में मुख्य यजमान सुरेश गुप्ता, संजय सैनी, सुरेश पाल कश्यप ने व्यास पीठ का पूजन करवाया। इस अवसर पर सुखबीर कश्यप, सागर गुप्ता, नीरज कश्यप, रमेश गुप्ता, मांगेराम कश्यप, शिव कश्यप, सीताराम कश्यप, अंजलि, साक्षी, पूनम, गीता, राखी, बबीता आदि मौजूद रहे।

# विद्युत निजीकरण कर ढिबरी युग में जनता को धकेल रही सरकार : आसिफ खान

**विद्युत निजीकरण के विरोध में राष्ट्रपति को पीस पार्टी ने भेजा ज्ञापन**

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** विद्युत निजीकरण के विरोध में लगातार पीस पार्टी लामबंद और मुखर है, इसी को लेकर जिलाध्यक्ष डा मु.आसिफ खान के नेतृत्व में राष्ट्पति को संबोधित छह सूत्री मांग पर जिला प्रशासन को सौंपा गया। पीस पार्टी के निजीकरण को ढिबरी युग में धकेलने की कवायद बताते हुए कलेक्ट्रेट तिराहे पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया और निजीकरण वापस लो वापस लो के माध्यम से आवाज उठाई।

पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. आसिफ खान ने कहाकि मोदी सरकार केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुचाने में लगी है और इसलिए सरकार की सभी इकाइयों को निजीकरण करके व्यवस्थाओं को गर्त में ढकलने का काम कर रही है। निजीकरण होने से बिजली महंगी हो जाएगी और गरीब वर्ग फिर से ढिबरी युग जीने को विवश हो जायेगा। जनता हित में इस निजीकरण का पीस पार्टी विरोध करती रहेगी। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार तुरंत इस निजीकरण के प्रस्ताव को वापस ले। राज्य सरकारों को निर्देशित किया जाए कि वे बिजली कंपनियों के बकाया का भुगतान करें विशेषकर उत्तर प्रदेश सरकार का 14,400 करोड़ रुपया।

भारत सरकार अपने वित्तीय घाटे की भरपाई के लिए बिजली जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपना चाहती है जो की जनहित के विपरीत है, यदि सरकार वाकई घाटे की भरपाई करना चाहती है तो उसे निजीकरण की बजाय उत्तर प्रदेश सरकार से 14,400 करोड़ रुपये के बकाया की वसूली करनी चाहिए जो कि बिजली कंपनियों को भुगतान नहीं किया गया है।

जिलाध्यक्ष श्री खान ने बिजली क्षेत्र में सुधार लाने के लिए तकनीकी और प्रबंधन सुधार किए जाने पर जोर दिया न कि निजीकरण कर महंगाई की दोहरी मार देना चाहिए। बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों की नौकरी और सेवाओं की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की बात कहीं। कोषाध्यक्ष सुफियान अहमद ने कहाकि बिजली के निजीकरण से आम उपभोक्ताओं पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ेगा क्योंकि निजी कंपनियाँ मुनाफे के लिए बिजली की दरों में मनमाना इजाफा करेंगी, इस कदम से बिजली कर्मचारियों की नौकरियाँ खतरे में पड़ जाएंगी और उनके भविष्य को लेकर असुरक्षा की स्थिति बनी रहेगी, पूर्वांचल में उत्तर प्रदेश की सबसे गरीब जनता निवास करती है।

दक्षिणांचल के बुंदेलखंड क्षेत्र में भी अत्यंत गरीब लोग रहते हैं जहां पीने के पानी की गंभीर समस्या है। बिजली के निजीकरण के बाद यदि उपभोक्ताओं की सब्सिडी समाप्त की जाती है तो उन्हें 10 से 12 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदनी पड़ेगी जो उनके लिए वहन करना असंभव होगा। परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश की गरीब जनता को लालटेन युग में वापस धकेला जा रहा है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र लेदौरा को कृषि प्रसार के क्षेत्र में मिला आउट स्टैंडिंग अवार्ड

**आजमगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, लेदौरा, को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ के 36वें स्थापना दिवस समारोह में कृषि विज्ञान केंद्र, लेदौरा को कृषि प्रसार के क्षेत्र में आउटस्टैंडिंग पुरस्कार के लिए श्रीयुत सूर्य प्रताप शाही मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा एल सी वर्मा द्वारा केवीके के क्रियाकलापों प्रस्तुतीकरण किया गया। केन्द्र के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुये कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, लेदौरा अपने लक्ष्य के प्रति दिन प्रतिदिन अग्रसर है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा संजय सिंह, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति डॉ एके सिंह, मा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान श्री दिनेश सिंह, मा राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान श्री बलदेव सिंह औलख एवं प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र कुमार के गौरवशाही उपस्थिति में सम्मान दिया गया।

# खाद्य विभाग की टीम ने छापामारी कर भरे नमूने जांच के लिए भेजे गये प्रयोगशाला

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन।** आयुक्त महोदय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उ0प्र0 व जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेत्वृत में जनपद की तहसीलों में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो विशेषकर मिलावटी दूध एवं दुग्ध पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर छापामार कर कार्यवाही करते हुये उरई नगर पालिका में राठ रोड़ पर दूध लेकर जा रहें उपदेश कुमार से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना, अजय पाल यादव से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना, अजनारी रोड़ उरई मे स्थित श्री कृष्णा दूध डेयरी प्रो0 वीर सिंह यादव की डेयरी से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना, राजमार्ग उरई पर स्थित अजय कुमार चावला के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना, मेडीकल चैराहा स्थित अमर सिंह पुत्र श्री शम्भूदयाल से मिश्रित दूध का नमूना, कुकरगॉव पर देवेन्द्र कुमार से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध, भान सिंह से खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना, जितेन्द्र कुमार से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध, जालौन तहसील के जालौन से रामसिया के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ गाय का दूध व पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। उक्त नमूनों को जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है।

जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम के द्वारा जनपद के स्थानीय बाजारों के निरन्तर निरीक्षण किये जा रहे है व यह अभी आगे भी जारी रहेंगें।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ0 जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार संखवार, सुनील कुमार, कन्हैया लाल यादव, महेश प्रसाद मौजूद रहें।

# 351 सरकारी स्कूलों को बंद/मर्जर करने के विरोध मे विकास राजपूत ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा फर्रुखाबाद जिले के 351 प्राथमिक सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय पर अब राजनीतिक और सामाजिक विरोध खुलकर सामने आने लगा है। भाजपा नेता और समाजसेवी विकास राजपूत ने इस फैसले को गरीब और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के साथ सीधा अन्याय बताते हुए, सरकार से विनम्र अपील की है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए।

विकास राजपूत ने कहा कि सरकारी स्कूल कोई साधारण भवन नहीं होते, ये गांव के बच्चों के सपनों की शुरुआत होते हैं। इन्हें बंद करना केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि उनके भविष्य को अंधकार में धकेलना है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे पार्टी के अनुशासन में रहते हुए भी बच्चों के अधिकारों के लिए आवाज उठाते रहेंगे। विकास राजपूत ने कहा कि उनकी मंशा सरकार से टकराव की नहीं, बल्कि संवाद और समाधान की है। उनका कहना है। मैं सरकार से हाथ जोड़कर अनुरोध करता हूँ – कृपया इन स्कूलों को बंद करने के फैसले को वापस लें। इन स्कूलों को और बेहतर बनाएं, सुविधाएं बढ़ाएं, ताकि बच्चों की संख्या भी बढ़े और गुणवत्ता भी।÷

राजपूत ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही निर्णय वापस नहीं लिया, तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। लेकिन उन्होंने दोहराया कि वे संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं और पहले विनम्र अपील और संवाद का मार्ग अपनाना चाहते हैं। मैं चाहता हूँ कि सरकार जनभावनाओं को समझे। अब सवाल ये है कि क्या सरकार इस विनम्र लेकिन दृढ़ अपील को सुनेगी? क्या शिक्षा के अधिकार को बचाने की इस लड़ाई में आमजन भी जुड़ेंगे? या फिर बच्चों के सपने आंकड़ों की भेंट चढ़ जाएंगे? सरकार के लिए यह अवसर है – बच्चों का भविष्य संवारने का, न कि बंद करने का।

## सपा नेता कमल हसन ने गठित की बूथ कमेटियाँ मनोनीत पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

आजम खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** सपा जिला सचिव/स.मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने जानकारी देते हुए बताया कि समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष श्री कमल हसन ने अपने प्रभार बाले सेक्टर संख्या 22 (बीबीगंज) की सभी बूथ कमेटियों का गठन करके सूची समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रपाल सिंह यादव एंव जिला महासचिव श्री इलियास मंसूरी को सौंप दी।

जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रपाल सिंह यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनती और जमीन से जुड़ा पदाधिकारी ही बूथ-कमेटियों का गठन कर पाता है, साथ ही उन्होंने जिला महासचिव श्री इलियास मंसूरी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सेक्टर प्रभारी पदाधिकारियों से यथाशीघ्र बूथ कमेटियों की सूची जमा कराने का आदेश जारी किया जाए। जिला महासचिव श्री इलियास मंसूरी ने बताया कि सभी गठित बूथ कमेटियों को जिला कार्यालय पर क्रॉशचेक करके बेरीफाई किया जाता है, कार्य सन्तोष-जनक होने पर ही उस सूची को सम्मलित किया है, सभी सेक्टर प्रभारी यथाशीघ्र अपनी बूथ कमेटियां गठित कर सूची जिला कार्यालय पर उपलब्ध कराएँ। साथ ही इस मौके पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष श्री साज़िद अली खान ने संगठन का विस्तार करते हुए आदिल खान को जिला उपाध्यक्ष एंव अनस खान को सदर विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

# जिलाधिकारी द्वारा किसान केन्द्र नवाबगंज मोहम्मदाबाद व जाजपुर बंजारा का निरीक्षण किया गया

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा कृषि विभाग के मल्टीपरपज सीड स्टोर(किसान कल्याण केन्द्र) नवाबगंज एवं मोहम्मदाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उप कृषि निदेशक अरविन्द मिश्र एवं जिला कृषि अधिकारी बी0के0 सिंह तथा किसान कल्याण केन्द्र की कार्यदायी संस्था सिडको के सहायक अभियन्ता उपस्थित रहे।

नवाबगंज में निर्मित किसान कल्याण केंद्र के कार्य की गुणवत्ता ठीक थी किन्तु दूसरी मंजिल पर ब्रिकोवा का कार्य सही ढंग से न किये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी प्रकट की गई एवं कार्यदायी संस्था को इसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया गया। मोहम्मदाबाद में जाजपुर बंजारा राजकीय कृषि प्रक्षेत्र पर स्थित किसान कल्याण केन्द्र का निर्माण कार्य निरीक्षण के समय बंद मिला।जिलाधिकारी को कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यालय से दोनो किसान कल्याण केन्द्रों की धनराशि दो से तीन दिन के अन्दर प्राप्त होने पर दो माह के अन्दर कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। राजकीय कृषि प्रक्षेत्र पर जिलाधिकारी द्वारा धान की फसल का निरीक्षण किया गया एवं प्रक्षेत्र पर कराये गये सागौन, आवंला, अमरूद एवं बेल के पौधों का भी निरीक्षण किया गया तथा जिला कृषि अधिकारी को और पौधों के रोपण का निर्देश दिया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र जाजपुर बंजारा पर उद्यान विभाग द्वारा निर्मित हाईटेक पॉली हाऊस/नर्सरी आंधी में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने पर जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्यान अधिकारी को तुरन्त सही कराकर के0वी0के0 को हस्तगत कराने का निर्देश दिया गया।

# विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह आयोजित

अवधनामा संवाददाता


**शिक्षा हासिल करने के लिये छात्र छात्रायें अग्रसर रहे : विधायक**

**उरई (जालौन)।** समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति कालपी के तत्वावधान में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह - 2025 का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विधालयो के प्रतिभावान एवं जरूरतमंद छात्र छात्राओं का पुस्तके बांटी गयी। पुस्तकें पाकर विधार्थियों के चेहरे खिल उठे।

खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र कालपी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिथि के तौर पर पधारे क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि बिना शिक्षा के कोई भी राष्ट्र एवं समाज तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए तरक्की तथा खुशहाली के लिए शिक्षा जरूरी है। उन्होंने नारी शिक्षा पर ज़ोर दिया। उन्होंने निःशुल्क पुस्तक वितरण करने पर संस्था के सदस्यों तथा समाजसेवियों की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र वर्मा ने कहा कि कोई भी बालक बालिका किताबों की समस्या की वजह से शिक्षा से वंचित न रह सके। इसके लिए संस्था बीते 10 वर्षो से छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तकें वितरण किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि शिक्षा ऐसी चीज है जो बांटी नहीं जा सकती। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला,पूर्व विधायक अरुण मेहरोत्रा, मनोज चतुर्वेदी,शिव बालक सिंह यादव, प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य शिशुपाल सिंह गोयल, प्रधानाचार्य सुशील कुमार, रमेश मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, पुरुषोत्तम गहोई, लालू श्रीवास, अशोक परिवार संजय सविता प्रेस क्लब कालपी के तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी प्रदीप गांधी, डब्बू श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता एडवोकेट, कौशलेंद्र सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता की

जया उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने 25 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने कार्यालय में सोमवार को सुनवाई की। उनके द्वारा प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। उन्होंने अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर बिंदुवार जानकारी ली। प्रदेश के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के उपरांत, सुनवाई की नियत तिथि 21 जुलाई को केवल 25 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इन राजनीतिक दलों ने पिछले छ- वर्षों के दौरान कोई भी निर्वाचन नहीं लड़ा है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से उक्त दलों के अध्यक्षों एवं महासचिवों को अपना प्रत्यावेदन, शपथपत्र (हलफनामा) एवं आवश्यक अभिलेखों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, कार्यालय में जमा करने एवं सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये गए थे। उन्होंने बताया कि 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से 94 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्यावेदन/सुनवाई में अनुपस्थित रहे। सुनवाई में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में आदर्श लोकदल फतेहपुर, आदर्श मानवतावादी पार्टी लखनऊ, आदर्श व्यवस्था पार्टी देवरिया, अखिल भारतीय राष्ट्रीय परिवार पार्टी वाराणसी, अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी लखनऊ, अखिल राष्ट्रवादी पार्टी कासगंज, आजाद भारत पार्टी (यूनाइटेड) वाराणसी, बहुजन विजय पार्टी गोरखपुर, देशहित पार्टी देवरिया, इंडिया राइजिंग पार्टी कन्नौज, जन विकासपार्टी लखनऊ, कठोर शासन पार्टी बिजनौर, नवजन क्रांति पार्टी वाराणसी, गांधी एकता पार्टी वाराणसी, शांति मोर्चा गाजियाबाद, राष्ट्रवादी प्रताप सेना हापुड़, भारतीय संगठित पार्टी (एस.) गाजियाबाद एवं देशभक्त निर्माण पार्टी जनपद मऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष/महासचिव उपस्थित रहे।

## सांसद ने रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया

**आजमगढ।** समाजवादी पार्टी के नेता, लोक लेखा समिति भारत के सदस्य, सांसद धर्मेंद्र यादव आज अपने संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ के लिए रेल सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए लोकसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन ही नियम 377 के द्वारा रेल मंत्री भारत सरकार से अनुरोध किये। उन्होंने कहा कि मैं रेल मंत्री भारत सरकार को विशेष रूप से आजमगढ़ मुंबई रेल मार्ग की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित करना चाह रहा हूं। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ 46 लाख आबादी वाला कमिश्नरी मुख्यालय है जो लगभग उद्योग शून्य क्षेत्र है। यहां के लोग रोजगार के लिए मुंबई से महानगरों की ओर पलायित होते हैं। जबकि आजमगढ़ 'ए' श्रेणी का रेलवे स्टेशन है।

## डीएम द्वारा देवी अहिल्याबाई एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया

**अता उल्लाह खान संवाददाता, फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा देवी अहिल्याबाई एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा मानसिक मंदित एवं दिव्यांगजनो हेतु ढिलावल में संचालित आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया,जिलाधिकारी द्वारा मानसिक मंदित बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में संचालक से जानकारी प्राप्त की गई । इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों ने जिलाधिकारी को एक भजन भी गा कर सुनाया गया, जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोवेशन अधिकारी व संस्था अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का अच्छे से ध्यान रखा जाये व उनको आवश्यक सुबिधायें उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर जिला प्रोवेशन अधिकारी अनिल चंद्रा व संवंधित उपस्थिति रहे।

## विश्व हिंदू परिषद् ने चंदशेखर आजाद की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को किया याद

**उरई (जालौन)।** चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शहीद पार्क चौकी परिसर में जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करउन्हें याद किया। देश पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद की जयंती पर देर शाम को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता को उनकी आखिरकार याद आ गई , देश को आजाद करने में अपनी जान देने वाले शहीद पूरे दिन एक पुष्प के लिए तरसते नजर आए ,तो देर शाम विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, आदि कार्यकर्ताओं ने पुलिस चौकी के पास स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में स्थित चंद्रशेखर की प्रतिमा पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके त्याग बलिदान को याद किया।

# गोकशी के शातिर हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध हुई गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** थाना बरला पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना पर गोकशी में वांछित 9 अभियुक्तगण 1.आदिल पुत्र मैंहदी हसन उर्फ बड़े नि0 पिलखना थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ उम्र 29 वर्ष, 2.मेंहदी हसन पुत्र बुन्दा खाँ नि0 पिलखना थाना बरला जनपद अलीगढ़ उम्र 55 वर्ष, 3.मेहरूउददीन पुत्र रहमान खाँ निवासी सतरापुर थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 40 वर्ष, 4.फिरोज पुत्र रज्जूखाँ निवासी सतरापुर थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 45 वर्ष, 5.साहिल पुत्र शमशेर खाँ निवासी नगला बादशाह थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 42 वर्ष, 6. इसरार पुत्र यामीन खाँ निवासी निवासी नगला बादशाह थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ उम्र 34 वर्ष, 7. मुसीर पुत्र बुन्दा खाँ उम्र 30 वर्ष निवासी पिलखना थाना बरला जनपद अलीगढ़, 8. मुहीद पुत्र बुन्दा खाँ उम्र 34 वर्ष नि0 पिलखना थाना बरला जनपद अलीगढ़, 9.मुफीद पुत्र बुन्दा खाँ उम्र 38 वर्ष निवासी पिलखना थाना बरला जनपद अलीगढ़ व महिला अभियुक्ता 10.आसमा पत्नी मुहीद उम्र 27 वर्ष नि0 पिलखना थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ को अकराबाद व बरला के बॉर्डर पर काली नदी के पुल से गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा दिनांक 04.01.2025 को थाना बरला क्षेत्रांतर्गत कस्बा पिलखना स्थित दुकान में गोमांस काटकर बिक्री हेतु एक स्विफ्ट कार से लेकर जा रहे थे। तभी पुलिस टीमों ने चेकिंग के दौरान बरला मोड़ पर उपरोक्त अभियुक्तों से गोमांश बरामद किया गया था एवं जिसके सम्बन्ध में थाना बरला पर मु0अ0सं0- 04/25 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधि व 3(5) बीएनएस बनाम 18 नफर पंजीकृत किया गया था एवं 04 अभियुक्तों को उसी समय गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । एवं गोकशी के अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से अर्जित पिलखना स्थित सम्पत्ति कीमत करीब दो करोड़ बीस लाख व स्विफ्ट कार को पूर्व में ही धारा 14(1) के तहत जब्त किया गया है।

## सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना पड़ा भारी, पहुँचा हवालात

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु दिये गये आदेश निर्देशों के क्रम में थाना गोरई पुलिस टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल फोटो की जाँचकर ग्राम सुदामा बाँस से आगे जे0एस स्कूल से आगे कचराघर के पास से अभियुक्त कमल पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी सुदामा का बांस थाना गोरई जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त कमल उपरोक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0सं0 35/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त द्वारा असलाह के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर आम जन मानस में भय उत्पन्न किया गया था।


## उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.

पत्रांक : 446/यूपीआरएनएसएस/अधि.अभि./अयो./2025-26 दिनांक : 24.07.2025

**(यूपीआरएनएसएस)**
**राजकीय निर्माण एजेन्सी**
**ई-निविदा सूचना**

उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (यूपीआरएनएसएस) द्वारा जनपद अयोध्या में निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित बिड डाक्यूमेन्ट नियम/शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | टेण्डर नोटिस सं. | निविदा अपलोड करने की तिथि | जनपद का नाम | कार्य का नाम | निविदा की लागत लाख में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 233/UPRNSS/S.E./E-TENDER/25-26 DT. 24-07-25 | 26.07.25 | अयोध्या | सहकारी प्रबन्ध प्रशिक्षण केन्द्र तुलसीनगर, अयोध्या का नवीनीकरण/सुदृढ़ीकरण कार्य | 599.61 |
| 2. | 234/UPRNSS/S.E./E-TENDER/25-26 DT. 24-07-25 | 26.07.25 | अयोध्या | जनपद अयोध्या में नवीन ममता राजकीय मानसिक मंदित विद्यालय (आवासीय) के भवन का निर्माण कार्य। | 740.36 |

**अधिशाषी अभियन्ता**
**यूपीआरएनएसएस**
**निर्माण प्रखण्ड अयोध्या**

# कलेक्ट्रेट-तहसीलों के कायाकल्प पर ISO की मुहर

## मुख्यमंत्री योगी ने जिलाधिकारी को सौंपा ISO प्रमाणपत्र



यह केवल कलेक्ट्रेट नहीं, संपूर्ण जिला प्रशासन की सामूहिक सफलता है। इससे न केवल कार्य का वातावरण सुसंगत हुआ है, बल्कि कार्य दक्षता और जनसंपर्क दोनों में सकारात्मक सुधार हुआ है। उनका कहना था कि भविष्य में जिले के सभी विभागीय कार्यालयों को इसी तर्ज पर उन्नत कर ISO प्रमाणन दिलाया जायेगा।

**संतोष कुमार शर्मा, जिलाधिकारी महराजगंज**

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** (अवधनामा संवाददाता) प्रदेश के प्रशासनिक सुधारों में महराजगंज जनपद ने एक नई मिसाल पेश की है। कलेक्ट्रेट व तहसील कार्यालयों के समग्र आधुनिकीकरण, कार्य प्रणाली में पारदर्शिता और जनसुविधाओं के अभूतपूर्व विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा को द्वस्ह प्रमाणपत्र प्रदान किया। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित प्रशासनिक संरचना और नवाचारपूर्ण कार्य प्रणाली के लिए दिया गया है।

जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद प्रशासन ने कलेक्ट्रेट और समस्त तहसीलों को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (ISO) के मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में व्यापक कार्य किया। इस क्रम में गुरुग्राम की प्रमाणन संस्था शान्वी मैनेजमेंट द्वारा सबसे पहले कार्यालयों की कार्यप्रणाली का गैप एनालिसिस कराया गया। इसके बाद मिली खामियों को दूर कर कार्यस्थल पर बुनियादी संरचना से लेकर तकनीकी दक्षता तक सभी पहलुओं पर कार्य किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर और तहसीलों में कार्यालयों के लेआउट को सुव्यवस्थित किया गया, दीवारों पर जागरूकता पेंटिंग कराई गईं और हर कार्यालय की पहचान के लिए कक्ष संख्या के साथ सूची प्रदर्शित की गई।

कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू कर दी गई, जिससे फाइलों की गति और निगरानी में पारदर्शिता आई। कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर आधुनिक कार्य प्रणाली से जोड़ा गया और सभी को पहचान पत्र भी जारी किए गए। पेयजल व्यवस्था को बेहतर किया गया, शिकायत निवारण व फीडबैक सिस्टम लागू किया गया तथा परिसर में साफ-सफाई और सुंदरता का विशेष ध्यान रखा गया। दिव्यांगजनों के लिए रैंप और सहायक उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। वहीं महिला कर्मियों और आगंतुकों के लिए क्रेच (शिशु सदन) की सुविधा शुरू की गई। आधुनिक शौचालय, प्रतीक्षालय और स्वागत कक्ष की स्थापना से भी कार्यालयों का माहौल पूरी तरह बदला।

शान्वी मैनेजमेंट के प्रतिनिधि आजाद सिंह ने बताया कि ISO प्रमाणन की प्रक्रिया में सभी कार्यालयों का थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराया गया, जिसमें जनपद महराजगंज की तैयारी ने मानक से ऊपर प्रदर्शन किया।

### रामनगरी में समाजवादी पार्टी का पीडीए महासम्मेलन 26 जुलाई को

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की ओर से आगामी 26 जुलाई को अयोध्या के फॉर एवर लॉन में प्रस्तावित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज प्रेस क्लब में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने की।बैठक को संबोधित करते हुए सरोज यादव ने कहा कि यह महासम्मेलन ऐतिहासिक होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिन हजारों लोग संविधान स्तंभ मान की शपथ लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन डबल इंजन सरकार को जवाब देने का मंच बनेगा। उन्होंने कहा, जिस तरह से जनता ने आपको सत्ता सौंपी है, उसी तरह उतार भी सकती है। सरकार शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है, स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है, रसोइयों की नौकरियां छीनी जा रही हैं, युवाओं को बेरोजगार किया जा रहा है और आम जनता की सुरक्षा, स्वास्थ्य और व्यवस्था पर लगातार प्रहार हो रहा है।

# वित्तविहीन मान्यता योजना अब शिक्षा के क्षेत्र में बना भ्रष्टाचार का अड्डा

- फीस और संसाधनों के नाम पर प्रतिवर्ष करोड़ों हजम कर रहे स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य
- वित्तविहीन योजना की आड़ में माध्यमिक विद्यालयों में गोरखधंधा




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राज्य सरकार द्वारा निजी विद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही वित्तविहीन मान्यता योजना अब शिक्षा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार का अड्डा बनती जा रही है। माध्यमिक स्तर के कई विद्यालयों में प्रबंधक और प्रधानाचार्य इस योजना की आड़ में शिक्षा के नाम पर करोड़ों रुपये की अवैध वसूली कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विद्यालयों को विज्ञान, कृषि और मानविकी वर्ग की वित्तविहीन मान्यता मिलने के बाद छात्र-छात्राओं से प्रति माह ?500 से ?1200 तक शुल्क वसूला जा रहा है। जबकि इन विद्यालयों में अध्यापन कार्य उन्हीं शिक्षकों से कराया जा रहा है जो पहले से ही सरकारी वेतन पा रहे हैं। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए शुरू की गई योजना अब भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है। विद्यालयों में न तो योग्य शिक्षक हैं, न ही आवश्यक प्रयोगशालाएं और संसाधन। इसके बावजूद अभिभावकों से मोटी फीस वसूली जा रही है और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह योजना उन विद्यालयों के लिए है जो बिना सरकारी अनुदान के संचालित होते हैं। इन विद्यालयों को मान्यता प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा तय मानकों को पूरा करना होता है। इन्हें अपने शिक्षक, स्टाफ, भवन, संसाधन और वेतन का खर्च स्वयं वहन करना होता है। योजना के तहत विद्यालय को केवल मान्यता दी जाती है, आर्थिक सहायता नहीं। जब इस गोरखधंधे की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार से ली गई तो उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा मुझे इन विद्यालयों में इस प्रकार के अवैध कार्यों की जानकारी नहीं थी। तत्काल प्रभाव से सभी वित्तविहीन विद्यालयों को निर्देश दिए जाएंगे कि किसी भी सरकारी वेतन पाने वाले शिक्षक से वित्तविहीन कक्षाओं में शिक्षण कार्य न लिया जाए। केवल योग्य शिक्षकों की ही नियुक्ति हो और उन्हें उचित मानदेय दिया जाए। नियमों की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है। शिक्षा व्यवस्था में बढ़ रही इस गड़बड़ी को लेकर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों में रोष है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सदर तहसील, सरकार की साख पर लग रहा दाग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों और




जीरो टॉलरेंस की नीति के बावजूद भी राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले की सदर तहसील में तो मानो रिश्वतखोरी और दलालशाही का ऐसा बोलबाला है कि आम जनता का छोटा-सा काम भी सुविधा शुल्क के बिना नहीं हो पा रहा। अब तक जिले में आधा दर्जन से अधिक लेखपालों और अधिकारियों के खिलाफ घूसखोरी के मामलों में निलंबन व गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन सुधार के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति हो रही है।द्व विगत तहसील दिवस का हाल इस व्यवस्था की पोल खोलता है, जब सौ से अधिक शिकायतों में से मात्र पांच मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। इससे अधिकारियों की कार्यशैली और जनता के प्रति उनके रवैये पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। सदर तहसील में दाखिल खारिज जैसे सीधे-साधे मामलों में भी हजारों की वसूली के बिना आदेश पारित नहीं हो रहे हैं। आरोप है कि वहां कार्यरत लेखपाल और कानूनगो मौके की जांच और बयान के नाम पर आम नागरिकों को महीनों दौड़ाते हैं। जमीन से जुड़े मामलों में दलालों का पूरा गिरोह सक्रिय हो गया है, जो खुलेआम अवैध कब्जों से लेकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे बड़े सौदे करा रहे हैं।

**राम मंदिर के बाद जमीनों की मांग, बढ़ा भ्रष्टाचार**

सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद अयोध्या में जमीनों की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। इस बढ़ती मांग ने तहसील के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 'कमाई का सीजन' बना दिया है। शिकायतें हैं कि जमीन की खरीद-फरोख्त, दाखिल-खारिज और कब्जेदारी से जुड़े मामलों में 5000 से 40,000 प्रति विस्वा तक की रिश्वत खुलेआम ली जा रही है।

**बाग विजेशी मामला बना मिसाल, फिर भी नहीं सुधरे हालात**

हाल ही में सामने आए बाग विजेशी प्रकरण में फर्जी पत्र के आधार पर बड़ी रकम लेकर सरकारी भूमि की दाखिल-खारिज कर दी गई। मामले का संज्ञान लेकर आदेश तो निरस्त कर दिया गया और एफआईआर भी हुई, लेकिन कार्रवाई आज भी ठंडे बस्ते में पड़ी है।

**शिकायतों पर नहीं हो रहा कोई ठोस एक्शन**

राजस्व विभाग की इस कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर एक पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने खुलकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि अधिकारियों-कर्मचारियों की इस लापरवाही और रिश्वतखोरी ने योगी सरकार की छवि को धूमिल कर दिया है।

# मोहल्ला स्वच्छता समिति का गठन: देवकाली वार्ड




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या की टीम स्वच्छ भारत अभियान द्वारा वार्डो को आत्मनिर्भर वार्ड बनाने हेतु वार्डो मे स्वच्छता की समितियों का गठन किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया ल जिसमें गीले कूडे सूखे कूडे और अन्य कूडे के बारे मे जानकारी दी गई और अयोध्या को नंबर 1 बनाने के लिए स्वच्छता सपथ भी दिलाया गया देवकाली वार्ड में मोहल्ला स्वच्छता समिति के गठन कराया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीं कमल कुमार मुख्य सफाई और खाद्य निरीक्षक द्वारा लोगों को जागरुक किया गया द्य देवी प्रसाद शुक्ला सफाई और खाद्य निरीक्षक द्वारा घरों मे होम कंपोस्ट के बारे मे और पालीथीन प्रतिबंधित हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम मे सहयोगी संस्था द्धञ्ञष्ट कंपनी और श्रीमती गीता मौर्या सफाई और खाद्य निरीक्षक, स्वच्छ भारत मिशन टीम के सूर्य प्रताप सिंह स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक, सौरभ यादव, ऋषि सिंह, अभिषेक यादव, आनंद सिंह मौजूद रहे।

# प्लास्टिक पर कागज़ी पाबंदी, बाजारों में फिर लौट आई पॉलीथीन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्लास्टिक मुक्त भारत का नारा एक बार फिर केवल कागज़ों तक सीमित रह गया है। सावन मास की भीड़ और बाजारों में बढ़ती खरीदारी के बीच नगर निगम के तमाम दावों के बावजूद अयोध्या के बाजारों में पॉलीथीन थैलियों की वापसी हो चुकी है। प्रतिबंध के बावजूद दुकानदार बेधड़क पॉलिथीन थैलियों में सामान पैक कर ग्राहकों को दे रहे हैं।

**रामपथ से लेकर रिकाबगंज तक बिखरी पॉलीथीन**

शहर के रामपथ, रिकाबगंज, नयाघाट, कपड़ा बाजार, सब्जी मंडी और स्टेशन रोड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में हर ओर पॉलीथीन थैलियों का प्रयोग खुलेआम हो रहा है। सावन के इस धार्मिक माह में जब कांवड़ यात्री और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, तब दुकानदार इसका फायदा उठाकर फिर से प्रतिबंधित थैलियों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं।प्रशासन की ओर से समय-समय




पर अभियान चलाए जाते हैं, जुर्माने भी लगाए जाते हैं, पर नतीजा शून्य ही साबित होता है। बाजारों में पॉलीथीन थैलियों की उपलब्धता यह साफ दर्शाती है कि नगर निगम का नियंत्रण कमजोर है और कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित है।

दुकानदार बोले - ग्राहक ही मांगते हैं पॉलीथीन

स्थानीय दुकानदार ने बताया कि विकल्प के तौर पर मिलने वाले कागज या कपड़े के थैले महंगे हैं, जिससे ग्राहकों को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है। ऐसे में अधिकतर ग्राहक सस्ता और सुविधाजनक विकल्प यानी पॉलीथीन की मांग करते हैं। कुछ जागरूक ग्राहक जरूर अपने साथ थैला लाते हैं लेकिन उनकी संख्या बहुत कम है।

लोगों का मानना है कि अगर वास्तव में पॉलीथीन पर रोक लगानी है, तो शुरुआत थोक व्यापारियों से करनी होगी। बाहर से आने वाली पॉलीथीन पर रोक और कारखानों को बंद किए बिना यह अभियान सफल नहीं हो सकता। साथ ही छोटे दुकानदारों को सस्ते और टिकाऊ विकल्प मुहैया कराना होगा।

# टेंट व्यापारी कैफ़ी को प्रदेश अध्यक्ष ने किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बड़ेल स्थित वर्मा टेंट मैन्युफैक्चरर्स कंपनी के नवीन प्रतिष्ठान के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिष्ठान के मालिक आशीष वर्मा द्वारा जिले भर के टेंट व्यपारियों को सम्मान दिया गया, इस बैठक में जिले की टेंट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम को महामंत्री कैफ़ी रिज़्वी द्वार संचलित किया गया। मुख्य अतिथि विजय वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ) का स्वागत आशीष वर्मा द्वार टेंट व्यापारी कैफ़ी रिज़्वी को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर किया गया। जिले के व्यापारियो में प्रदीप सिंह बब्बू, जमील बब्बन, ताज बाबू, ऋषि जयसवाल, विजय यादव, रामचन्द्रयादव, अमित जयसवाल, जियाउलहक, महेश निगम,संजय आर्य, दीपू विश्वकर्मा, भक्तपाल सिंह, मो.जुबैर, मो.हसीब, आशिक अली, आनंद यादव, श्रीकांत वर्मा, उमेश कुमार एवं अखिलेश श्रीवास्तव (संरक्षक बिटीवीए)एवं बड़ी संख्या व्यापरी उपस्थित रहे। सभी व्यापारियों को सम्मानित कर आशीष वर्मा (वर्मा टेंट कंपनी) ने बाराबंकी जिले में व्यापारियों का मान बढ़ाया इसके लिए बाराबंकी टेंट एसोसिएशन ने आशीष का आभार प्रकट किया।

# अरविन्द हत्याकाण्ड का पुलिस ने किया खुलासा, दओ हत्यारोपी गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से आलाकत्ल तार व एक बाइक बरामद किया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्वाट/सर्विलांस व थाना घुंघटेर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अरविन्द हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुवे 2 हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से आलाकत्ल तार व घटना के वक्त इस्तिमाल की गई एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मृतक की माता प्रसाद गौतम पुत्र स्व0 बेंचालाल निवासी ग्राम व पोस्ट बजगहनी थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी ने थाना घुंघटेर पर तहरीर दिया कि करीब 25 वर्ष पूर्व अरविन्द लोध पुत्र स्व0 रामपाल को जे.जे.एम रोड लखनऊ से अपने साथ लाया था और अरविन्द उनके घर में परिवारिक सदस्य के रूप में रहकर खेत की रखवाली करता था। अरविन्द प्रतिदिन की तरह गांव के बाहर खेत की रखवाली करने गया था और दिनांक 21 जुलाई 2025 की सुबह वादी की पुत्री जब खेत गयी तो अरविन्द मृत अवस्था में मिला, जिसके गले में चोट का निशान था।



जिसके बाद एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये दो टीमों का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के आदेश दिये। टीम की मेहनत रंग लाई मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा की मदद से गुरुवार को अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र जानकी प्रसाद व बृजेश कुमार पुत्र मैकूलाल निवासीगण बजगहनी थाना घुंघटेर को जमुआ पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उसके कब्जे से आलाकत्ल एक बण्डल एल्युमीनियम तार व घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटर साइकिल यूपी 32 ईयू 0928 बरामद किया। पुलिस द्वारा हत्यारोपियों से पूछताछ पर पता चला कि गिरफ्तार अभियुक्त संतोष राजगीर का काम करता है और अभियुक्त बृजेश उसके साथ लेबर का काम करता है। अभियुक्त संतोष 18 जुलाई 2025 को वादी के घर पानी लेने गया था जहां पर मृतक और अपनी चाची को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। तभी से संतोष ने अरविंद को मारने हेतु योजना बनाने लगा था। मौका मिलते ही 20 21 जून 2025 की रात्रि को योजनाबद्ध तरीके से अभियुक्त संतोष अपने साथी/अभियुक्त बृजेश के साथ मिलकर रैंगवा पुल के पास वादी के खेत में बने छप्पर में सो रहे वादी के मुंह बोले भाई अरविन्द की एल्युमीनियम तार से गला कस कर हत्या कर दिया।

### ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर विद्युत चोरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**मिल्कीपुर।** विद्युत उपखंड क्षेत्र मिल्कीपुर में विद्युत विभाग ने बड़े पैमाने पर चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया।

बीती रात में ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर विद्युत चोरों पर सख्त कार्रवाई की गई। उपखंड अधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने रात 3 बजे रसूलपुर, देवरिया पुरैनी, भटौली, बिसाही, धौरहरा मुकुंदहा, धनैचा, उपाध्यायपुर, चांदपुर, मिल्कीपुर समेत कई स्थानों में छापेमारी की। टीम ने विद्युत चोरी में प्रयुक्त दर्जनों मोटर और तारों को जब्त किया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि चोरी करने वाले लोग खुले जमीन में तार बिछाकर कटिया कनेक्शन का इस्तेमाल कर रहे थे जिससे यह तार दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकते थे। अभियान में उपखंड अधिकारी के साथ अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार, अरुण वर्मा, टीजी टू अजीत कुमार, विनोद कुमार,लाइनमैन पंकज शर्मा, अखिलेश कुमार, अवनीश सिंह सहित अन्य विभागीय कर्मचारी शामिल थे।

## पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने बाराबंकी को अपनी कर्मभूमि के आधार पर काम किया

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** गुरुवार को सांसद आवास पर पूर्व सांसद माननीय पीएल पुनिया पिछले कई सालों से जनपद बाराबंकी को अपनी कर्मभूमि कर्म के आधार पर दिन प्रतिदिन कड़ी मेहनत निरन्तर संघर्ष जारी रखते हुये जनपद के कोने कोने में सबके दुख सुख में शरीक होते रहते हैं। प्रतिदिन अपने ओबरी आवास बाराबंकी में 11 से लगभग 3 बजे तक जनपद के कई विधानसभाओं से फरियादीगणों की समस्याओ का निदान करते हैं एवं सम्बन्धित अधिकारियों से संचार के माध्यम से वार्तालाप कर उन तमाम फरियादों की समस्याओं से निदान करवाने का भी कार्य प्रथम वरीयता पर पूरी इमानदारी के साथ पूर्ण करते हैं। प्रवक्ता केसी श्रीवास्तव ने कहा कि, पूर्व सांसद पीएल पुनिया की कार्यशैली का कोई तोड़ या जवाब ही नही है। संसदीय क्षेत्र बाराबंकी से उनका लगाव मां और बेटे की तरह है। उनके आवास से कोई भी फरियादी निराश होकर नही जाता है। जिले से लगाके प्रदेश और प्रदेश से लगाके देश स्तर की समस्याओं का निदान करने का जो बीड़ा उठाते हैं उसे वह पूर्णतया इमानदारी वा निष्ठा के साथ पूर्ण करते हैं।

## बिजली की कटौती से जनता परेशान

**मिठौरा(महराजगंज)। (अवधनाम संवाददाता)** उपनगर मिठौरा से संचालित विद्युत बिजली सप्लाई इन दिनों भारी संकट से गुजर रही है। लगातार और अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज गर्मी और उमस के बीच घंटों-घंटों बिजली गायब रहने से दिन तो दिन रात में जीना मुहाल कर दिया है लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की कमी के कारण समर सेबल, से लेकर सभी उपकरण तक बंद हो जा रहे हैं, जिससे पेयजल की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है। गांवों में इंडिया मार्का हैंडपंपों पर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। ग्रामीण- संजय कुमार गुप्ता राहुल मोदनवाल प्रमोद बर्मा मनोज मोदनवाल बृजमोहन निगम संसार मणि पांडेय राजू पांडेय उपेंद्र निगम इंद्रजीत सुनील जयसवाल पप्पू निगम गुड्डु निगम कन्हई निषाद अनिरुद्ध वर्मा ने बताया कि बिजली कटौती से जन जीवन त्रस्त हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों को दी गई श्रद्धाजंलि



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बिरजू संस्थान के तत्वाधान में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक पूज्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर सुरजा सदन शान्ति पुरम बाराबंकी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कविताओं के प्रस्तोता ओज कवि डॉ ओपी वर्मा ओम एवं सफल संचालन व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू द्वारा किया गया। आयोजन का आगाज युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वन्दना से हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी, पत्रकार रत्नेश कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के दोनों महान् क्रान्तिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूज्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की सार्थकता तभी है जब हम किसी अन्तिम पायदान पर रहे व्यक्ति की किसी न किसी रूप में सहायता करने को तत्पर रहें। रत्नेश कुमार ने काव्यात्मक प्रस्तुति देते हुए पंक्तियां- सुनहरे ख्वाब जो औरों के लिए पिरोते हैं, जो जस्मे नम किसी की देखकर रोते हैं, लुटा देते हैं, अपनी खुशी औरों पर, कुछ ऐसे ही फ़रिश्ते दुनिया में होते हैं... प्रस्तुत किया। ओज कवि दीपक दिवाकर ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पंक्तियां प्रस्तुत की- चाबुकों की मार पर औ बेंत के प्रहार पर, वन्देमातरम का जो गीत दोहराई है , हाथों और पैरों की जो बेड़ियां रगड़कर क्रांति की यज्ञ बेदिया जलाई है। गीतकार सोहनलाल आजाद ने निम्न पंक्तियों के माध्यम से शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित की-हम मानव इस कलयुग के, हम चाह के नहीं बदल पाए, हे राम तुम्हारे पग चिन्हौ पर अभी नहीं हम चल पाए। युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा ने मुक्तक एवं गीत प्रस्तुत करते हुए पढ़ा-कर्ज मां का किसी ने उतारा नहीं, मां के जैसा किसी ने दुलारा नहीं, दौड़ आती है जो बिन बुलाए सदा, हमने भले ही उसको पुकारा नहीं। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने महान नायकों को शब्द सुमनों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा -नमन उसे है जिस मां ने हमें जन्म दिया, नमन उसे जिस मां का हम खाते हैं, जिसने भी जन्म दिया क्रांतिकारी चंद्रशेखर,उसी वीर भारती की गाथा हम गाते हैं। ठेलुहा क्लब के अध्यक्ष ठहाकाश्री की उपाधि से जाने जा रहे वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष सियाराम रावत ने हास्य की कविताएं पढ़ते हुए पंक्तियां प्रस्तुत की लोग कहते हैं हमको ठहाका श्री, ठहाका लगता हूं बिल्कुल फ्री, मैया के चरणों की रज यदि मिले, ठहाका लगाओ मैं चौबीस घरी।

## सड़क पर रील बनाने की सनक! रास्ता किया जाम, राहगीर परेशान

- सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ में जान जोखिम में डाल रहे युवा

**ठूठीबारी(महराजगंज)।** ठूठीबारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौनिया के पास सड़क पर कुछ युवकों और युवतियों द्वारा रील बनाते हुए आवागमन को बाधित करने का मामला सामने आया है। वायरल होने और सोशल मीडिया पर लाइक, कमेंट, व्यूज पाने की चाह में युवाओं पर रील बनाने का खुमार कुछ इस कदर चढ़ा है कि वे अपनी और दूसरों की जान को जोखिम में डालने से भी नहीं हिचक रहे। बताया जा रहा है कि सड़क के बीचोबीच खड़े होकर डांस वीडियो शूट किए जा रहे थे, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को काफी असुविधा हुई। राहगीरों को न केवल इंतजार करना पड़ा बल्कि कई बार टकराव की स्थिति भी बनती दिखाई दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन युवक सड़कों पर रील बनाते नजर आते हैं। प्रशासन को इस तरह के असंवेदनशील कृत्य पर सख्त कार्रवाई हो ताकि लोगों की सुरक्षा बनी रहे और सड़कें सुचारु रूप से चलती रहें। मामले में महाराजगंज पुलिस ने ठूठीबारी कोतवाली को कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# ब्राउन शुगर तस्करी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**ठूठीबारी(महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के बहुचर्चित ब्राउन शुगर तस्करी मामले में पुलिस ने गुरुवार को बड़ी सफलता हासिल की। बीते मंगलवार को एसएसबी, आबकारी विभाग और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने भरवालिया बांध के पास से 35.53 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गड़ौरा निवासी धीरज पासवान पुत्र सोमई पासवान को गिरफ्तार किया था। बरामद ब्राउन शुगर कुल 30 पुड़ियों में पाई गई थी। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया था कि यह मादक पदार्थ लोहरौली निवासी अनिकेश पुत्र प्रेम बहादुर ने नेपाल में सप्लाई के लिए दिया था। इस आधार पर पुलिस ने अनिकेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे।गुरुवार तड़के सुबह मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गड़ौरा चीनी मिल के पास से फरार मुख्य आरोपी अनिकेश को गिरफ्तार कर लिया। उसे आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय भेज दिया गया।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक दिनेश यादव, कांस्टेबल रामजनम और मनीष गौड़ शामिल रहे। इस संबंध में प्रभारी कोतवाल महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ब्राउन शुगर के मामले में फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया।

### गड़ौरा बाजार में बाइक चोरी, पीड़ित ने दिया तहरीर

**ठूठीबारी (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के गड़ौरा बाजार में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। ग्राम गड़ौरा बाजार निवासी मनीष मद्धेशिया ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 23 जुलाई को दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक अपनी काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक दुकान के पास रोड किनारे खड़ी की थी। दुकान बंद कर लौटने लगे तो बाइक वहां से गायब मिलीकाफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कुछ पता नहीं चल पाया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से आम नागरिकों में भय और आक्रोश व्याप्त है।

प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# शिकायत को संज्ञान में लेकर डीएम ने ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने का दिया निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर में नवनिर्मित आजाद पोखरा पार्क के पथ वे की इंटरलॉकिंग और रुद्र योग मुद्रा प्रतिमा स्थल की फर्श बरसात होने के बाद धस जाने की शिकायत को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने नगर पालिका बांसी को संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में नगर पालिका ने संबंधित ठेकेदारों को नोटिस देकर सभी खामी को ठीक करने का दो दिन का समय दिया है।

साथ ही चेतावनी दिया है कि यदि समय से गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें काली सूची में डाल दिया जाएगा। इसके बाद से ही आजाद पोखरा पार्क और रुद्र योग मुद्रा के ठेकेदार सक्रिय हो गए है। दोनों जगह तेजी से कार्य चल रहा है।



आजाद पोखरा पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार सिंह ने जायजा लिया और ठेकेदारों को मानक और गुणवत्तायुक्त कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि अब किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां जो भी कमी है उसे ठीक कर नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा।

## आजाद पोखरा में फूड पार्क का शुरू हुआ काम

**बांसी सिद्धार्थनगर।** आजाद पोखरा पार्क में फूड पार्क का काम शुरू हो गया है जिसका लाभ पार्क में आने वाले लोग उठा सकेंगे। जल्द ही पोखरे में वाटर बोट भी चलने लगेगी।इन दिनों आजाद पोखरा पार्क में फूड पार्क का काम तेजी से चल रहा है। बताते चले कि नगर में ऐसा कोई स्थल नहीं है जहां लोग परिवार के साथ पहुंचकर मनोरंजन कर सके और खुशी के पल साझा कर सके। इस पार्क के निर्माण और लोकार्पण के बाद लोग काफी खुश थे। लेकिन पार्क में सभी सुविधाओं के न होने से लोग निराश हो गए थे।

इसके बाद नगर पालिका ने पार्क में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पोखरे में वाटर बोट चलाने और फूड पार्क बनाए जाने का टेंडर किया था। इसी क्रम में संबंधित ठेकेदार ने फूड पार्क का निर्माण शुरू कर दिया है वाटर बोट भी आ गई है। जिम्मेदारों का कहना है कि एक माह के अंदर दोनों का संचालन शुरू हो जाएगा। यहां चल रहे निर्माण कार्य का देखरेख कर रहे नपा के लिपिक जमील अहमद ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर इस पोखरे को पार्क, मार्निंग वॉक स्पॉट के साथ साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है ।

## इस्लाम आपसी भाईचारे का पैगाम देने वाला मजहब है : मौलाना तुफैल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** इस्लाम आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। हजरत मोहम्मद मुस्तफा सअ. के नवासे हजरत इमाम हसन व हजरत इमाम हुसैन अ.स ने दीने इस्लाम को बचाने के लिए अपने पूरे खानदान की कुर्बानी दे दी पर इस्लाम को मिटने नहीं दिया। आज इस्लाम पूरी दुनिया में फैला है तो वो इसी खानदान की शहादत की देन है। उक्त बातें मौलाना तुफैल अब्बास ने कही।

वह बसखारी ब्लाक के बेलापरसा गांव में गुरुवार को दिवंगत सैयद इंतेज़ार मेंहदी (कब्बन) के इसाले सवाब की मजलिस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीने इस्लाम व कर्बला पर रोशनी डालते हुए कहा कि इस्लाम भाईचारे का पैगाम देता है। हजरत मोहम्मद मुस्तफा के नवासे हजरत इमाम हसन व हजरत इमाम हुसैन अ.स ने दीने इस्लाम को बचाने के लिए अपने पूरे खानदान की कुर्बानी दे दी पर इस्लाम को मिटने नहीं दिया। आज इस्लाम पूरी दुनिया में फैला है तो वो इसी खानदान की शहादत की देन है।

# अंजुमन गुंचा मातम के जानिब से आयोजित हुई गैर तरही शब्बेदारी

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार रात क्षेत्र के हल्लौर स्थित इमामबारगाह हुसैनिया फ़हम में अंजुमन गुंचा मातम की जानिब से गैर तरही शब्बेदारी का आयोजन किया गया जिसमें मुझे मुकामी अंजुमन गुंचा मातम की जानिब से सीतापुर से आये अंजार सीतापुरी ने अपने विशेष अंदाज़ में नौहा पेश किया। इस दौरान भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। शब्बेदारी का संचालन बेताब व अज़ीम हल्लौरी ने किया।

शब्बेदारी की शुरुआत माहताब हैदर काका द्वारा तिलावते कलाम पाक से हुआ। ततपश्चात मशहूर मरसिया ख्वा शाहिद आलम व हमनवा ने मरसिया पेश किया। मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर ने संबोधित करते हुए कहा कि फरशे अज़ा सिर्फ रोना ही नही सिखाती बल्कि यहाँ से इल्म निकलता है। अपनी जानिब से ज़िक्रे आले मुहम्मद, ज़िक्रे इमाम हुसैन अपनी जानिब से नही करते। जो अल्लाह ने कहा जो रसूल ने कहा जो कुरआन ने कहा उसी को हम पेश करते है यही अज़ादारी का मकसद है।



ज़ाकिर ने आगे कहा कि हमारे बनाये हुए मसौदे नही हैं हमारी बनाई हुई बाते नही है बल्कि जो अल्लाह का हुक्म है जो रसूल का हुक्म है जो इमाम अली का हुक्म है उसको हम फॉलो करते है और वही बातें हम मजलिसों में बयान करते है। अंत मे शहज़ादी ज़ैनब स अ के मसाएब बयान किया तो लोग रोने लगे।

मजलिस के बाद अंजुमन फरोग मातम रजि0 की जानिब से फजल अहमद, रजा, अदनान व सादिक मुंबई ने अपने अपने अंदाज में नौहा पढ़ा जिस पर मौजूद अकीदतमंदों ने सीनाजनी किया। इसके बाद अंजुमन अब्बासिया दहियावर और अकबरपुर ने अपने अंदाज में नौहा पढ़ा जिस पर अकीदतमंदों ने सीनाजनी किया अंत मे अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 की जानिब से मीर शारिब शीज़न, नफीस हैदर, कामयाब बब्लू व मोहम्मद हैदर शब्लू व हमनवा ने दर्दभरा नौहा पढ़ा जिस पर अंजुमन के मातमदारों ने भरपूर मातम किया। अंत मे शब्बेदारी के सदर मेंहदी हैदर फूलदार, सिकरेट्री ज़मानत अब्बास हनी ने आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी से की मांग

**सिद्धार्थनगर।** भीषण और उमस भरी गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व बीएसए से मांग की है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते विद्यालयों में बिजली आपूर्ति की स्थिति दयनीय है।

बिजली आपूर्ति व्यवस्था न होने से बच्चों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि शिक्षा की निरंतरता बनाए रखते हुए, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। कहा भीषण गर्मी का प्रकोप चरम पर है। इस विकट परिस्थिति में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, विशेष तौर पर ग्रामीण अंचलों से आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत कार्यशाला का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करना, उद्यमिता की बारीकियों से अवगत कराना तथा योजना से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देना था।इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से युवाओं को उद्योग स्थापना हेतु वित्तीय सहायता के साथ-साथ आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।



उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने उद्यम स्थापित कर न केवल स्वयं को, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दें।मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास प्रशिक्षण, ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना तथा बाजार से जुड़ाव आदि विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना समाज के प्रत्येक वर्ग के युवाओं के लिए समान रूप से लाभकारी है, विशेषकर महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए यह योजना विशेष अवसर प्रदान करती है।कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा व्यवसाय की शुरुआत, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं के समन्वय पर विस्तार से व्याख्यान दिए गए। प्रतिभागियों ने भी कार्यशाला के दौरान अपने प्रश्न पूछे और उद्यमिता के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, बैंक प्रतिनिधिगण, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## अज्ञात बोलोरो की टक्कर में हुई मौत

**अवधनामा संवाददाता, जलालपुर अम्बेडकरनगर।** थाना जैतपुर अंतर्गत गोविंदपुर तिवारीपुर निवासी उमेश यादव पुत्र रामनारायण यादव कि आज एक अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि उमेश यादव प्रतिदिन की तरह मठिया मंदिर जलालपुर अपनी चाय की दुकान पर आ रहा था उसी बीच एक अज्ञात बोलेरो ने पेट्रोल टंकी के पास जोरदार टक्कर मार दिया जिससे साइकिल सवार उमेश यादव के सिर में गंभीर चोटें आई और उसे पुलिस एवं जनता के सहयोग से नागपुर जलालपुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे वित्त घोषित कर दिया।

मृतक के पिता राम नारायण की तहरीर पर यू पी 45 ए एच 6851 अज्ञात ड्राइवर वहां के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर थाना अध्यक्ष जैतपुर वंदना अग्रहरि ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हरदासपुर में पशुपालन गोष्ठी का आयोजन

- पशुपालन विभाग की तरफ से नि:शुल्क टीकाकरण चलाया जा रहा है

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को हरदासपुर के पंचायत भवन पर पशुपालन गोष्ठी का आयोजन किया गया। पशुपालन गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष खालिक रहमान उपस्थित रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तारिक ने की।

पशुपालन गोष्ठी में पशुपालन विभाग पशु चिकित्सालय नौगढ़ सदर की तरफ से डॉक्टर राजबहादुर यादव एवं पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ अरुण कुमार प्रजापति उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए खालिक रहमान ने पशुपालकों से कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालन विभाग की तरफ से निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है एवं पशुधन बीमा भी पशुओं का किया जा रहा है। पशुपालन गोष्ठी को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजबहादुर यादव ने कहा कि वर्तमान में खुरपा का मुंह पका टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है ।



टीम अगर आपके दरवाजे पर जाती है तो पशुपालक टीका अपने पशुओं को अवश्य लगवाये और किसी कोई पशुपालक अपने पशु का बीमा कराना चाहता हो तो वह पशु अस्पताल पर संपर्क कर सकता है उसके पशु का बीमा किया जायेगा। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि अगर आपके पशुओं को अचानक कोई समस्या हो जाती है, कोई घटना हो जाती है तो आप पशु चिकित्सा एम्बुलेंस को टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करके उसकी सेवा लें सकते है।

योजनाओं के विषय मे जानकारी देते हुए बताया कि हमारे विभाग मे बैकयार्ड पोल्ट्री योजना, बड़े पैमाने पर बकरी पालन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील प्रोत्साहन योजना, सहभागिता योजना का लाभ आप सभी लें सकते है। अंत मे प्रधान प्रतिनिधि ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। गोष्ठी मे चंद्रजीत, नरेंद्र पटेल, रहीमुद्दीन, जुनेद अहमद, साजिद अली, तौफीक अहमद, राम कुमार यादव, संतलाल चौधरी, चेत राम चौधरी, कुर्बान अहमद क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल के पत्रकारों ने किया बौद्ध सर्किट का विजिट

- भ्रमण का उद्देश्य दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देना व सांस्कृतिक संबंधों को करना है मजबूत

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** नेपाल और भारत के पत्रकारों के एक संयुक्त समूह ने हाल ही में बौद्ध सर्किट के महत्वपूर्ण स्थलों चार धाम लुम्बिनि, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर का सामूहिक भ्रमण कर अवलोकन किया। भ्रमण के उद्देश्य दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देना व ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना है। इस पहल से बौद्ध धर्म से जुड़े स्थलों के महत्व को उजागर करने और उनके संरक्षण व विकास के लिए मिलकर काम करने की उम्मीद है।इस अवलोकन यात्रा में नेपाल के लुम्बिनी विकास कोष के निवर्तमान बोर्ड सदस्य राजेश ज्ञवाली के नेतृत्व मे भारत एवं नेपाल के विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकारगण शामिल रहे।

समूह ने सबसे पहले भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी का दौरा किया, जहाँ उन्होंने मायादेवी मंदिर, अशोक स्तंभ और विभिन्न देशों द्वारा निर्मित मठों का अवलोकन किया। भारतीय पत्रकारों ने नेपाल में लुम्बिनि की ऐतिहासिक स्थलों की महत्ता को समझा और उनके उचित प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया।नेपाल के बाद दोनो देशो कि टोली भारत उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले से गौतम बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर का भ्रमण किया।



भ्रमण के दौरान समूहिक टीम ने कुशीनगर सदर विधायक मनीष जायसवाल से मुलाकात किया। उन्होंने बौद्ध सर्किट के समग्र विकास, कनेक्टिविटी बढ़ाने और पर्यटकों के लिए सुविधाओं में सुधार पर चर्चा की। दोनों देशों के पत्रकारों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की, कि बौद्ध सर्किट में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं,और सामूहिक प्रयासों से इसे विश्व स्तर पर एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जा सकता है। बोधगया स्थित पर्यटन कार्यालय के सहायक सुचना अधिकारी मनमोहन सिंह ने भ्रमण दलक स्वागत करते हुए बिहार धार्मिक और सांस्कृतिक मामले मे और राज्यो से मजबुत होने कि बात कही। अगले दिन दोनों देशों की सामूहिक टोली सारनाथ पहुँची जँहा परय बुद्ध से जुड़ी धर्मचक्र प्रवर्तन धमेक स्तूप का अवलोकन किया जँहा पर बुद्ध ने अपने प्रथम उपदेश दिए थे,और यंही बौद्ध संघ की स्थापना भी हुई थी।

अंत मे सामूहिक टीम ने काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया जँहा पर कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकांत मिश्रा ने सामूहिक टोली को वाराणशी और सारनाथ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।यात्रा के दौरान पत्रकारों ने स्थानीय अधिकारियों और पर्यटन विशेषज्ञों से मुलाकात के दौरान नेपाली पत्रकारों ने भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया, जबकि भारतीय पत्रकारों ने नेपाल में बौद्ध स्थलों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए समर्थन का आश्वासन दिया। उम्मीद है कि इस तरह के संयुक्त प्रयासों से नेपाल और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध और प्रगाढ़ होंगे, साथ ही बौद्ध सर्किट विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी एक अलग पहचान बना पाएगा।

# डीडीओ ने सेमरा गांव में बन रहे मनरेगा पार्क का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के सेमरा ग्राम पंचायत में गुरुवार को जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह ने निर्माणाधीन मनरेगा पार्क का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

25 लाख की लागत से बनने वाले निर्माणाधीन नेताजी सुभाषचंद्र बोस मनरेगा पार्क के निरीक्षण में पहुंचे डीडीओ सतीश कुमार सिंह ने प्रधान प्रतिनिधि अनिल पाण्डेय को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क में जिम उपकरण, बेंच, फूल-पत्ती, छायादार बृक्ष सहित बच्चों के खेलने के लिए अन्य उपकरण भी लगाये, जिससे यह पार्क लोगों के स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो सके। उन्होंने निर्माणाधीन पार्क में उद्यान विभाग से भी सहयोग लेने की बात कहीं।

इस दौरान मौके पर प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा, राजेश शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि गंगा मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# स्व अयाज़ अहमद मेमोरियल के तहत मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** टांडा नगर क्षेत्र स्थित तलवापार हक्कानी शाह बाबा के निकट एक नवनिर्मित मैरेज हॉल में रविवार को स्व. मोहम्मद अयाज़ उर्फ गुल्लू मेमोरियल के तत्वावधान में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व सोशल मीडिया ग्रुप टीम द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद टांडा की अध्यक्ष श्रीमती शबाना नाज़ रहीं। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड और प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच से अराफात कामिल ने शिक्षा के महत्व पर विचार साझा करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का मूल आधार है, जो न केवल ज्ञान और समझ विकसित करती है, बल्कि लक्ष्य प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। कई छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कुछ अभिभावकों ने बच्चों की अनुपस्थिति में उनके स्थान पर पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर सोशल मीडिया ग्रुप टीम द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शबाना नाज़ को 'प्रथम नागरिक अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया। उन्हें शील्ड, प्रशस्तिपत्र एवं शाल प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. तारिक़ मंजूर, डॉ. इस्तियाक अहमद अंसारी, हाजी अशफाक अहमद अंसारी, अराफात कामिल सहित सोशल मीडिया ग्रुप टीम के अनेक सदस्य एवं नगर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह और सराहना के वातावरण में हुआ।

# कांवर यात्रा ने जलालपुर को किया शिवमय जलाभिषेक के लिये रवाना हुए श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर।** अंबेडकरनगर। सावन के पावन माह में श्री नवदुर्गा कांवरिया मंडल निशुल्क सेवा समिति के आयोजन में गुरुवार को एक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों शिवभक्तों ने काशी विश्वनाथ धाम को जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान किया। दुर्गा माता मंदिर, यादव चौराहा से शुरू हुई ।

यात्रा का नेतृत्व कांवरिया संघ अध्यक्ष जितेंद्र उर्फ सोनू गौड़ ने किया, जबकि प्रबंधक संतराम जायसवाल और संरक्षक और भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद ने विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह और भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने भगवा झंडा फहरा यात्रा को रवाना किया। श्रीराम जानकी मंदिर पर विशेष पूजा के बाद शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया, जिससे आस्था का संचार हुआ।



यात्रा में पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी,पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,वरिष्ठ नेता संजय सिंह, कमर हयात, मीसम रजा समेत गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। यादव चौराहा पर व्यापारी दुर्गेश अग्रहरि ने भंडारे का आयोजन किया, जबकि डाकखाना कमेटी ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान वितरित किए। नगर भर में पुष्प वर्षा और गायक पंचम परदेशी के भक्ति गीतों की गूंज ने माहौल को और भी पावन बना दिया। बबलू गौड़ ,गप्पू गौड़, कुलदीप कन्नौजिया,लड्डू गौड़ युवाओं की टीम ने व्यवस्था संभाली। जय भोलेनाथ कांवरिया मंडल के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रहरि और बुलडोजर बाबा के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा ने पूरे नगर में धार्मिक उल्लास फैला दिया।इस अवसर पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, पंकज वर्मा, ईओ अरविंद कुमार, सभासद आशीष सोनी, अनुज सोनकर,अजीत निषाद, गौरव उपाध्याय, दिलीप यादव, व्यापारी मनीष सोनी,अमित गुप्ता, प्रहलाद शर्मा, मनोज पांडे, विपिन पांडे, दीपेश चतुर्वेदी सहित कई अन्य मौजूद रहे है, जिन्होंने शिवभक्तों का उत्साहवर्धन किया।

# पुलिस ने ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी करने के अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक महोदय विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नरायन पालिवाल के नेतृत्व में थाना छपिया पर पंजीकृत मु0अ0स0 274/2025, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित टैक्टरों से बैट्री चोरी करने के प्रकाश में आये अभियुक्तों 01. राम शंकर, 02. धर्मेंद्र को सिंगारघाट पुल के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 02 अदद ट्रैक्टर की बैट्री बरामद किया गया।

वादी अतहरूद्दीन पुत्र रफीउद्दीन निवासी हथियागढ थाना छपिया जनपद गोण्डा द्वारा थाना छपिया को सूचना दिया गया कि उनका भठ्ठा हथियागढ में स्थित है।दिनांक 17.07.2025 की रात्रि में भठ्ठे पर



खड़े तीन ट्रैक्टरों से कुछ अज्ञात लोग बैट्री चोरी कर ले गये है। उक्त सूचना पर थाना छपिया पर मु0अ0स0 274/2025, धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के अभियोग पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 24.07.2025 को विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्तगण 01. राम शंकर, 02. धर्मेंद्र को सिंगारघाट पुल के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 02 अदद ट्रैक्टर की बैट्री बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# समारोहपूर्वक मनाया गया चन्द्रशेखर आजाद का जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**

**आलापुर अम्बेडकर नगर।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में महान स्वतन्त्रता सेनानी, लेखक व राजनीतिज्ञ, लोकमान्य की उपाधि से विभूषित, लाल, बाल व पाल त्रिमूर्ति में से एक बाल गंगाधर तिलक तथा हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन को हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के नाम से पुनर्गठित करने वाले, कुशल निशानेबाज एवं घुड़सवार, साहस व बलिदान के प्रतिमूर्ति चन्द्र शेखर आज़ाद का जन्मदिन कई कार्यक्रमों के रूप में समारोहपूर्वक उत्साह के साथ मनाया गया।



समारोह का शुभारम्भ प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती तथा स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा के प्रणेता, गंगाधर तिलक व पार्वतीबाई के लाल बाल गंगाधर तिलक एवं पंडित सीताराम तिवारी व जगरानी देवी के जीवन को धन्य करने वाले, मैं आज़ाद हूँ, आज़ाद रहूँगा और आज़ाद ही मरूँगा जीवन सिद्धान्त वाले चन्द्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए किया गया। अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि लोकमान्य तिलक व चन्द्रशेखर आज़ाद का जीवन दर्शन सदैव अविस्मरणीय एवं अनुकरणीय रहेगा। महान वीर बलिदानी व्यक्तित्व वाले लोकमान्य व आज़ाद का भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में महान योगदान रहा है।समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि तिलक का यह कथन कि यदि कोई ईश्वर अस्पृश्यता को सहन करता है,तो मैं उसे ईश्वर के रूप में मान्यता नहीं देता स्वस्थ समाज सृजन सन्दर्भ में समीचीन है।शिक्षक राम जतन वर्मा ने बाल गंगाधर तिलक व चन्द्रशेखर आज़ाद के जीवन विषय में विस्तार से बताया, वहीं शिक्षक प्रदीप कुमार ने गीता रहस्य के लेखक के साहित्यिक एवं राजनीतिक योगदानों पर प्रकाश डाला। समारोह अवसर पर शिक्षिका क्षमा पटेल ने कहा कि आज़ाद की यह विचार धारा कि ÷देश की स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देना सबसे बड़ा कर्तव्य है÷परं महानता का प्रतीक है,वहीं मयंक राय द्वारा द आर्कटिक होम ऑफ द वेदाज व गीता रहस्य के प्रणेता तिलक की जीवन उपलब्धियों पर अपना विचार रखा गया।

## गुरूदत्त की फिल्में

अभिनेता निर्देशक निर्माता गुरूदत्त की फिल्में उन्ही की आत्म कहानी होती थी। गाने भी उसी के अनुरूप होते थे जिनमें उनका दुख दर्द झलकता था। उनका गाना दुनिया अगर मिल भी जाये तो क्या हो, मेरे सामने से हटा लो ये दुनियां उनका निजी दुख है। उन्हें अमिनेत्री वहीदा रहमान बहुत पसन्द थी। उनके नीले लिफाफे का उन्हें इन्तजार रहता था। हालाकि उनकी पत्नी मशहूर प्लेबैक सिंगर गीता राय थी। गुरूदत्त को अनिद्रा की बिमारी थी। एक दिन वह इतनी नीद की गोलियां खा गये कि फिर वह उठ नही पाये। चिरनिद्रा की गोद में चले गये।

गुरूदत्त मशहूर नर्तक उदय शंकर के भाई थे। उदय शंकर के यहां कुछ संगीतज्ञ महिलायें रहती थी। जिनकी संगत में गुरूदत्त की संगीत की प्रतिभा जागी। उनके फिल्मों के गाने भावपूर्ण, काव्यात्मक और सुरीले होते थे। आज भी लोग उन्हें गुनगुनाते है। ये दुनिया अगर मिल भी जाये कि क्या हो, मेरे सामने से हटा लो ये दुनियां उनके दर्द का तर्जुमा है। अपने फिल्मों में टेऊजडी रोल के लिये वे दिलीप, कुमार को लेना चाहते थे पर दिलीप कुमार तैयार नहीं हुये उनकी यह हसरत पूरी नहीं हो पाई गुरूदत्त का चेहरा बड़ा भोला भाला था। शुरूआत उन्होंने हल्की फुल्की फिल्में आर-पार और बाजी से की थी। पर बाद में दुखान्त भूमिका में ही उतरते रहे खाली समय में प्रायः वह मुंह में पाइप दबाये रहते थे। घुंघराले बालों और गालो में बहुत जंचते थे। उनकी जिन्दगी और फिल्मी कहानीयां उनके चेहरे साथ-साथ चलते थे। अपने गीतों को रात भर जाग जागकर लिखवाते थे जब तक सन्तुष्ट नहीं हो जाते थे। उनको कोई औलाद नहीं हुई जो उनके विरासत को चलाता। वह खुद एक भोले भाले बच्चे थे। शुरूआती दौर में अदाकारा गीता बाली की साथ उनकी चुलबुली जोड़ी बहुत जंचती थी। एक फिल्म का गाना था जरा सामने आ जरा आंख मिला तेरा शुक्रिया कर दू अदा।

उनकी जिन्दगी की दर्दनाक पहलू थी वहीदा रहमान अगर उन्होंने इमानदारी से साथ निभाया होता तो गुरूदत्त इतनी जल्दी दुनियां से नहीं जाते। पर वहीदा उस पेशे में आई थी जिसमें वफादारी बेवकूफी समझी जाती है। सीने तारिकाओं को घरेलू जिन्दगी से ज्यादा उनका कैरियर प्यारा होता है क्योंकि कैरियर के बल पर ही उनकी शान शौकत, मशहूरी और अमिरी रहती है। वहीदा रहमान अच्छी नर्तकी थी क्योकि यह उनका पेशा था। रेणु के फिल्म तीसरी कसम में नर्तकी का पेशा था। रेणु, के फिल्म तीसरी कसम में नर्तकी नायिका का किरदार उन्हें इसीलिये दिया गया था कि वह कुशल नर्तिकी थी। नदी नारे न जाओ श्याम पैयां परू दिलकश नौटंगी गीत गाते हुये फिल्म तवायफ का पार्ट अदा किया था। बुर्जुग आज भी उसके गीत को गाते है। राजकपूर की फिल्म में ऐक्टिंग लाजवाब थी। आज की फिल्मों में न वो गीत है न गहराई। आज के हीरो के चेहरे डाढ़ी बढ़ाये हुये हीरो कम कुछ और ज्यादा दिखते है।

**ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण ङ्गपिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है।' संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है। तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं।**

# एसआईआर की आंच से तपने लगा पश्चिम बंगाल

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी एसआईआर के विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है।


डॉ. आशीष वशिष्ठ

गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है। हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर पश्चिम बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। बीती 21 जुलाई को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। वास्तव में, ममता के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी है। एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है। सब कुछ जानते बूझते हुए भी ममता एसआईआर को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बाण चला रही हैं। भला एसआईआर करवाने या न करवाने से भाजपा का क्या संबंध? सोचिए, पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ, और ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी से तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी को समझा जा सकता है।

ममता बनर्जी का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के मन में आदर का भाव बचा ही नहीं है। सीबीआई के अधिकारियों को बंधक बनाने से लेकर ईडी के अधिकारियों पर प्राणघातक हमले में प्रदेश सरकार और तृणमूल कांग्रेस की भूमिका जगजाहिर है। अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि



पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे। भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है। ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम है।' संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है। तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं। राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है। बीते मार्च पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि पष्चिम बंगाल में 13 लख से अधिक फर्जी या डुप्लीकेट मतदाता हैं। बीते जून को भाजपा ने दावा किया कि बंगलादेश से जुड़े कोटा सुधार आंदोलन के नेता न्यूटन दास का नाम काकद्वीप विधानसभा इलाके के वोटर लिस्ट में है। तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है। बीते दिनों मालदा जिले के गाजोल के एक गांव में ऐसा मामला सामने आया है, जहां इलाके में एक भी अल्पसंख्यक व्यक्ति नहीं रहता, वहां दो अपरिचित और कथित अल्पसंख्यक वोटरों के नाम नये मतदाता सूची में शामिल पाये गये हैं। इसे लेकर भाजपा विधायक चिन्मय देव बर्मन ने अवैध घुसपैठ और फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप लगाया है। बीती जून को सिलीगुड़ी में फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने किया था। राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गर्माया हुआ है। ममता बनर्जी ने 'फेक वोटर' की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है। जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नज़र 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज़्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी। ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है। इसलिये उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं। लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है। वो कदम कदम पर संविधान, संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की परंपराओं का अनादर करते दिखाई देते हैं।

## भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट की भूमिका?

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में जहां की आबादी 141 करोड़ है इन परिस्थितियों में रोबोट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता कितनी सार्थक होगी यह एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। भारत में बेरोजगारी चरम सीमा पर है ऐसे में रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस देश के युवाओं का हक छिनता नजर आता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और रोबोट को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।


संजीव ठाकुर

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे हो चुकें हैं पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर सिमटे न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्र ,जॉर्डन,

मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आ

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं।

विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं। खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर, मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34 फीसदी बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेंद्य यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैद्य यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं। दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं।


# मतदाता सूची : बिहार से दिल्ली तक सियासी संग्राम

**विपक्ष चर्चा की मांग कर रहा है जबकि सरकार का रुख है कि इस पर चर्चा नहीं होगी, चुनाव आयोग की तरफ से सरकार जवाब नहीं दे सकती है।संसद का मानसून सत्र, जैसा कि अपेक्षित था, हंगामेदार रहा, लेकिन बार-बार स्थगित होने की सुर्खियों के पीछे एक वास्तविक लागत छिपी है, संसद के सक्रिय घंटों के दौरान प्रत्येक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये। वर्तमान सत्र सोमवार को शुरू हुआ और दो प्रमुख मुद्दे, जिनके कारण दोनों सदनों में गतिरोध उत्पन्न हुआ है।**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इन दिनों 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक संसद का मानसून सत्र चल रहा है,जो चौथे दिन भी हंगामे में की भेंट चढ़ गया, विशेष गहन पुनरीक्षण पर जोरदार हंगामा चल रहा है, जिसे हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी की संज्ञा दी जा रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि वर्तमान डिजिटल युग में पूर्ण पारदर्शिता हर क्षेत्र में होना चाहिए ताकि भारत के सभी नागरिकों को उस काम की रिपोर्ट दर्शिका पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए, कि कोई हेराफेरी गड़बड़ी या अनुचित प्रक्रिया कर किसी को अनुचित लाभ पहुंचाया जा रहा है। यदि किसी को कोई संदेह है तो सांसद सबसे बड़ा प्लेटफार्म है जहां शांतिपूर्वक बात रखी जा सकती है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकिपिछले चार दिनों से संसद के दोनों सदन हंगामा की वजह से बाधित होकर स्थगित हो रहे हैं व काम पूरी तरह से बाधित है। बता दें सांसद की कार्रवाई के प्रति मिनट की कास्ट 2.50 लाख रुपए होती है जो इन चार दिनों में करोड़ों में आंकड़ा होगा, जो कर दाताओं की गाड़ी कमाई का अपव्यय हो रहा है, दूसरी और पारदर्शिता की बात करें तो विशेष गहन पुनरीक्षण से लाखों जाली मतदाताओं को हटाया जाना कोई बुरा नहीं है।मेरा मानना है कि यह ऐसा एसआईआर पूरे भारत में पंचायत समिति से लेकर संसद तक हर स्तरपर की जानी चाहिए, ताकि चुनाव में पारदर्शिता व साफ सुथरे की एक संवैधानिक संस्थान की प्रतिष्ठा कायम होगी, क्योंकि ऐसा एसआईआर को लेकर सड़क से संसद तक हंगामा हो रहा है, इसपर जनजागरण करने की आवश्यकता है। चूंकि मतदाता लिस्ट से संवैधानिक रूप से जो पूरी तरह से अपात्र हैं, व लिस्ट में जुड़े हुए हैं तो उनको हटाया जाना ही स्वस्थ लोकतंत्र का असली सम्मान है, जिसे चुनावी विश्वसनीयता भी बढ़ती जाएगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बिहार से दिल्ली तक सियासी संग्राम, क्या मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण रीसेंट थ्योरी, हिंदुस्तान में इलेक्शन की चोरी है।


किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 चार दिनों से बाधित कामकाज की करें तो, मानसून सत्र के तीसरे दिन भी कोई काम नहीं हो सका है,विपक्ष के भारी हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और सत्यापन यानी एसआईआर के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया हुआ है।एसआईआर के मुद्दे पर पटना से दिल्ली तक सियासी संग्राम है,बिहार में महागठबंधन की अगुवाई कर रहे,आरजेडी के साथ ही विपक्षी इंडिया ब्लॉक की पार्टियां इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं। बिहार विधानसभा में भी काले कपड़े




पहनकर विपक्ष प्रदर्शन कर रहा है। एसआईआर के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों के साथ ही बिहार के भी दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित हो रही है। विपक्ष चर्चा की मांग कर रहा है जबकि सरकार का रुख है कि इस पर चर्चा नहीं होगी, चुनाव आयोग की तरफ से सरकार जवाब नहीं दे सकती है।संसद का मानसून सत्र, जैसा कि अपेक्षित था, हंगामेदार रहा, लेकिन बार-बार स्थगित होने की सुर्खियों के पीछे एक वास्तविक लागत छिपी है,संसद के सक्रिय घंटों के दौरान प्रत्येक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये।वर्तमान सत्र सोमवार को शुरू हुआ और दो प्रमुख मुद्दे, जिनके कारण दोनों सदनों में गतिरोध उत्पन्न हुआ है,राज्यसभा की अपेक्षा लोकसभा में हंगामा अधिक रहा, बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण जिसे विपक्ष ने सत्तारूढ़ गठबंधन को मदद करने का प्रयास बताया है, तथा विपक्षी दलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग थी। संसद के प्रत्येक सदन को प्रतिदिन छह घंटे तक उत्पादक होना चाहिए, भोजनावकाश के एक घंटे को छोड़कर और, 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री के अनुसार, सत्र के दौरान संसद को एक मिनट चलाने पर 2.5 लाख रुपये का खर्च आता है, या लोकसभा और राज्यसभा के लिए 1.25 लाख रुपये का खर्च आता है। ये आंकड़े अब एक रूढ़िवादी अनुमान हैं, क्योंकि ये एक दशक से भी अधिक पुराने हैं, लेकिन अद्यतन आंकड़ों के अभाव में, हम आगे की गणना के लिए इन्हीं का उपयोग करेंगे। मानसून सत्र में चार दिन हो चुके हैं, यानें हर सदन को 18 घंटे काम करना चाहिए था। हालाँकि, गैर- लाभकारी संस्था पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार, स्थगन के कारण राज्यसभा में 4.4 घंटे और लोकसभा में मात्र 0.9 घंटे या 54 मिनट ही काम हुआ है। इसका अर्थ यह है कि व्यवधानों के कारण करदाताओं को राज्यसभा के लिए 10.2 करोड़ रुपये (816 मिनट का नुकसान, 1.25 लाख रुपये से गुणा) तथा लोकसभा के लिए 12.83 करोड़ रुपये (1,026 मिनट का नुकसान,1.25 लाख रुपये से गुणा) का नुकसान हुआ है।

साथियों बात अगर हम बिहार विधानसभा से लेकर दिल्ली मानसून सत्रतक संसद में हंगामें के कारणों की करें तो, बिहार में चल रही विशेष मतदाता सत्यापन प्रक्रिया यानी एसआईआई की प्रक्रिया का पहला चरण पूरा होने में अब केवल दो दिन का समय बचा है. शुक्रवार (25 जुलाई, 2025) को भारतीय चुनाव आयोग की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का पहला चरण समाप्त हो जाएगा औरपुनरीक्षण प्रक्रिया के पहले चरण के तहत 56 लाख मतदाताओं का नाम बिहार मतदाता सूची से कटना तय है।चुनाव आयोग की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बिहार के 56 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम एक अगस्त को आने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं होंगे,बिहार वोटर एसआई आर के तहत सामने आए ताजा आंकड़े- भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से बुधवार (23 जुलाई) को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, (1)करीब 20 लाख मतदाता मृत पाए गए(2)करीब 28 लाख मतदाता स्थानांतरित हो चुके हैं (3)7 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं (4)1 लाख से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं, जिनका पता नहीं चल पाया है। इन आंकड़ों के आधार पर ये कुल संख्या 56 लाख से ज्यादा मतदाताओं की है,हालांकि, भारतीय चुनाव आयोग सत्यापन प्रक्रिया के तहत अब तक बिहार के कुल मतदाता संख्या के 98.01 प्रतिशत का सत्यापन कर चुका है और इनमें से 90.89 प्रतिशत यानी करीब 7.17 करोड़ फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं।चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक,अब आखिरी एक दिन बचा हैं, लेकिन अभी तक करीब दो प्रतिशत यानी करीब 15 लाख मतदाता ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभी तक अपना गणना फॉर्म नहीं भरा है,हालांकि, चुनाव आयोग की तरफ नियुक्त बीएलओ राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बीएलए के साथ मिलकर ऐसी सभी मतदाताओं के बारे में जानकारी जुटाने का काम कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# इस 'एक्ट' को भी कोई नाम दीजिये जनाब?

**केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएँ सामने आई हैं। इनमें अभी ताज़ातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गये। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की ख़बर थी। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह पुल जर्जर होता जा रहा था अनदेखी के कारण बड़े हादसे की नौबत आई।**

याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ़्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई ज़बरदस्त राजनैतिक बयानबाज़ी को । इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने ज़बरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गये थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को ज़ोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुये तरह तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ़्लाई ओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ़ गॉड नहीं एक्ट ऑफ़ फ़्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए। लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी(ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फ़रमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफ़ा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौक़ा दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है।


निर्मल रानी

परन्तु इत्तेफ़ाक़ से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है। ख़ासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था। परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो



बात ही छोड़िये केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएँ सामने आई हैं। इनमें अभी ताज़ातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गये। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की ख़बर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा।

इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज़्यादा थे । इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिये 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गये थे। यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवंबर 2024 को हुये इस हादसे में 3 मज़दूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में ख़ामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसंबर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया। जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि मॉडल राज्य गुजरात में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएँ संरचनात्मक सुरक्षा और रखरखाव की कमी को उजागर करती हैं। और बार-बार होने वाले ऐसे हादसों से जनता में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश,बिहार,मध्य प्रदेश या राजस्थान इन सभी भाजपा शासित राज्यों में कहीं निर्माणाधीन सड़कें बह रही हैं कहीं उद्घाटन से पूर्व कोई प्रोजेक्ट धराशायी हुआ जा रहा है। याद् कीजिये महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग ज़िले के मालवन में स्थित राजकोट क़िले में केवल आठ माह पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फ़ुट ऊँची मूर्ति का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गया था वह प्रतिमा 26 अगस्त 24 को ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। उस समय चुनावी बेला में समय को भांपते हुये शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफ़ी मांगने के लिये सार्वजनिक रूप से सामने आना पड़ा था । उस समय मोदी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफ़ी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं। परन्तु भाजपा शासित राज्यों में हुये बड़े से बड़े हादसों पर और आम लोगों की मौत की ज़िम्मेदारी लेना तो दूर न तो इनके लिये कभी मुआफ़ी मांगी गयी न ही खेद जताया गया।

# प्रदेश में वापस आया मानसून

## प्रयागराज-वाराणसी सहित कल 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, चेतावनी जारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से में आज से अच्छी मानसूनी बारिश के संकेत हैं। बंगाल की खाड़ी में बृहस्पतिवार की शाम को विकसित हुए कम दबाव क्षेत्र के असर से यूपी में मानसून की सक्रियता बढ़ेगी। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए प्रयागराज, सोनभद्र, वाराणसी समेत 19 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी किया है। साथ ही 39 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। बारिश से पारा गिरने और उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार को बारिश की तीव्रता और क्षेत्रफल में बढ़त का पूर्वानुमान हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि बारिश का यह दौर अगले तीन- चार दिनों तक जारी रह कर धीरे धीरे पश्चिमी यूपी की तरफ बढ़ेगा। इस बीच प्रदेश केबुंदेलखंड, तराई व मध्यांचल के इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को बंगाल की खाड़ी में विकसित हुए कम दबाव के असर से शुक्रवार से प्रदेश के दक्षिणी- पूर्वी हिस्से में अच्छी बारिश के आसार हैं।

बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

# ग्रामीणों ने दबंग व्यक्ति के विरुद्ध किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र गौरा गांव के ग्रामीणों ने गांव के ही एक दबंग व्यक्ति के खिलाफ गांव में ही विरोध प्रदर्शन किया ग्रामीणों का आरोप है विपक्षी पेशे से अधिवक्ता है ग्राम सभा के जो ग्राम सभा के रिजर्व लैंड पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है साथी गांव के पढ़ने लिखने वाले बच्चों को बेवजह केस में फंसा कर उनका करियर बर्बाद कर रहा है साथी लोगों को फर्जी में करने में फसाने की धमकी देते हैं पूरे ग्राम सभा के लोगों को परेशान करके रख दिए हैं जिनकी शिकायत कई बार स्थानीय थाने पर की गई लेकिन अधिवक्ता होने के नाते उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जिस क्षुब्ध ग्रामीणों ने चेतावनी निष्पक्ष जांच कर ऋषि के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए जितनी भी सरकारी अवैध जमीन पर इनके द्वारा कब्जा किया गया है वह शीघ्र मुक्त होना चाहिए इस संबंध में उपजिलाधिकारी नंदिनी शाह ने कहा कि जांच कर जो भी जमीन अवैध रूप से कब्जा की गई है कब्जा में करवा दिया जाएगा।

# सदस्यता अभियान को लेकर दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग कार्यालय में एक महत्वपूर्ण विभाग टोली की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में प्रवासी प्रांत संगठन मंत्री मनीष रायजी भाईसाहब का विशेष रूप से आगमन हुआ, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक विचारों से सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता विभाग प्रमुख दीपक पाठक ने की, जबकि संचालन विभाग संगठन मंत्री हरिओम जयसबाल द्वारा किया गया। विभाग संयोजक अभिषेक पटैरिया, नगर संपर्क प्रमुख विकास झा एवं नगर मंत्री गोपाल शर्मा की उपस्थिति ने बैठक को और भी सशक्त बनाया। इस दौरान विकास झा ने प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय का स्वागत नीलकंठ पाली की प्रतिकृति शिवजी की सुंदर प्रतिमा भेंट कर किया। यह स्वागत भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन के मूल्यों एवं परंपराओं की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

बैठक के मुख्य बिंदु के रूप में सदस्यता अभियान 2025 पर विशेष चर्चा की गई। इस संदर्भ में मनीष रायजी ने कहा कि छात्र शक्ति ही राष्ट्र की रीढ़ होती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान केवल संख्या नहीं, विचार और चरित्र के निर्माण का अभियान है। हमें प्रत्येक छात्र तक अभाविप के विचारों को पहुँचाना है और यह कार्य संपर्क, समर्पण और संगठन के तीन मूलमंत्रों के साथ करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने-अपने विद्यालय, महाविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर संगठन के उद्देश्यों को सरल भाषा में छात्रों तक पहुंचाना चाहिए। डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग करते हुए नए युवाओं को परिषद से जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में निम्नलिखित प्रमुख निर्णय लिए गए, जिसमें आगामी माह में प्रत्येक नगर इकाई द्वारा विशेष सदस्यता शिविर लगाए जाएंगे। महाविद्यालय आधारित टोली निर्माण पर ज़ोर दिया जाएगा ताकि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिले।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विकास खण्डो में लगेंगे कैम्प



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। आज कुल 07 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही कुल 218 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अगस्त माह में आयुष्मान कार्ड के लिए विकास खण्ड स्तर पर विशेष कैम्प लगाए जाएंगे। इन कैम्पों में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, अंत्योदय कार्ड धारकों व 6 से अधिक सदस्य संख्या वाले पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश कि अंश निर्धारण व पैमाइश के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। चकरोड व सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाये।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई स्वच्छ भारत मिशन की बैठक

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आरआरसी सेंटरों को सक्रिय अवस्था में रखा जाये।

नये ग्रामों के चयन के लिए स्थल की उपयुक्तता की अच्छी तरह से जाँच कर ली जाये। गोबर्धन बायोगैस प्लांट को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाये। चिन्हित स्थानों पर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य जल्द प्रारम्भ किया जाये। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुचारु बनाई जाये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला पंचायती राज अधिकारी विनय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई, ग्राम प्रधान बांसा, नेदुरा व खजूरमई, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एलयूसीसी घोटाले में कोर्ट ने बड्स एक्ट की धारा 3/21 के अंतर्गत प्रसंज्ञान लेने से किया इंकार

अवधनामा संवाददाता

**■ विवेचक को आरोप पत्र फिर से प्रस्तुत करने के निर्देश**




**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड में चर्चित एलयूसीसी के कथित घोटाले से जुड़े आपराधिक वाद में आज एक महत्वपूर्ण न्यायिक आदेश पारित किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (बड्स एक्ट, 2019) यादवेन्द्र सिंह की अदालत ने एलयूसीसी के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले में बड्स अधिनियम की धारा 3/21 के अंतर्गत प्रसंज्ञान लेने से इंकार कर दिया है। मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप था कि एलयूसीसी द्वारा निवेशकों से अवैध तरीके से धन एकत्र किया गया। विवेचक द्वारा विवेचना के उपरांत आरोप पत्र भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के साथ-साथ बड्स एक्ट की धारा 3/21 के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एलयूसीसी एक पंजीकृत बहु-राज्य सहकारी समिति है, जो कि मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 के अंतर्गत भारत सरकार के केन्द्रीय रजिस्ट्रार से पंजीकृत है। न्यायालय ने यह माना कि सोसाइटी द्वारा चलाई जा रही स्कीम रेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम की श्रेणी में आती है, न कि अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम की। अतएव बड्स अधिनियम की धारा 4/22 के प्रावधान इस मामले पर लागू होंगे न कि धारा 3/21 के, जैसा कि विवेचक ने आरोपपत्र में जोड़ा था।

न्यायालय ने कहा कि चूँकि धारा 4/22 से जुड़े मामलों में केवल रेगुलेटर द्वारा योजित परिवाद के आधार पर ही संज्ञान लिया जा सकता है (धारा 27), इसलिए वर्तमान में अभियुक्तगणों के विरुद्ध बड्स एक्ट की धारा 3/21 के अंतर्गत प्रसंज्ञान नहीं लिया जा सकता। इस आधार पर अदालत ने केस डायरी और आरोप पत्र वापस विवेचक को इस निर्देश के साथ लौटाने का आदेश दिया कि वे इसे सक्षम न्यायालय में नियमानुसार प्रस्तुत करें। रेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम की पुष्टि एलयूसीसी के पंजीकरण प्रमाणपत्र, बायलॉज और रजिस्ट्रार की जानकारी से हुई। धारा 3/21 बड्स एक्ट केवल अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम पर लागू होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयरहाउस की व्यवस्थाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की वेयरहाउस कि वाह्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। परिसर में साफ सफाई की उचित व्यवस्था रखी जाए। आवश्यक सूचनाएं ससमय राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों को मिली राहत, 21 अगस्त को अगली सुनवाई

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया है। सीतापुर के बच्चों द्वारा दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। इसके बाद विलय प्रक्रिया में अनियमितताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया। याचिकाओं पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 21 अगस्त नियत की गई है। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। हाईकोर्ट के आदेश से सीतापुर के बच्चों को बड़ी राहत मिली है।

### छात्रवृत्ति धनराशि वितरण को सफल क्रियान्वयन को बैठक

**आजमगढ (अवधनामा संवाददाता)।** मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में हरिऔध कला केन्द्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत अध्ययनरत सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने एवं धनराशि वितरण को सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आजमगढ़, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, आजमगढ़, अग्रणी जिला प्रबन्धक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, आजमगढ़ एवं अन्य अधिकारीगणों के साथ जनपद में संचालित समस्त पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों/प्राचार्यो द्वारा भाग लिया गया। जिसमें छात्रवृत्ति आवेदन करने की पात्रता, छात्रवृत्ति डाटा का परीक्षण एवं अग्रसारण आदि के सम्बन्ध में चर्चा किया गया।

### प्रतिमा स्थापित कराने की मांग लेकर सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**आजमगढ (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद के इतिहास में वीर कुवंर सिंह जी का काफी योगदान है आपकी सरकार में कुवंर सिंह पार्क का सुन्दरीकरण हो चुका है महराज जी आपको अवगत कराना है कि पहले उक्त पार्क में शहीद कुवंर सिंह जी की एक प्रतिमा लगी थी जो पूर्व की सरकारो में किसी कारण से हटा दी गयी। शहीद कुवंर सिंह की एक प्रतिमा कुवंर सिंह पार्क में स्थापित कराने की मांग को लेकर बलराज सिंह सदस्य प्रदेश कार्य समिति भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा उप्र के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल सीएम योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिला।

बलराज सिंह ने बताया कि जनपद के प्रकान्ड विद्वान राहुल सांस्कृत्यान जिनके कारण आजमगढ़ की देश व विदेशो में पहचान है इनके नाम से आजमगढ़ में एक राहुल पेक्षागृह बना हुआ है जो काफी जिर्ण सिर्ण हो चुका है जिसकी मरम्त की आवश्यकता और उनकी एक प्रतिमा आजमगढ़ में स्थापित कराने की मांग सीएम से की गयी।

# एसपी ने आरटीसी प्रशिक्षण में आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया

अवधनामा संवाददाता



**■ ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देकर, अनुशासन का पालन करने के निर्देश**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में आरटीसी प्रशिक्षण के लिये आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया। इस दौरान आरक्षियों को ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देते हुए अनुशासन, अच्छा आचरण, सोशल मीडिया पॉलिसी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। एसपी ने बताया कि अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान दी जाने वाली बेहतर मूलभूत सुविधायें प्रदान करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। साथ ही ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को लेकर आवश्यक जानकारी दी। ट्रेनिंग के दौरान दैनिक दिनचर्या के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को निर्देशित किया। अभ्यर्थियों को वर्तमान में टैक्नोलाजी का सदुपयोग करते हुए अपना कौशल विकास करने, पुलिस के आचरण जैसे रूढ़िवादी सोच, गैर पक्षपात पूर्ण कार्य, महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतने, पुलिस को ईमानदारी पूर्वक जाति, धर्म व राजनैतिक बातो से परे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, उ.प्र. पुलिस के गौरवमयी इतिहास में आने वाले अगले 35 से 40 वर्षो तक बदलते हुए समय को देखते हुए एक बीट आरक्षी की भूमिका बहुत अहम हो जाती है। आरक्षी पद से ही हमारी पुलिस प्रणाली मजबूत होती है तथा अपराधियों व अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलती है। ट्रैनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को अनुशासन में रहने के अलावा सोशल मीडिया पॉलिसी के सम्बन्ध में जानकारी दी। तत्पश्चात अभ्यर्थियों को महिला सम्बन्धी सुरक्षा व शासन द्वारा महिलाओं के सम्बन्ध में संचालित अभियानों के सम्बन्ध में बताया। शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान आउटडोर में होने वाली क्रियाओं में पीटी, योगासन, खेलकूद आदि के महत्व के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को अवगत कराया। सभी अभ्यर्थियों को बेसिक पुलिसंग के बारे में जानकारी देकर, अपनी ड्यूटी को सेवा भाव के रूप में करने के सम्बन्ध में बताया गया।

# जल संरक्षण को सशक्त करने के लिए जल संचय-जन भागीदारी किया गया लॉन्च

**आजमगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने बताया है कि प्रधानमंत्री के मन की बात के भाषण और जनशक्ति जल शक्ति हेतु जन भागीदारी की अपील के क्रम मे राष्ट्रीय जल मिशन की प्रमुख पहल जल शक्ति अभियानः कैच द रेन को प्रारम्भ किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय आधारित जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होने बताया है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के Whole-of-Government and Whole-of-Society दृष्टिकोण तथा सूरत और नवसारी (दक्षिण गुजरात) के वर्षा जल संचयन प्रयोग आधार पर जल संचय जन भागीदारी पहल की शुरूआत जल शक्ति अभियानः कैच द रेन अभियान के अन्तर्गत 6 सितम्बर 2024 को सूरत (गुजरात) में की गई। इस अभियान का उद्देश्य भूजल पुनर्भरण और मंडारण है, जिसे CSR, Community, Cost xC मंत्र के माध्यम से आगे बढ़ाया गया।

# मूसलाधार बारिश से फिर उफनाए नदी-नाले

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** गुरूवार की सुबह से शुरू हुयी मूसलाधार बारिश के कारण जिले में फिर जगह-जगह जल भराव की समस्या विकराल हो चली है। जिला प्रशासन की ओर से नगर पालिका परिषद के जरिए लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हो रहा है। हालात यह हैं कि विगत कुछ दिनों से तेज धूप निकल रही थी, जिसके चलते जल भराव वाले स्थानों पर कार्य कराकर समस्या का निस्तारण कराया जा सकता था, लेकिन शिथिल कार्यप्रणाली के चलते ऐसा हो न सका और अब आलम यह है कि उक्त स्थानों पर फिर से भारी जल भराव की समस्या देखने को मिल रही है।

श्रीनीलकण्ठेश्वर भगवान भोलेनाथ की नगरी जो कि पान के लिए विख्यात है के हजारिया वार्ड संख्या 9 में रहने वाले शंकर चौरसिया के कच्चे मकान की छत गिर गयी है। इस कारण मजदूरी करने वाले शंकर चौरसिया को भारी नुकसान पहुंचा है। छत गिरने के कारण मकान में भी पानी भर गया है। बताया जा रहा है कि शंकर चौरसिया का यही निवास है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ निवासरत है। पड़ौसियों ने बताया कि विगत कई वर्षो से यहां जल भराव की समस्या बनी हुयी है, जिस पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। गुरूवार को सुबह से ही शुरू हुयी मूसलाधार बारिश के चलते राजघाट बांध के भराव क्षेत्र में लगातार पानी की आवक हुयी है, निर्धारित क्षमता बनाए रखने के लिए गेट खोलकर कर 35 हजार क्यूसेक जल निकासी की जा रही है।

# गीता रहस्य लिखकर तिलक ने नींद में डूबी जनता को जगा दिया : प्रो. शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**बाल गंगाधर तिलक जयंती विशेष**



**ललितपुर।** बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है-उसको हम लेकर ही रहेंगे का पराधीन भारत में शंखनाद करने वाले, अर्जी-एप्लीकेशन की कागजी मीनारें खड़ी करके अंग्रेजों के आगे अपना दुखड़ा रो-रोकर प्रकट करने वाली ठंडी आराम कुर्सियों और सुनहरी पगडण्डियों वाली राजनीति को किनारे करते हुए तत्कालीन काँग्रेस के गरम दल के नेता बालगंगाधर तिलक ही प्रथम जननायक थे, जिन्होंने संघर्ष को जेल के सींकचों से जोड़कर जंगे आजादी को नये तेवर प्रदान किए। माण्डलै जेल में एक बंदी के रूप में लिखा गया उनका अमर ग्रन्थ गीता रहस्य जन- मुक्ति का खुला घोषणा पत्र सिद्ध हुआ है। उन्होंने इस ग्रन्थ की भूमिका में लिखा श्रीश्री शायजनात्मने- अर्थात् इसे मैं जनता जनार्दन को समर्पित करता हूँ। तत्कालीन प्रख्यात विद्वान, जिन्होंने 40 साल तक संस्कृत में पारंगति हासिल की मैक्समूलर ने अंग्रेजों को कड़ी फटकार लगाई कि तिलक जैसे विद्वान को तुरंत जेल से रिहा करो। आम जनता को अँग्रेजों के विरुद्ध जुझारु संघर्ष का उन्होंने इंजन बना दिया था। 1908 में भारतीय जनमत के प्रबल विरोध के बाबजूद समाचार अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार करके अँग्रेजों ने 6 साल के कठोर कारावास की सजा दी।

# स्मार्ट मीटर से कई गुना वसूली से परेशान उपभोक्ता

## मुख्यमंत्री के नाम व्यापारियों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** प्रदेश में पावर कारपोरेशन द्वारा भविष्य में 40-45 प्रतिशत बढाई जा रही दरों को न बढाये जाने एवं फिक्स चार्ज को समाप्त किये जाने और प्रदेश में स्मार्ट मीटरों के माध्यम से की जा रही कई गुना वसूली बंद कराये जाने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश चेयरमेन महेन्द्र जैन मयूर के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा है। बताया कि उ.प्र.पावर कारपोरेशन द्वारा आपके समक्ष बिजली की दरों एवं फिक्स चार्ज को बढाने का प्रस्ताव दिया गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने की दशा में मध्यम वर्गीय एवं निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों पर बुरा प्रभाव पढेगा तथा गरीब रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ता को 3 रूपया प्रति यूनिट निर्धारित है जो प्रस्तावित टेरिफ से वह 4 रूपया प्रति यूनिट हो जायेगी। प्रस्तावित की गयी दरों 1 किलोवाट पर आधारित 100 यूनिट 8.40 रूपया वर्तमान में 6.60 रूपया 2 किलोवाट पर प्रस्तावित 9.15 रूपया वर्तमान 6.73 रूपया, 5 किलोवाट 200 यूनिट पर 12 रूपया तथा वर्तमान 8.38 रूपया टेरिफ निर्धारित है। जिसके मुताबिक 40 से 45 प्रतिशत यथास्थिति मे दरे बढ जायेगी जो कि आम आदमी की पहुँच से बाहर होगी, शहरी फिक्स चार्ज 110 से बढकर 190 रूपया प्रति किलोवाट और ग्रामीण क्षेत्र में 90 रूपया से 150 रू0 प्रति किलोवाट प्रस्तावित दरों के हिसाब से हो जायेगी। फिक्स चार्ज के माध्यम से उपभोक्ता के साथ अन्याय किया जा रहा है क्योंकि उपभोक्ता निर्धारित अपने द्वारा उपभोग की गयी विद्युत मूल्य को पूर्णता अदा कर रहा है तो फिक्स चार्ज क्यों लिया जा रहा है, इसे बन्द किया जाना चाहिए। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दो कम्पनियों को स्मार्ट मीटर लगाये जाने के लिए अनुबंधित किया है जिसमें दक्षिणांचल में जीनस कम्पनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है जो बिजली उपयोग से 4.5 गुना अधिक रीडिंग दे रहे है जिसे चेक मीटरों ने भी गलत ठहराया है। उपरोक्त स्मार्ट मीटर लगाने वाली दोनो कम्पनियों पूर्व से गोवा में ब्लेक लिस्टेटड की गयी थी, लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों से उपभोक्तओं को मुक्ति दिलायी जायें और कम्पनियों के अनुबंध समाप्त किये जाये। उपरोक्त दरों के बढने से प्रदेश के उद्योग जो केन्द्र व प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण सहयोग से विकसित नयी इकाइयां लगायी जा रही है नये नये उद्योग लगाये जा रहे है निवेश मित्र समिट आदि योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है बिजली की बढी दरों के कारण- उद्यमी और उद्योग अन्य प्रदेशों को पलायन करने विवश होगे।

# जल निगम को सड़कों की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विगत दिनों पहले एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जल निगम के अधिकारी, ठेकेदार, पालिका के अवर अभियंता खुशबू खांन व लिपिक दीपेन्द्र कुमार द्वारा वार्ड नंबर 14 मु.गोविंद नगर रावतयाना में टीम द्वारा जल भराव का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि वार्ड नबर 14 मुहल्ला गोविंद नगर रावतयाना में जल निगम द्वारा डलवाई जा रही पाइप लाइन के तहत खोदे गये गड्ढों को सही से नहीं भरे जाने के चलते दिनेश साहू के घर से लेकर पुरूषोत्तम साहू के घर तक की सड़क पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। तत्समय ईओ ने जल निगम के संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया था कि पाइप लाइन के लिए खोदे गये गड्ढों को तत्काल प्रभाव से भरकर पालिका की सड़क की मरम्मत कराई जाये, जिससे कि मोहल्ले में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो सके। उक्त निर्देश के क्रम में जल निगम के अधिकारियों द्वारा संबंधित ठेकेदार को सड़क डलवाये जाने हेतु आदेशित किया गया, जिसके बाद जल निगम के द्वारा वार्ड नंबर 14 मुहल्ला गोविंद नगर रावतयाना में दिनेश साहू के घर से लेकर पुरूषोत्तम साहू के घर तक की सड़क पर को डलावाया गया। ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि पाइप लाइन के लिए खोदी जा रही नगर पालिका की सड़कों की मरम्मत कराये जाने हेतु टीमों को लगाकर सत्यापन कराया जा रहा है।

# भाकियू जोनल अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों के कसे पेच

■ बोले संगठन मे लोग आते जाते रहते हैं लेकिन अहमियत व अस्तित्व पर कोई फर्क नही पड़ता है

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भाकियू टिकैत जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी की अध्यक्षता में जीटी रोड स्थित अलकरमा गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक की गई। जिसमें अधूरे कार्य एवं कार्यवाही रजिस्टर देखकर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी की जमकर क्लास लेते हुये कहा कि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का अस्तित्व संगठन से है संगठन में लोग आते जाते रहते हैं, लेकिन संगठन की अहमियत एवं अस्तित्व पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

गुरुवार को समीक्षा बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं कानपुर मंडल अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के साथ पहुंचे जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने कन्नौज तहसील अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजपूत, छिबरामऊ तहसील अध्यक्ष फक्रे आलम, तिर्वा तहसील अध्यक्ष कुलदीप कुमार से बारी-बारी से तहसील में कुल ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायत की कुल संख्या सहित कमेटी के गठन की विस्तृत जानकारी लेने के उपरांत कहा कि तहसील अध्यक्ष ब्लॉक समिति एवं ग्राम सभा कमेटी का गठन 30 सितंबर तक करवा दें जो पदाधिकारी अपने कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही करेगा उसे संगठन विरोधी माना जाएगा उसके विरुद्ध संगठनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिलाध्यक्ष ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह सहित जिला उपाध्यक्षों सचिवों आदि से भी गहन जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, मंडल अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार काम करना है कार्यकर्ताओं की आपसी लड़ाइयों के लिए जनपद स्तर पर 10 सदस्यों वाली टीम का गठन किया जाएगा। समीक्षा बैठक के उपरांत जिलाध्यक्ष ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह एवं सुरेश यादव ने सभी अतिथियों को फूल मालायें पहनाकर एवं शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. शरद द्विवेदी, प्रमोद त्रिपाठी, मारूफ खान, डॉ. साजिद हुसैन, मो शहराज, इरशाद अली, धर्मेंद्र प्रताप सिंह राजपूत बबलू ठाकुर, सत्यम प्रजापति, आमिर खान, रामबाबू तिवारी, जैनुल अंसारी, राहुल कुमार, रामकिशोर मिश्रा, डब्लू ठाकुर, सबनूर खान मुन्ना, जियाउद्दीन खान, विक्रम, जफर अहमद मोहसिन, जीशान, नफीस सिद्दीकी, वसीम सिद्दीकी, डॉ मनोज सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक करते जोनल अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि।

# बीआरसी के कर्मचारी ने घर पर फांसी लगाकर दी अपनी जान

■ मृतक की सगाई होने के बाद घर पर चल रही थी शादी की तैयारियां

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** बीआरसी पनवाड़ी में चपरासी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति पर तैनात कर्मचारी ने अपने घर में फांसी लगा ली। मां ने बेटे को फांसी पर लटका देख उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजने के बाद घटना के बावत पूछताछ शुरू कर दी है।



कस्बा पनवाड़ी के मोहल्ला जंटपुरा निवासी अनिकेत अहिरवार (23) पुत्र स्व0 जितेंद्र अहिरवार बीआरसी पनवाड़ी में पिता की मौत के बाद अनुकम्पा के तहत चपरासी पद पर तैनात था। बीती रात अनिकेत मां सुधा देवी व उसके भाई बहन खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। देर रात कुछ आवाजे आने पर उसकी मां की आंख खुल गई और वह बेटे के कमरे में पहुंची उसे न पाकर दूसरे कमरे में देखने गई जहां पर अनिकेत को फांसी के फंदे पर लटका देख चीखने चिल्लाने लगी। आवाज सुन अन्य परिजन कमरे में पहुंचे और आनन फानन में फांसी के फंदे से नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया।

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में रोना पीटना मच गया। बेटे की मौत से मां का बुरा हाल हो गया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा उसे समझाने का प्रयास किया गया। फांसी से युवक की मौत मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा परिजनों और ग्रामीणों से युवक द्वारा फांसी लगाए जाने के बावत जानकारी की जा रही है। बताया जाता है कि अनिकेत की एक माह पूर्व उसकी महोबा मे सगाई हुई थी और शादी की तैयारियां चल रहीं थी। मृतक के परिवार में मां के अलावा उसका छोटा भाई विक्रम (21) और बहन वंशिता (19) है, जिनका रोरोकर बुरा हाल है। परिजन भी आत्महत्या का कारण नही बता पा रहे है।

# डीआरएम ने निरीक्षण में अधूरे निर्माण कार्यों पर जताई नाराजगी

■ पार्किंग एरिया को स्थानांतरित करने के निर्देश दिये, दुकानदार ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने गुरुवार की दोपहर स्पेशल ट्रेन से पहुंचकर स्थानीय रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और सुरक्षा मानकों सहित लम्बे समय से हो रहे निर्माण कार्य का जायजा लेते हुये निर्माण कार्य के पूरे न होने पर नाराजगी जताई।



गुरुवार की दोपहर निरीक्षण दौरान डीआरएम वीणा सिन्हा का ध्यान लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्यों पर गया, जो अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होनें ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी यात्रियों की असुविधा का कारण बन रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने वेटिंग हॉल की छत से पानी टपकने पर नाराजगी जताई और उसे तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म पर दो बड़े वाटर कूलर लगाने की बात कही। साथ ही उन्होंने पार्किंग एरिया को भी स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त अजय कुमार ने ज्ञापन देकर बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में सन 1982 में राष्ट्रपति भारत सरकार द्वारा सहायक मण्डल इंजीनियर पू. रे. फतेहगढ द्वारा दुकान अनुज्ञप्ति प्राप्त धारक है। और आज तक कभी भी अनुज्ञप्ति का उलंघन नही किया है। उसकी दुकान हटाने से उसके परिवार के समक्ष गंभी आजीविका का संकट उत्पन्न हो जायेगा। उन्होनें सपत्नी डीआरएम से प्रस्तुत तथ्यों पर सहानुभूति विचार करते हुये उसकी अनुज्ञप्ति के वास्ते दुकान संचालन जारी रखनें या विस्थापन हेतु जगह चिन्हित करानें की मांग की है। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता और स्टेशन अधीक्षक मौजूद रहे। डीआरएम ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर कार्य में प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# डायरिया रोको अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

■ आकांक्षा पहले, अंजली दूसरे और तपस्या रहीं तीसरे स्थान पर

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी में बुधवार को पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 50 बालिकाओं ने भाग लिया, जिसमें आकांक्षा पहले, अंजली दूसरे और तपस्या तीसरे स्थान पर रहीं। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को डायरिया से सुरक्षित रहने के जरूरी संदेश दिए गए। सांप-सीढ़ी खेल के माध्यम से भी उनको डायरिया के प्रति जागरूक बनाया गया। इन सभी गतिविधियों को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस मौके पर विद्यालय की वार्डेन नीलम मिश्रा ने कहा कि भीषण गर्मी और बारिश के दौरान डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं। डायरिया का सही इलाज ओआरएस का घोल और जिंक के टेबलेट हैं, जिन्हें उम्र के अनुसार निश्चित अवधि और निश्चित मात्रा में लेना बहुत जरूरी होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में 16 जून से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। डायरिया रोको अभियान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू भी सहयोग कर रहे हैं। समुदाय में डायरिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य के साथ ही बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आज यह गतिविधियां आयोजित की गयीं। इस दौरान शिक्षिका मिथिलेश आर्य, सरिता गौतम, सुनीता मिश्रा एवं सविता देवी तथा पीएसआई इंडिया से गजेंद्र सिंह, अनुरेश सिंह, अशरफ हुसैन एवं मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# खनन विभाग के लिपिक को रिश्वत लेते एंटी करप्शन ने किया गिरफ्तार

**उन्नाव।** बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित खनन विभाग के एक बाबू को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। एंटी करप्शन टीम ने खनन विभाग के लिपिक संतोष को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। जानकारी के अनुसार जनपद लखनऊ के एक ट्रक मालिक का खनन नियमों के उल्लंघन में उनका ट्रक पकड़ा गया था। ट्रक छुड़वाने के लिए जब वह खनन विभाग पहुंचा जहां खनन विभाग के बाबू संतोष ने रुपये की मांग की। ट्रक मालिक ने एंटी करप्शन ब्यूरो लखनऊ में संतोष की शिकायत की। एंटी करप्शन विभाग के अधिकारियों ने शिकायत की पुष्टि के बाद विशेष टीम भेजी गई। टीम ने कलेक्ट्रेट परिसर में जाल बिछाया। बाबू संतोष, अमित कुमार व एक अन्य को रिश्वत लेते ही पकड़ लिया गया। एंटी करप्शन टीम ने बाबू सहित तींन को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। खनन विभाग के कर्मचारियों में खलबली मच गई।

# यातायात प्रभारी ने रोडवेज में अनुबंधित बस चालक का लाईसेंस किया जब्त

■ 55 चालान के बाबजूद कर रहा था अनुशासनहीनता, टीएसआई ने बांटे पंपलेट

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के नेतृत्व में प्रभारी यातायात आफाक खां ने यातायात व्यवस्था देखभाल कर सरायमीरा की ओर लौटते समय देखा कि एक रोडवेज बस का चालक यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी से रोड पर गाड़ी खड़ी करके सवारियां भरने के चक्कर में बहस कर रहा था। प्रभारी द्वारा जब ड्राइवर को चेक किया गया, तो उक्त बस के 55 चालान हो चुके थे। जिसमें 49 चालान पेंडिंग थे। जिस पर प्रभारी यातायात द्वारा बस के ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस तीन महीने के निलंबन हेतु जप्त कर लिया गया और अनुबंधित बस होने के कारण प्रभारी द्वारा एमआरएम गोरखपुर को आवश्यक कार्यवाही के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी। ताकि दूसरे ड्राइवर पुलिस से अनावश्यक ना उलझें।




उधर गुरसहायगंज में टीएसआई अरशद अली द्वारा पीडब्लूडी तिराहा, पुलिस चौकी चौराहा, तिर्वा रोड आदि स्थानों पर आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। टीएसआई द्वार आम जन को बताया गया कि स्वयं यातायात नियमों को जाने और दूसरों को भी समझाने का प्रयास करे। जो चालक मोटर साइकिल पर हेलमेट लगा कर नहीं चल रहे थे उन्हें आगे से हेलमेट लगाने की चेतावनी देते हुए टीएसआई अरशद ने मोटर साइकिल पर पहले हेलमेट, बाद में चाबी के पंपलेट भी चिपकाए साथ ही टेंपो, ई रिक्शा चालकों को चेतावनी दी कि यदि कोई भी वाहन चालक महिला सवारी को छू कर या पकड़ कर वाहन में बैठाएगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। हाइवे पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान भी किए गए। इस अभियान में आरक्षी चांदबाबू, होमगार्ड राजेश, पीआरडी सत्यनाम सिंह, विकास आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गमें हुसैन में मजलिस मातम मातमी जुलूसों का सिलसिला बदस्तूर जारी

**संभल, अवधनामा संवाददाता।** गमें हुसैन में मजलिस मातम मातमी जुलूसों का सिलसिला बदस्तूर जारी है बुधवार की रात में शहर के मौहल्ला नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह फरमान हुसैन में मजलिस के बाद अलम बरामद किया गया जिसमें अजादारो ने मातम व नोहा ख्वानी करके इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके साथियों की शहादत का पुरसा मादरे हुसैन की खिदमत में पेश किया। मजलिस की शुरुआत मर्सियाख्वानी से की गयी जिसको रहबर हुसैन आदि ने पेश किया। मजलिस को शाहिद साहब ने खिताब करते हुए कहा कि मजलिसे हमारी दर्सगाह है। इस लिए मजलिसो में रस्म समझ कर नहीं बल्कि इबादत समझ कर शिरकत करे मजलिसो से इल्म में इजाफा करे और बुराईयों से दूर रहकर हुसैनी बने इमाम हुसैन बुराई से नफ़रत करते थे इसलिए इमाम हुसैन के चाहने वालों को को भी बुराईयों से दूर रहना चाहिए। बाद मजलिस के इमाम बारगाह में अलम बरामद किया गया जिसकी जियारत कर अजादारो ने की शाह आलम अरशद हसन आदि ने नोहे पेश किए गए गौरतलब है कि शिया समुदाय के लोगो मे मोहर्रम का चांद नजर आने के साथ ही मातमी सिलसिला शुरू हो जाता है जो आठ रवि अव्वल तक बदस्तूर जारी रहता है।

### एडीजी ने की कांवड़ यात्रा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन सुजीत पाण्डेय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में सलामी लेने के पश्चात सभागार में कांवड़ यात्रा, अपराध एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध, आवश्यक बैरियर, ट्रैफिक डायवर्जन आदि की समीक्षा की गई एवं भीड़ व संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं सतर्क निगरानी हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महिला सम्बन्धी अपराधों एवं हत्या, लूट, डकैती, चोरी, साइबर अपराध, रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण, आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा आदि की समीक्षा कर सोशल मीडिया पर अफवाहों के खण्डन एवं भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### युवक की तालाब में डूबकर मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** थाना अजगैन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खाड़ेखेड़ा मजरा भौली में गांव निवासी अशोक रावत 38 पुत्र धनपती रावत खेतों की सिंचाई के लिए तालाब पर इंजन से सेक्शन पाइप खोलने गए थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह फिसलकर तालाब में गिर गया जिससे गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर अजगैन पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### 26 को चंडीगढ़ यूनीवर्सिटी के उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल मुख्यमंत्री



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर आईएएस मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज द्वारा मुख्यमंत्री के 26 जुलाई को प्रस्तावित चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेज, हेलीपैड, सेफ हाउस, वीआईपी गैलरी, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा एवं संबंधित अधिकारी को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील गोंड अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, उपजिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पांडेय, क्षेत्राधिकारी हसनगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मनचले ने किशोरी के साथ बुरी नीयत से की छेड़छाड़

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी अंतर्गत बुधवार दोपहर एक किशोरी बुधवार दोपहर गांव के बाहर बकरियां चरा रही थी। जिसे अकेला देखकर साजिद पुत्र सुल्तान निवासी पखरौरा मुस्तफाबाद सफीपुर ने गलत नियत से युवती का हाथ पकड़कर खींचने लगा। पीड़िता शोर मचाने लगी तो धारदार हथियार खुरपी से वार कर घायल कर भाग निकला। पीड़िता ने कोतवाली सफीपुर में साजिद के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रार्थनापत्र दिया है। सफीपुर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर करवाई शुरू कर दी है।

# जीएसटी विभाग के उत्पीड़न के खिलाफ व्यापारियों ने खोला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता

■ जिला उद्योग व्यापार मंडल ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**महोबा।** जिला उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा धारा 79 के अंतर्गत की जा रही वसूली एवं सर्वे के नाम पर छापामार कार्रवाई कर व्यापारियों को परेशान और उत्पीड़न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा।

व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश राज्यकर विभाग व्यापारियों के खिलाफ दमनकारी नीति अपना रहा है। पूर्व सूचना के बैंक खाते सीज करना एवं बिना किसी सूचना के बैंक से धन निकासी की जा रही है और जीएसटी विभाग ईमेल के माध्यम से नोटिस दे रहा है, जिससे अशिक्षित व्यापारियों की समझ से बाहर है साथ ही घोषणा के बावजूद ट्ब्यूनल न होने के कारण व्यापारी दूसरी अपील भी नहीं कर पा रहा है। ज्ञापन में बताया कि कोरोना काल के बाद आनलाइन व्यापार से छोटा एवं मध्यम श्रेणी वाले व्यापारी पूरी तरह से टूट चुका है। जिला उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि जनपद एटा में कुटीर उद्योग पूरे देश में प्रसिद्ध है, यह कार्य घर घर महिलाएं करती हैं और अपना जीवन यापन करती है, वहां पर भी घर घर जाकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। सचल दल द्वारा बिल में भूलवश कोई छोटी त्रुटि पर चालान काटा जा रहा है, इससे भ्रष्टाचार को बढावा मिल रहा है। बताया कि जीएसटी अधिकारियों द्वारा धारा 79 का दुरुपयोग करते हुए शासन की निगाह पर अपना नम्बर औ गुडवर्क प्रदर्शित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे व्यापारियों का शोषण हो रहा है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराते हुए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए जाने की मांग उठाई है। इस मौके पर जिला व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच, जिला प्रभारी रवि साहू, महामंत्री उमेश लाक्षाकार, विजय पाटकार, शिवकुमार सोनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भरोसीलाल अनुरागी, रोनी गुप्ता, अनीता शर्मा, हरिशंकर अग्रवाल, सुशील कुमार सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।



# भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मिशन शक्ति, आईसीडीएस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी। बच्चों के एफिडेविट तथा बर्थ सर्टिफिकेट को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिशन शक्ति को लेकर आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा कन्या सुमंगला की प्रगति विभाग वार प्राप्त की गयी। अवनिधि फाउंडेशन से आयीं निधि पटेल द्वारा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करें । समाज सेविका संगीता भार्गव ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। संगीता भार्गव द्वारा चंदौसी में पिंक टायलेट का प्रस्ताव रखा ।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उडान ग्रुप बबराला की ममता राजपूत द्वारा जनपद की चण्डोस नृत्य कला के प्रसार के संबंध में जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि लोकल फॉर वोकल के अन्तर्गत 28 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक रोडवेज बस स्टैंड परिसर बहजोई में आकांक्षा हाट लगाया जाएगा। इसके अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि सीएचसी चंदौसी में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र ( एन आर सी) के समान प्रत्येक ब्लॉक के सीएचसी पर चार- चार बेड आरक्षित कर एन आर सी के पैरामीटर पर कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक ब्लॉक असमोली एवं गुन्नौर के अन्तर्गत सैम एवं मैम बच्चों की संख्या के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यो को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने आर ई डी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण तीव्र गति से एवं गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, समाज सेविका संगीत भार्गव, निधि पटेल, उडान ग्रुप बबराला से ममता राजपूत एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# विधायक ने किया शिलान्यास




अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** जिले की भगवंतनगर विधानसभा अंतर्गत बीघापुर विकासखंड परिसर में स्थित साधन सहकारी समिति लिमिटेड बीघापुर खुर्द के नए भवन निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकारों की बदौलत आज सहकारिता से किसान जुड़कर लाभ उठा रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं उनकी समस्याएं हैं विधानसभा की प्रत्येक सोसाइटी में डी ए पी,यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि किसी समय सहकारिता केवल एक ही परिवार की प्रॉपर्टी थी जिसके चलते सहकारिता से किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा था। आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में किसानों की सहकारिता के प्रति अभिरुचि बढ़ी है उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में तीन और नई सोसाइटियों का निर्माण शीघ्र होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष निर्भय सिंह लाला, जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक शिवदर्शन, समिति के उपाध्यक्ष एसी बाजपेई, पूर्व समिति अध्यक्ष सुभाष वाजपेई, अभय सिंह, नीरज सिंह, आचार्य शीतला पांडेय, विश्वनाथ सिंह, बंसीलाल लोधी, ज्ञान द्विवेदी, विजय सिंह मुन्ना, जयकरण पटेल, मोनू सिंह, सचिव शिवपाल आदि रहे।

# प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट हैं राजस्थान की ये जगहें, जिंदगी भर नहीं भूलेंगे आप

हम सभी यादों को कैद करने के लिए तस्वीरें लेते हैं। वहीं शादी के पलों को खासकर अपनी यादों में संजोना चाहते हैं। जैसे शादी से पहले प्री-वेडिंग फोटोशूट, पोस्ट वेडिंग शूट, मैटरनिटी शूट करवाते हैं। जिससे कि इन तस्वीरों को हम जब भी देखें, तो इन खूबसूरत पलों को यादकर मुस्कुरा सकें। इस सब के बीच आजकल के कपल्स प्री वेडिंग फोटोशूट करवाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप भी प्री वेडिंग शूट के लिए खूबसूरत जगहों की तलाश कर रहे हैं। तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान की कुछ बेहद खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। राजस्थान में आपको कई ऐसी लोकेशन मिलेंगी। जो आपको रॉयल फील देने का काम करेंगे।



## मंडावा

अपनी खूबसूरत नक्काशी और कृतियों वाली हवेलियों के लिए जाना जाने वाला मंडावा रिच कल्चरल हेरिटेज डेस्टिनेशन है। ऐसे में आप यहां पर फोटोशूट करवा सकते हैं। शादी के सीजन में कई कपल्स यहां पर फोटोशूट करवाते हैं।



## बूंदी

राजस्थान का बूंदी शहर अपने भव्य महलों के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। यह हवेलियां और महल आपकी प्री-वेडिंग शूट को रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप यहां पर तारागढ़ किला, रानी जी की बावड़ी आदि में अपना शूट करवा सकते हैं।

## शेखावाटी एरिया

आपको बता दें कि शेखावाटी एक ओपन एयर आर्ट गैलरी है। यहां की हवेलियों में खूबसूरत पेंटिंग हो रखी है। प्री-वेडिंग शूट के लिए यह लोकेशन सबसे बेस्ट है। शेकावाटी एरिया का खूबसूरत लोकेशन आपके प्री-वेडिंग शूट में चार चांद लगाने का काम करेगा।

## रणकपुर

रणकपुर 15वीं शताब्दी के जैन मंदिरों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। रणकपुर में कई ऐसी जगहे हैं, जहां पर आप प्री-वेडिंग शूट करवा सकते हैं।

## भरतपुर

राजस्थान का भरतपुर अपने नेचर और वाइल्डलाइफ के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर आप भी प्री-वेडिंग शूट में वाइल्डलाइफ और नेचर का टच देना चाहते हैं, तो यह जगह परफेक्ट है। इसके अलावा भरतपुर में आप लोहागढ़ किले में भी शूट करवा सकते हैं।

## खिमसर

दरअसल, यह गांवनुमा एक रिज़ॉर्ट है। यह जगह खिमसर किले और थार डेजर्ट के लिए जानी जाती है। यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। ऐसे में यहां पर प्री वेडिंग शूट करवाना एक यूनिक आइडिया हो सकता है।

## कुंभलगढ़

कुम्भलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द जि़ले में स्थित एक दुर्ग है। हांलाकि इस जगह को लोगों द्वारा काफी कम एक्सप्लोर किया गया है। ऐसे में यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता और अनोखी हरियाली देखने को मिलेगी। वहीं प्री-वेडिंग शूट के लिए यह भी एक अच्छा ऑप्शन है।

## भैंसरोड़गढ़

कई कपल्स प्री वेडिंग शूट के लिए थोड़ा यूनिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो भैंसरोड़गढ़ आपको निराश नहीं करेगा। भैंसरोड़गढ़ में नेचर और चंबल नदी का किनारा आपके शूट को खूबसूरत बनाने का काम करेगा।



# ज्यादा नमक खाना सेहत के लिए हो सकता है हानिकारक



नमक के बिना हमें किसी भी चीज का स्वाद नहीं मिलता है। इसलिए नमक के बिना खाने की कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन अगर खाने में नमक की मात्रा कम या ज्यादा होने पर खाने का स्वाद बिलकुल खराब हो जाता है। बहुत लोग ऐसे भी होते हैं, जो खाने में नमक ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नमक का ज्यादा सेवन आपके स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। वहीं पैक्ड फूड्स में नमक की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ऐसे में इन फूड्स का सेवन करने से व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप भी ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ज्यादा नमक के सेवन से किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## ब्लोटिंग

अगर आप भी खाने में ज्यादा नमक खाते हैं, तो ऐसा करने से आपको बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा नमक का सेवन करने से आपको ब्लोटिंग की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं कई बार खाना खाने के बाद आप सामान्य से अधिक फूला हुआ महसूस करते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि खाने में नमक की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं। तो आपको नमक का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

## ज्यादा प्यास लगना

आपने भी देखा होगा कि नमक का ज्यादा सेवन करने से मुंह सूखने लगता है। जिसके कारण आपको बार-बार प्यास लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने पर पेट फूलने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आप सोने से पहले ज्यादा मात्रा में सोडियम वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपकी नींद पर इसका असर पड़ सकता है। जब आप रात में ज्यादा नमक वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो इससे आपको बेचैनी महसूस हो सकती है और नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में नमक का सेवन करना चाहिए।

## दिल की बीमारियों का खतरा

नमक के ज्यादा सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसलिए अगर आप भी अपने दिल को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको खाने में नमक की मात्रा सीमित रखना चाहिए। ज्यादातर लोग नमक का ज्यादा सेवन करते हैं। जिसके कारण उनको हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या होती है। WHO के मुताबिक हर व्यक्ति के लिए नमक की मात्रा की जरूरत अलग-अलग हो सकती है। जोकि उनके शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करती हैं। लेकिन एक सामान्य व्यक्ति को 5 ग्राम नमक का सेवन करना चाहिए।

## तमाम कोशिशों के बाद भी सुबह उठने में होती है परेशानी

कहते हैं कि सफल लोगों की पहचान सुबह समय से उठना होती है। सुबह जल्दी उठने से हमारे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन सुबह के समय उठना तो सभी चाहते हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से ऐसा नहीं हो पाता है। तो वहीं कुछ लोग अलार्म लगाकर सोते हैं। लेकिन जब दूसरे दिन अलार्म बजता है, तो आलस के कारण हम नहीं उठ पाते हैं। वहीं अलार्म भी बजते-बजते बंद हो जाता है। बता दें कि सुबह न उठने का सबसे बड़ा कारण आलस होता है। जो हमको सुबह जल्दी उठने से रोक देता है। वहीं सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठना किसी मुश्किल काम से कम नहीं है। हांलाकि सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। हमारे घर के बड़े-बुजुर्ग खुद भी सुबह जल्दी उठते हैं और परिवार के अन्य लोगों को भी सुबह जल्दी उठने की सलाह देते हैं। ऐसे में अगर आप भी सुबह जल्दी उठने की कोशिश करते हैं, लेकिन आलस के कारण नहीं उठ पाते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह जल्दी उठने के कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं। अगर आप भी सुबह जल्दी उठना चाहते हैं, तो रात में देर से खाना खाने से परहेज करें। क्योंकि कुछ लोग डिनर के बाद स्नैक्स आदि खाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपको भी यह आदत लगी है, तो आपको इसे छोड़ना होगा। क्योंकि सोने से कुछ देर पहले स्नैक्स खाने से, यह अच्छे से पचेगा नहीं। साथ ही हो सकता है कि आपके पेट में कुछ हलचल हो, जिससे कि आपको नींद नहीं आएगी। ऐसे में जब आप समय से सो नहीं पाएंगे, तो सुबह जल्दी उठ भी नहीं पाएंगे। अगर आप देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको नींद आने में परेशानी हो सकती है। क्योंकि अगर आप रात में लगातार फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा अर्थ है कि आप अपनी नींद का समय आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए सोने से करीब 2 घंटे पहले से फोन का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। इससे आपको अच्छे और बेहतर नींद आएगी।

साथ ही जब आप समय पर सोएंगे तो सुबह उठने में भी परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही सोने के दौरान फोन का इंटरनेट बंद करके सोना चाहिए। जिससे फोन पर आने वाले मैसेज आदि से आपकी नींद खराब न हो। आपको बता दें कि जब आप एक समय पर सोते हैं और एक ही समय पर जागते हैं, तो इस समय की बायलॉजिकल क्लॉक को आदत हो जाती है।

# लंबे समय तक बैठे रहने से खराब हो सकता बॉडी पॉश्चर



बेहतर बॉडी पॉश्चर हमारी पर्सनैलिटी को इन्हेन्स करने का काम करता है। इसके साथ ही सह शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी, बैलेंस और स्ट्रेंथ को भी बनाए रखने में सहायक होता है। जब हमारा बॉडी पॉश्चर बेहतर होता है, तो मांसपेशियों में दर्द की समस्या काफी हद तक कम होती है। साथ ही हम पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होते हैं। बॉडी पॉश्चर यदि बेहतर होता है, तो यह मांसपेशियों में होने वाले तनाव को कम करता है। इससे आप इंजरी या अन्य तरह की समस्याओं से खुद को बचा सकते हैं।

बता दें कि गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। इससे कमर दर्द, पीठ दर्द या फिर गर्दन में दर्द होने की समस्याएं शुरू हो जाती है। ऐसे में आप एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है। इनमें से कुछ एक्सरसाइज ऐसी भी होती हैं, जिनको आप घर पर बैठे-बैठे भी कर सकते हैं।

## फॉर्वड फोल्ड

इस एक्सरसाइज को करने के लिए पैरों की उंगलियों को छुएं और इस दौरान एड़ियों को थोड़ा अलग रखें। फिर कूल्हे तक अपने हाथों को लाएं और कूल्हों को आगे की ओर मोड़ें। अब हाथों को फर्श पर रखें या फिर उनको ब्लॉक कर रखें। इस दौरान अगर हाथ फर्श पर टच नहीं हो रहे हैं, तो हाथ सिर्फ उतना ही आगे बढ़ाएं जितना आप आसानी से बढ़ा सकते हैं। घुटनों को थोड़ा सा मोड़कर कूल्हों के जोड़ों को नरम करें और रीढ़ को लंबा करें। इसके बाद ठोड़ी को छाती से छूने का प्रयास करें, वहीं सिर को जमीन पर हैंग होने दें। इस पोजिशन में एक मिनट रहने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

## चेस्ट ओपनर

इस एक्सरसाइज को करने के लिए हिप-विड्थ के अलावा अपने पैरों के साथ खड़े हो जाएं। आप चाहें तो इसको चेयर पर बैठकर भी कर सकती हैं। अब छाती के सामने दोनों हाथों को लाते हुए स्ट्रेच करें। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को फैलाएं। इस पोजिशन को 5 ब्रीद तक करते हुए गहरी सांस लें। इस प्रक्रिया को 10 बार करें और फिर कुछ समय में लिए रिलैक्स भी करें।

## डाउनवर्ड-फेसिंग डॉग

इस एक्सरसाइज के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को दबाएं। वहीं पैर की उंगलियों के नीचे टक करते हुए एड़ी को ऊपर उठाएं। इस एक्सरसाइज के दौरान कंधे और हाथ को एक सीध में रखना है। वहीं आपके पैर हिप्स की सीध में रहेंगे। अब अपने हाथों को नीचे जमीन की तरफ दबाएं और गर्दन को लंबा खींचने का प्रयास करें। इस स्थिति में 1 मिनट के लिए होल्ड करें। सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं और एक पैर को घुटने से मोड़ें। अब पैर को ऊपर की तरफ खींचें। फिर दाहिने घुटने को मोड़ते हुए दाहिनी कलाई पीछे रखें, जिससे बाएं पैर से दाहिना पैर आगे निकल जाए। अब बाएं पैर को पीछे ले जाते हुए घुटने को सीधा करें और जांघ को फर्श पर टिकाएं। इस दौरान आपका बायां पैर सीधा पीछे की तरफ फैला हो, इस पोजीशन को 1 मिनट तक होल्ड रहें।

## ग्लूट एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को करने के लिए घुटनों के बल झुकें और कूल्हे-डिस्टेंस के अलावा पैरों को भी अलग रखें। बता दों पैरों को कूल्हों से करीब 1 फुट की दूरी पर रखें। अब हथेलियों को नीचे रखते हुए शरीर के साथ हाथों को भी आराम दें। फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को कूल्हों के पास लाएं। अब 10 सेकेंड के लिए इस स्थिति को होल्ड करें और अपने कूल्हों से दूर ले जाएं। इस एक्सरसाइज को रोजाना कुछ देर के लिए जरूर करना चाहिए।

# सर्दियों में अदरक के हैं जबरदस्त फायदे, जानेंगे तो आप भी करने लगेंगे सेवन



सर्दियों में सर्दी-जुकाम के अलावा भी कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जिसकी चपेट में हम तुरंत आ जाते हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम पौष्टिक आहार का सेवन करते हैं और खुद को सर्दी से बचाने के लिए मोटे कपड़े भी पहनते हैं। इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें करके आप सर्दियों में अपने शरीर को फायदा पहुंचा सकता है। जैसे- एक है अदरक का सेवन। दरअसल, अदरक में सोडियम, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट, पोटैशियम, विटामिन बी, सी, फोलेट, जिंक और मैग्नीशियम, जैसे गुण पाए जाते हैं। ऐसे में सर्दियों में अदरक के सेवन से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ये किस बीमारी में राहत देने का काम करता है।

अगर आप सर्दियों के मौसम में अदरक का सेवन करते हैं, तो आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे होता ये है कि जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तो शरीर कई बीमारियों से लड़कर आपको बीमार पड़ने से बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए अदरक का सेवन इसमें मदद कर सकता है। सर्दियों में अदरक का एक फायदा ये भी है कि इसके सेवन से सर्दी-खांसी में राहत मिल सकती है। इसके लिए आप अदरक वाला काढ़ा पी सकते हैं या अदरक वाली चाय का सेवन कर सकते हैं। अगर आप चाय में अदरक का एक टुकड़ा डालकर चाय बनाते हैं और इसका सेवन खाना खाने के एक घंटे बाद करते हैं, तो इससे आपको फैटी लिवर की समस्या से निजात मिलने में मदद मिल सकती है।

# ब्रेकअप के बाद जिंदगी में छा गई है उदासी बुरे दौर में खुद को दें सहारा



रिश्ता टूटने का दौर बुरा होता है। इस दौरान उदास, दुखी और खुद को खोया हुआ महसूस करना स्वाभाविक है। रिश्ता चाहे अच्छे मोड़ पर खत्म हुआ हो या फिर बुरे पर पल भर में इससे उबरना मुश्किल होता है। रिश्ते में रहने के दौरान आपका पार्टनर आपके डेली रूटीन का हिस्सा बन जाता है। ब्रेकअप के बाद इस रूटीन को बदलने में समय लगता है। इस दौरान आप पार्टनर की कमी महसूस करते हैं और ये खालीपन आपको उदास कर देता है। रिश्ते के टूट जाने को स्वीकार करना जरुरी है तभी आप आगे बढ़ सकते हैं। थेरेपिस्ट जॉर्डन ग्रीन कहते हैं कि ब्रेकअप सिर्फ एक अंत नहीं है, वे एक नई शुरुआत हैं। वे आपको उस सारे प्यार और ऊर्जा को पुनर्निर्देशित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं जो आप दूसरे व्यक्ति में डाल रहे थे, सभी के सबसे महत्वपूर्ण रिश्ते में वापस, वह रिश्ता जो आपके साथ है। अगर आपके लिए भी ब्रेकअप से उबरना मुश्किल हो रहा है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम कुछ ऐसी टिप्स लेकर आए हैं, जो इस बुरे दौर में खुद को सहारा देने के आपके काम आएगी।

## दुख को बाहर निकलने दें

ब्रेकअप के बाद खुद को संभालना मुश्किल होता है। इस दौरान एक साथ कई तरह की भावनाएं आप पर हावी हो जाती है। इन भावनाओं को बाहर निकलने दें। रोने का मन कर रहा है तो खुद को रोकने की कोशिश न करें। खुद को हर तरह के दुख और दर्द को महसूस करने दें ताकि बाद में ये आपको कमजोर न कर सकें।

## परिवार/दोस्तों की मदद लें

ब्रेकअप के बाद खुद को अकेले नहीं संभाल पा रहे हैं तो अपने करीबी लोगों की मदद लेने से पीछे न हटें। परिवार या दोस्त जिससे भी बात कर के आपके दिल को शांति मिलती है, उन सभी से बात करें। दोस्तों और परिवार वालों से बात करना आपके लिए एक थेरेपी की तरह काम करेगा और आपको ब्रेकअप के बुरे दौर से निकलने में आसानी होगी।

## खुद पर ध्यान दें

ब्रेकअप के बाद आपका सारा समय आपका है। इसलिए इस समय को सिर्फ और सिर्फ खुद पर खर्च करें। आपको जो चीजें पसंद है वो करने पर ध्यान दें। बाहर जाएं, मूवी देखें, पार्क में घूमें, जो आपके दिल को खुशी दे वो काम करें। ये सब चीजें ब्रेकअप के दुख को कम करेंगी और आपको आगे बढ़ने का हौसला देगी।

## पार्टनर की ये चार बातें प्यार का रिश्ता कर सकती है खराब

रिश्ता कोई भी हो, उसमें विश्वास की जरूरत होती ही है क्योंकि अगर दोनों लोग एक-दूसरे पर विश्वास नहीं करेंगे, तो फिर रिश्ता टूट भी सकता है। बात अगर



प्यार के रिश्ते की करें, तो इसमें एक पार्टनर दूसरे से यही उम्मीद रखता है कि वो उनके बारे में सोचे, उनका ध्यान रखे, उन्हें प्यार करे, उनकी बातें सुने आदि। पर इस बात की कोई गारंटी नहीं कि कौन सा रिश्ता बेहतर चलेगा और कौन सा रिश्ता कुछ पलों में ही टूट जाएगा। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपके प्यार का रिश्ता लंबा चले, तो इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ बातों का ध्यान रखें। वरना पार्टनर की कुछ आदतें आपका रिश्ता खराब कर सकती है।

## मोबाइल चेक करना

अगर आपका पार्टनर आपका मोबाइल चोरी-छुपे चेक करता है, तो सावधान हो जाए क्योंकि ये एक गलत आदत है और हो सकता है उसे आप पर शक है। साथ ही पार्टनर अगर अपना मोबाइल आपको नहीं देखने देता है, तो ये आदत भी रिश्ते के लिए खराब हो सकती है।

## दोस्तों को लेकर गलत सोचना

हर किसी के कोई न कोई दोस्त होते हैं। ऐसे में लोग अपने इन दोस्तों संग समय बिताते हैं, उनके साथ घूमने जाते हैं, पार्टी करते हैं आदि। ऐसे में अगर आपका पार्टनर आपको दोस्तों से मिलने से मना करता है या उन्हें छोड़ने को कहता है, तो ये आदत आपके रिश्ते को खराब कर सकती है।

## पैसे वापस न करना

जाहिर है कि एक पार्टनर दूसरे पार्टनर की पैसों की भी मदद करता ही है, लेकिन अगर आपका पार्टनर आपसे रोजाना पैसे मांगता है और फिर वापस भी नहीं करता है। तो ऐसे में आपको सोचने की जरूरत है, क्योंकि हो सकता है कि आपका पार्टनर आपके साथ सिर्फ पैसों के लिए हो।

## शक करना

कई लोग ऐसे भी होते हैं जिनकी बेवजह शक करने की आदत होती है। इससे आपके रिश्ते में खटास आ जाती है। इसलिए ध्यान रहे कि अगर आपका पार्टनर हर एक छोटी बात को लेकर आप पर शक करता है, तो सावधान हो जाए।

# राहुल बोले- चुनाव आयोग ने कर्नाटक में धोखाधड़ी की

## हजारों बोगस वोटर जोड़े, हमारे पास 100 प्रतिशत सबूत, बच जाएंगे, इस गलतफहमी में न रहें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के विरोध के बीच चुनाव आयोग पर कर्नाटक में भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया। राहुल ने गुरुवार को संसद के बाहर कहा कि वोटर लिस्ट रिवीजन के नाम पर कर्नाटक में हजारों बोगस वोटरों के नाम जोड़े गए।




राहुल ने कहा, चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी कराई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों-हजार नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है।

कांग्रेस सांसद ने कहा, हमे अभी एक सीट की जांच में यह गड़बड़ी मिली। मुझे पूरा यकीन है कि हर सीट पर यही नाटक चल रहा है। मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।

राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा, अगर इस मामले में चुनाव याचिका दायर की गई है, तो इस पर हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अगर, याचिका नहीं लगाई गई है, तो निराधार आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं?

चुनाव आयोग बोला- राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर सोचिए राहुल गांधी ने यह बातें चुनाव आयोग के उस बयान के बाद कही हैं, जिसमें बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन प्रोसेस का बचाव किया गया था। चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक बयान में अपने आलोचकों से सवाल पूछा कि क्या मृत और प्रवासी मतदाताओं के नाम पर फर्जी वोट डालने की अनुमति देनी चाहिए।

चुनाव आयोग ने पूछा, रिवीजन प्रोसेस का मकसद सिर्फ अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाना है। क्या चुनाव आयोग के पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जा रही प्रामाणिक मतदाता सूची निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला नहीं है?

चुनाव आयोग ने कहा, इन सवालों पर, कभी न कभी, हम सभी को और भारत के सभी नागरिकों को, राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर, गहराई से सोचना होगा। और शायद आप सभी के लिए यह सोचने का सबसे अच्छा समय अब आ गया है।

चुनाव आयोग ने बताया है कि बिहार में 99 प्रतिशत वोटरों को SIR के तहत वेरिफाई कर लिया गया है। इनमें 21.6 लाख मृत मतदाताओं का पता चला है। 31.5 लाख वोटर्स हमेशा के लिए पलायन कर गए हैं। 7 लाख वोटर्स एक से ज्यादा जगहों पर रजिस्टर्ड हैं। वहीं, 1 लाख मतदाता लापता हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन के बावजूद, करीब 7 लाख मतदाताओं के फॉर्म अभी तक नहीं मिले हैं।

संसद में विपक्ष की नारेबाजी, लोकसभा कार्यवाही सिर्फ 12 मिनट चली इधर, विपक्ष ने गुरुवार को भी बिहार SIR के विरोध में चुनाव आयोग और भाजपा सरकार के खिलाफ संसद में मानसून सत्र के दौरान नारेबाजी की। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद हंगामा करने लगे।

# चिन्नास्वामी भगदड़ पीड़िता बेटी की बालियां पोस्टमॉर्टम के दौरान चोरी, मां का गंभीर आरोप

एजेंसी

**बंगलूरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास 4 जून को हुई भगदड़ में जान गंवाने वाली 14 वर्षीय लड़की की मां ने पुलिस में एक चौंकाने वाली शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि पोस्टमॉर्टम के दौरान उसकी बेटी का सामान चोरी हो गया। इसमें सोने की एक जोड़ी बालियां भी शामिल हैं।



मृतक लड़की दिव्यांशी की मां अश्विनी ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि परिवार की ओर से उपहार में दी गई बालियां भावनात्मक रूप से कीमती थीं। जब उनकी बेटी का शव पोस्टमॉर्टम के बाद लौटाया गया तो वे गायब थीं। शहर के कमर्शियल स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है।

अश्विनी ने कहा, दिव्यांशी एक साल तक उन्हें नहीं उतारा। वे हमारे परिवार ने उपहार में दिए थे। उन झुमकों का गहरा भावनात्मक मूल्य है। मैं उन्हें एक यादगार के रूप में सहेज कर रखना चाहती थी। महिला ने आरोप लगाया कि अपनी बेटी की मौत के बाद के दिनों में डीन सहित अस्पताल के अधिकारियों से संपर्क करने और कई पुलिस थानों का चक्कर लगाने के बावजूद उसे कोई उचित जवाब नहीं मिला।

उन्होंने कहा, हमने दूसरे पुलिस थाने और अस्पताल में शिकायत की कोशिश की। हम डीन और अन्य लोगों से मिले भी। उन्होंने माना कि चोरी हुई थी, लेकिन उन्होंने झुमके नहीं सौंपे। यह झुमकों की कीमत का मामला नहीं है। हमारे लिए वो बेशकीमती हैं। दिव्यांशी को बालियां बहुत पसंद थीं।

कमर्शियल स्ट्रीट पुलिस ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### क्विक न्यूज

## पाकिस्तान-ईरान से निकाले गए अफगानों को तालिबान ने दी यातनाएं, मारने की धमकी भी दी

**इस्लामाबाद।** तालिबान सरकार एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के निशाने पर आ गई है। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान और ईरान से जबरन निकाले गए कई अफगान नागरिकों को तालिबान ने यातनाएं दीं, धमकाया और मनमाने ढंग से हिरासत में लिया। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान और ईरान लाखों अफगानों को यह कहकर देश से निकाल रहे हैं कि वे अवैध रूप से रह रहे थे। संयुक्त राष्ट्र मिशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान लौटे कई लोग तालिबान के हाथों गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का शिकार हुए। इनमें वे लोग शामिल हैं जो पहले पश्चिम समर्थित सरकार के लिए काम कर चुके थे या ऐसे पेशे से जुड़े थे जो तालिबान की नजरों में संदेहास्पद हैं। कुछ लोगों को जान से मारने की धमकियां मिलीं, तो कई को गुमनाम रहकर जिंदगी बितानी पड़ रही है। रिपोर्ट में एक पूर्व सरकारी अधिकारी का बयान शामिल है, जिसने बताया कि 2023 में लौटने पर उसे बुरी तरह पीटा गया, पानी में डुबोया गया और नकली फांसी की धमकी दी गई। एक अन्य गैर-बाइनरी व्यक्ति ने कहा कि उसे बंदूक की बट से पीटा गया। ये घटनाएं दिखाती हैं कि तालिबान के दावों के उलट, लौटने वाले अफगानों के साथ सख्ती बरती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि किसी को भी ऐसे देश में नहीं भेजा जाना चाहिए जहां उन्हें उनकी पहचान या इतिहास के कारण उत्पीड़न का सामना करना पड़े। उन्होंने अफगान महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को विशेष रूप से चिंताजनक बताया, जिन पर तालिबान की सख्त पाबंदियां हैं। जैसे स्कूल बंद, काम करने पर रोक और सार्वजनिक जगहों पर जाने पर प्रतिबंध। तालिबान प्रशासन ने इन आरोपों से इनकार किया है।

## गर्भवती महिला के पेट में बच्चे के पेट में बच्चा... सोनोग्राफी देख डॉक्टर हुए हैरान

**महाराष्ट्र।** बुलढाना के सरकारी अस्पताल में एक गर्भवती महिला की सोनोग्राफी चर्चा में है। डॉक्टर ने सोनोग्राफी को देखा तो तो वह भी चौंक गए, क्योंकि गर्भवती के पेट में बच्चा तो दिखाई दे रहा था। साथ ही इस बच्चे के पेट में भी एक बच्चा दिखाई दे रहा था। दो दिन पहले जिले के मोताला तहसील के एक गांव से 9 माह की गर्भवती महिला (32 साल) सरकारी महिला रुग्णालय पहुंची। वहां डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल ने गर्भवती की सोनोग्राफी की। सोनोग्राफी करते समय उन्हें महिला के पेट में बच्चा तो दिखाई दिया, साथ ही उसी बच्चे के पेट कुछ और भी दिखाई दिया। डॉक्टर अग्रवाल ने और तीन बार महिला की सोनोग्राफी की तो उन्हें दिखाई दिया कि जो पेट में बच्चा है, उसके पेट में भी एक बच्चा है। डॉक्टर अग्रवाल ने यह बात अपने वरिष्ठों को बताई।

## कोर्ट के फैसले का इंतजार करें, वरना बेबुनियाद आरोप न लगाएं, राहुल गांधी को चुनाव आयोग की दो टूक

एजेंसी

**बंगलूरू।** राहुल गांधी के कर्नाटक चुनाव संबंधी आरोपों पर भारत निर्वाचन आयोग करारा जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि अगर चुनाव याचिका दायर की गई है तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा, तो अब बेबुनियाद आरोप क्यों लगा रहे हैं?

इससे पहले राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि कांग्रेस के पास इस बात के 100 फीसदी सबूत हैं कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में धांधली होने दी। उन्होंने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि वह इससे बच नहीं पाएंगे, क्योंकि हम ऐसा होने देंगे और आपके पीछे आएंगे। इस पर चुनाव आयोग ने जवाब देते हुए कहा कि अगर चुनाव याचिका दायर की गई है, तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करें। अगर नहीं, तो अब बेबुनियाद आरोप क्यों लगा रहे हैं?

दरअसल, चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के अंदर फैसले से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति चुनाव याचिका दायर कर सकता है। ऐसी याचिकाएं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के राज्य के उच्च न्यायालयों में दायर की जा सकती हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारत के चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है। वह अपना काम ही नहीं कर रहा है।

जब राहुल से बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और राजद नेता तेजस्वी यादव की बिहार विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करने के विकल्प वाली टिप्पणी के बारे में पूछा गया उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक की एक सीट पर चुनाव आयोग की ओर से धोखाधड़ी की अनुमति देने के 100 प्रतिशत ठोस सबूत हैं।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दल मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में एमिकस क्यूरी की बड़ी सलाह, सहमति की आयु 18 से घटाकर 16 वर्ष करने को कहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंग ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि सहमति से यौन संबंध बनाने की कानूनी उम्र 18 से घटाकर 16 साल की जाए, ताकि किशोरों के बीच आपसी सहमति से बने संबंधों को अपराध न माना जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान कानून किशोरों की निजता के अधिकारों का उल्लंघन करता है और सामाजिक-सांस्कृतिक दबावों के कारण उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज होते हैं। जयसिंग ने अदालत से अपील की कि 16-18 साल के किशोरों के बीच बने सहमति वाले यौन संबंधों को पॉक्सो और दुष्कर्म के कानूनों से बाहर रखा जाए।



वरिष्ठ वकील और न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) इंदिरा जयसिंग ने सुप्रीम कोर्ट से यह मांग की है कि यौन संबंध के लिए कानूनी सहमति की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल की जाए। जयसिंग सुप्रीम कोर्ट में चल रहे %निपुण सक्सेना बनाम भारत सरकार% मामले में कोर्ट की सहायता कर रही हैं। उन्होंने अपनी लिखित दलीलों में कहा कि 16 से 18 साल के किशोरों के बीच आपसी सहमति से बने यौन संबंधों को आपराधिक बनाना गलत है। यह प्रावधान पॉक्सो कानून 2012 और भारतीय दंड संहिता (आपीसी) की धारा 375 के तहत आता है।

जयसिंग ने दलील दी कि वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बने रोमांटिक संबंधों को भी अपराध मानता है और यह उनके सांविधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह कानून सहमति वाले संबंधों को जबरदस्ती या शोषण जैसा मानता है, जबकि किशोरों में समझदारी और निर्णय लेने की क्षमता होती है।

जयसिंग ने कहा, सहमति की उम्र 16 से 18 करने का कोई ठोस या वैज्ञानिक कारण नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 70 वर्ष तक यह उम्र 16 ही थी, लेकिन 2013 के आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम के बाद इसे बढ़ा दिया गया, वह भी बिना किसी खुली बहस के। उन्होंने बताया कि जस्टिस वर्मा समिति ने भी सहमति की उम्र 16 साल ही बनाए रखने की सिफारिश की थी।

उन्होंने कहा कि आज के समय में किशोर पहले ही यौवनावस्था में पहुंच जाते हैं और अपने फैसले खुद लेने में सक्षम होते हैं। वे अपने मन से रोमांटिक और यौन संबंध बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण जैसे आंकड़े भी बताते हैं कि किशोरों में यौन संबंध बनाना कोई असामान्य बात नहीं है।

## स्वतंत्र रहेंगी निगरानी एजेंसियां..., नए भ्रष्टाचार विरोध कानून के खिलाफ प्रदर्शन पर बोले जेलेंस्की

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन में एक नए भ्रष्टाचार विरोधी कानून को लेकर विरोध तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि यह कानून देश की भ्रष्टाचार निगरानी संस्थाओं की स्वतंत्रता को खत्म कर देगा। इसी को लेकर गुरुवार को लगातार तीसरे दिन देशभर में प्रदर्शन हुए। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने तनाव कम करने की कोशिश की और वादा किया कि कानून में सुरक्षा उपाय जोड़े जाएंगे।

जेलेंस्की ने यूक्रेन की प्रमुख भ्रष्टाचार विरोधी और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों से मुलाकात की। इसके बाद अपने वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि वह इन एजेंसियों की सिफारिशों के आधार पर संसद में एक नया विधेयक पेश करेंगे, जिससे कानून का शासन और मजबूत होगा। सबसे जरूरी बात.. भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं की स्वतंत्रता के लिए सभी प्रावधान सुनिश्चित किए जाएंगे।

जेलेंस्की माना कि नए भ्रष्टाचार कानून को लेकर विवाद हुआ है। यूरोपीय संघ के अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने भी इस कानून की आलोचना की है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, आपकी बातें नजरअंदाज नहीं की जा रही हैं। हमने सारी चिंताओं का विश्लेषण किया है–कहां बदलाव की जरूरत है और कहां सख्ती की। हालांकि, जेलेंस्की ने यह नहीं कहा कि वह इस नए कानून को रद्द करेंगे, जिसे उन्होंने पहले ही मंजूरी दे दी है।

यह कानून इस हफ्ते लागू हुआ है। इस कानून के जरिए दो प्रमुख भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों पर सरकार की निगरानी और सख्त कर दी गई है। आलोचकों का कहना है कि इससे इन एजेंसियों की स्वतंत्रता कमजोर हो सकती है और जेलेंस्की के करीबी लोगों का किसी भी जांच पर ज्यादा प्रभाव होगा। हालांकि, इन प्रदर्शनों में जेलेंस्की को हटाने की मांग नहीं की गई है, लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद यह सरकार के खिलाफ पहला बड़ा प्रदर्शन है।

# अगर वे चुनाव बहिष्कार की बात कर रहे, तो वे हार मान रहे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विवाद को लेकर आगामी बिहार चुनावों के बहिष्कार की धमकी के बाद सियासी बवाल मच गया है। इस पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि अगर विपक्ष चुनाव बहिष्कार की बात कर रहा है, तो इसका मतलब है कि वे हार मान रहे हैं।



समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा, अगर वे चुनाव बहिष्कार की बात कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वे हार मान रहे हैं। बिहार में चुनाव आयोग की ओर से जारी आदेश के कारण विपक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। आदेश में जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। जन्म प्रमाण पत्र की शर्त सभी पर लागू होती है, जिसमें वोट प्राप्त करने वाले भी शामिल हैं। विपक्ष का यह आरोप कि मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है, गलत है। सर्वोच्च न्यायालय जो भी कहेगा, वह लागू होगा।

इससे पहले तेजस्वी यादव ने गुरुवार को एसआईआर पर विवाद के मद्देनजर आगामी बिहार चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी दी। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, जब पहले से ही तय था कि लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे और जब इन्हीं मतदाताओं ने पहले प्रधानमंत्री मोदी को वोट दिया था और सरकार का भविष्य तय किया था, तब तो सब ठीक था। हम अचानक एसआईआर की जरूरत के बारे में पूछ रहे हैं। इसका मतलब है कि सत्ता में बैठे लोग मान रहे हैं कि वे पहले छल करके सत्ता में आए थे और अब वही दोहराया जाएगा। जब उन्होंने बेईमानी करने का फैसला कर लिया है, तो हम चुनाव बहिष्कार पर चर्चा कर सकते हैं। हमारे पास यह विकल्प है।

उन्होंने कहा, अगर लोकतंत्र में लोग वोट ही नहीं देंगे तो चुनाव का क्या मतलब है? चुनाव बहिष्कार का विकल्प हमारे पास खुला है। मुख्य दांव 1 अगस्त के बाद चुनाव आयोग की ओर से खेला जाएगा, जब जांच पूरी हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य को नई दिल्ली से रिमोट के जरिए कंट्रोल किया जा रहा है।

## आरएसएस प्रमुख भागवत मुस्लिम धर्मगुरुओं से मिले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को दिल्ली के हरियाणा भवन में मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। आरएसएस की टॉप लीडरशिप और 70 से ज्यादा मुस्लिम धर्मगुरुओं, बुद्धिजीवियों, मौलानाओं, स्कॉलर के बीच करीब 3 घंटे बातचीत हुई। इस बैठक में ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद और आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, राम लाल, इंद्रेश कुमार सहित आरएसएस के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए हैं। हालांकि, वहां क्या बातचीत हुई, ये अभी साफ नहीं हुआ है।

इससे पहले सितंबर 2022 में मोहन भागवत ने कई मुस्लिम धर्मगुरुओं से मुलाकात की थी। बैठक में ज्ञानवापी विवाद, हिजाब विवाद और जनसंख्या नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी। इस दौरान भागवत दिल्ली के एक मस्जिद में भी गए थे। आरएसएस अपनी सहयोगी संस्था मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जरिए मुस्लिम नहरों में चार लाशें मिलीं। दिल्ली-हृष्टक्र में बीते दिन लगातार बारिश से सड़कों पर तीन फीट तक पानी भर गया। नोएडा में 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बिहार में कोसी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। देर रात कोसी बराज के 26 गेट खोले गए और करीब 1.73 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दिल्ली के खजूरी बाग इलाके में आज भी पानी भरा हुआ है। बीते दिन दिल्ली में जमकर बारिश हुई थी।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश की वजह से कई घर तबाह हो गए। पीड़ित मोहम्मद शरीफ ने बताया कि हम पहले ही आधे परिवार को यहां से हटा चुके थे।

# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भड़का संघर्ष, हवाई हमलों और गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

एजेंसी

**बैंगकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार इस संघर्ष में अब तक 11 नागरिकों की मौत हो चुकी है। थाई सेना के अनुसार, सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई। तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। बीते मई में हुई एक झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले फायरिंग शुरू करने का आरोप लगाया है।



थाईलैंड की सेना ने पुष्टि की कि उसने कंबोडिया में स्थित कुछ लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाईलैंड ने प्राचीन प्रेह विहेयर मंदिर के पास सड़क पर बम गिराए। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि कंबोडिया से आई गोलीबारी में एक नागरिक की मौत हुई और एक पांच वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि अब मृतको की संख्या बढ़कर कुल 11 हो गई है।

गुरुवार सुबह पहली झड़प सुरिन प्रांत और ओडर मींचे प्रांत के बीच ता मुएन थोम मंदिर के पास हुई। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि थाई सेना ने उनके क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग बंकरों में छिपते नजर आए।

गुरुवार सुबह कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सबसे निचले स्तर पर लाने की घोषणा की। उसने थाई राजदूत को निष्कासित किया और अपने सभी स्टाफ को बैंकॉक स्थित दूतावास से वापस बुला लिया।

यह कदम थाईलैंड द्वारा अपने पांच सैनिकों के घायल होने के बाद सीमा चौकियों को बंद करने और कंबोडियाई राजदूत को निष्कासित करने के जवाब में उठाया गया।

# भारत-यूके टेक्नोलॉजी साझेदारी की पहली सालगिरह

## दोनों ने मिलकर रखा भविष्य का रोडमैप

एजेंसी

**लंदन।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। पीएम मोदी और कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए। ब्रिटेन दौरे पर पीएम मोदी किंग चार्ल्स तृतीय और अपने ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टार्मर से मुलाकात करेंगे। यात्रा के दौरान दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर भी चर्चा करेंगे और इसमें व्यापार, अर्थव्यवस्था, तकनीक, अविष्कार, सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों को लोगों से संबंधों को बेहतर बनाने पर चर्चा होगी। पदभार ग्रहण करने के बाद से यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा है।



भारत और यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटिश) के बीच रणनीतिक तकनीकी सहयोग को और मजबूती देते हुए दोनों देशों ने ब्रिटिश-इंडिया टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी इनिशिएटिव (टीएसआई) की पहली वर्षगांठ पर अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने इंडिया-ब्रिटिश विजन 2035 को भी आधिकारिक रूप से मंजूरी दी, जो दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाली सहयोग की दिशा को तय करेगा।

ब्रिटिश सरकार के अनुसार, टीएसआई की पहली वर्षगांठ के मौके पर दोनों देशों ने उभरती तकनीकों के उपयोग से आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करने की दिशा में किए गए कामों की सराहना की। इस पहल ने सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत को जोड़ते हुए नई रणनीतिक संभावनाओं को जन्म दिया है। इसके तहत निवेश को बढ़ावा मिला है और टेक्नोलॉजी के पूरे मूल्य-श्रृंखला में नवाचार को आगे बढ़ाया गया है। इसी अवसर पर लंदन में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों प्रधानमंत्रियों ने %इंडिया-ब्रिटिश विजन 2035% को भी स्वीकार किया, जो आने वाले दशक में द्विपक्षीय रिश्तों की दिशा तय करेगा। इस विजन डॉक्युमेंट में स्पष्ट लक्ष्य और मील के पत्थर तय किए गए हैं, ताकि साझेदारी को और अधिक व्यावहारिक और प्रभावशाली बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने लंदन में %बकिंघम स्ट्रीट क्रिकेट हब के सदस्यों से मुलाकात की और बातचीत की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टारमर लंदन में %बिजनेस शोकेस प्रदर्शनी में इंग्लिश प्रीमियर लीग ट्रॉफी के साथ हाथ मिलाते हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर लंदन में बिजनेस शोकेस प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेस वक्तव्य और उसके बाद पत्रकारों के सवालों के जवाबों के अनुवाद के दौरान स्पष्ट रूप से कहा, चिंता मत कीजिए, हम बीच में अंग्रेजी शब्दों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसकी चिंता मत कीजिए। इस पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री किएर स्टारमर ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं।

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। इस दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्री भी मौजूद रहे। भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता भारत में महिला एंटरप्रेन्योर्स के लिए बड़ा बदलाव ला सकता है। इससे हैंडलूम, विरासत क्राफ्ट्स से लेकर टेक स्टार्टअप और मैन्यूफैक्चरिंग में भी काफी मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही इससे वैश्विक आपूर्ति श्रंख्ला भी बेहतर होगी।

रिपोर्ट्स की मानें तो भारत को एफटीए के तहत सबसे बड़ा फायदा निर्यात क्षेत्र में मिलेगा। भारत का निर्यात आने वाले कुछ वर्षों में 10 से 12 अरब डॉलर (करीब 86 हजार करोड़ से 1.1 लाख करोड़ रुपये) तक बढ़ सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंदन में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मुलाकात की।

# कांवरियों का जत्था वाराणसी के लिए रवाना

- डीजे और हाथी के साथ खेतासराय नगर में निकाला गया भव्य जुलूस
- महिला कांवरियों की सबसे अधिक रही भीड़



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर, खेतासराय।** बाबा विश्वनाथ के धाम और बाबा बैजनाथ धाम देवघर (झारखंड) के लिए गुरुवार को सैकड़ो कावरियों का जत्था गाजे बाजे के साथ रवाना हुआ।

खेतासराय थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांव से निकली कांवरियों की यह टोली खेतासराय कस्बा स्थित प्राचीन काली मंदिर के सामने पहले इकट्ठा हुई। फिर यहां से पुलिस की कड़ी चौकसी के बीच, हाथी, डीजे और बैंड बाजे के साथ पूरे खेतासराय नगर में भ्रमण करते हुए विशाल जुलूस निकाला गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी खरगीपुर गोधना गांव से कांवर उठाने और बाबा विश्वनाथ के धाम जल चढ़ाने वाली महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही। गोधना गांव के कांवरियों का नेतृत्व भाजपा नेता बलिहारी राजभर कर रहे थे। जबकि खेतासराय कस्बा में भाजपा नेता पूर्व सभासद जगदंबा प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सभी कांवरियों का स्वागत किया गया। रवाना होने से पूर्व कांवरियों ने कस्बे के सभी शिवालयों में दर्शन पूजन किया। डीजे साउंड के साथ कांवरियों ने दुर्गा नगर मोहल्ले से गोला बाजार, मुख्य चौराहा, खुटहन मार्ग से जुलूस निकाला। इस दौरान बोल बम व हर हर महादेव के जयकारा से पूरा इलाका गूंज उठा। कई संस्था और समाजसेवियों ने जगह जगह कांवरियों को जलपान भी कराया। भाजपा नेता उपेंद्र मिश्र सिंटू, रूपेश गुप्ता मोनू, धर्म रक्षक मनीष गुप्ता, आचार्य कृष्ण मुरारी मौर्य, स्वामीनारायण राधेश्याम जयसवाल, खेतासराय व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा समेत भाजपा नेता मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय, वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल पाठक, नफीस अहमद सिद्दीकी,हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, अम्बिका यादव भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत किसानों को मिलेगा लाभ

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ. सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया है कि एकीकृत बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत जनपद को विभिन्न कृषि गतिविधियों के लिए लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत, जौनपुर जनपद में मखाना की खेती के लिए 2 हेक्टेयर, सिंघाड़ा के लिए 4 हेक्टेयर, ग्लेडियोलस (फूल) के लिए 5 हेक्टेयर, प्याज के लिए 50 हेक्टेयर, और मचान विधि से सब्जी की खेती के लिए 40 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, कृषि में आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए 25 हेक्टेयर में मल्चिंग और 20 एचपी तक के 2 ट्रैक्टरों के लिए भी अनुदान का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. राणा ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक किसान किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी और दो पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने होंगे।यह पहल जौनपुर के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और अपनी उपज में सुधार करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ का लाभ ''प्रथम आवक प्रथम पावक'' के आधार पर दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए, किसी भी कार्य दिवस में किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, जौनपुर से संपर्क कर सकते हैं।

# युवा अपनी ऊर्जा का सही दिशा में करें प्रयोग

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की 01 दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित बैंकर्स, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग करें, जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ ईमानदारी से प्रयास करें। उन्होने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की है, बैंकों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर स्वतः रोजगार स्थापित करने के अवसर युवाओं को दिए हैं, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास कार्यक्रम में रू. 10 लाख तक की ऋण की व्यवस्था की गई है, शिक्षित युवा संचालित योजनाओं की जानकारी कर लाभ ले और अपना उद्योग स्थापित कर अन्य युवाओं को रोजगार देने वाले बनें, व्यवसाय प्रारंभ करने से पूर्व मन में संशय न पालें, कोई भी व्यवसाय छोटा नहीं, तमाम नामचीन उद्योगपतियों ने बहुत कम पूंजी के साथ बिना किसी अनुभव से अपना उद्योग प्रारंभ किया और जीवन में उद्योग के क्षेत्र में ख्याति अर्जित की। श्री सिंह ने उपस्थित युवाओं का आव्हान करते हुये कहा कि व्यवसाय में सबसे ज्यादा महत्व ईमानदारी का होता है, अपने दिमाग में हमेशा यह विचार रखें कि सरकार बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध करा रही है, इसका सदुपयोग कर अपनी इकॉनोमी ग्रोथ को आगे बढ़ायें, यह योजना उन व्यक्तियों के लिए है जो ईमानदारी से अपना व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं, योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर अपने विकास के साथ-साथ आस-पड़ोस के लोगों को रोजगार से जोड़ सकते हैं, जैसे-जैसे आपके रोजगार का विस्तार होगा, वैसे-वैसे आप ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को रोजगार दे सकेंगे और धीरे-धीरे आप बड़े व्यवसायी बन सकेंगे।

## ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** अपने किसी रिश्तेदार के यहां आए ब्यक्ति की ट्रेलर की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद प्रतापगढ़ थाना क्षेत्र चिलबिला निवासी तुलसीराम (25) पुत्र हरिशंकर मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। बुधवार को देर रात अपने घर चिलबिला बाईक से जा रहा था।इटहरा के निकट पहुंचा ही था कि सामने से आ रही ट्रेलर की चपेट में आ गए। जिससे घटना स्थल पर ही बाइक सवार तुलसीराम की मौत हो गई। पुलिस को घटना की जानकारी मिली ही घटनास्थल पहुंच कर मोबाइल व आधार कार्ड से शव की शिनाख्त की । घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया।पुलिस ने ट्रेलर और उसकी चालक को हिरासत में ले लिया और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष केके सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार युवक के ट्रेलर के धक्के से मौत हो गई है। परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# चंद्रशेखर आजाद की आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका रही : कुन्दन

**अवधनामा संवाददाता**



- चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

**आजमगढ़।** क्रांतिवीर सेनानी चंद्रशेखर आजाद के 119वें जयंती के मौके पर नगर के हर्रा की चुंगी स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई। जयंती को संबोधित करते हुए सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहाकि चन्द्रशेखर आजाद की आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका रही। उन्होंने गांधी जी के असहयोग आंदोलन में भाग लिया और पहली बार ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। जब उनसे नाम पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि नाम आजाद, पिता का नाम स्वतंत्रता और पता जेल यहीं से उन्हें आजाद नाम मिला। इसी के बाद उन्होंने युवा क्रांतिकारियों की टीम तैयार किया जिसमें भगत सिंह भी शामिल थे। 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में जब वे पुलिस से घिर गए तो उन्होंने खुद को गोली मार ली। उन्होंने कसम खाई थी कि अंग्रेज उन्हें जिंदा नहीं पकड़ सकेंगे, उनको आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद करती रहेंगी और नमन करती रहेंगी। ऐसे क्रांतिकारी जज्बे के मां भारती के अमर सपूतों ने सदैव हमें जीवन को एक नया आयाम तक पहुंचाने की प्रेरणा दी है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष शर्मानंद पांडेय ने कहाकि चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के भावरा गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम पंडित सीताराम तिवारी और माता का नाम जगरानी देवी था। बचपन से ही वे साहसी और आत्मसम्मान से भरे हुए थे।

# विद्युत कर्मियों का धरना

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** विद्युत विभाग के निजीकरण और कर्मचारियों का वेतन रोकने के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय, सिधारी हेडिंल में बिजलीकर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस ध्यानाकर्षण आंदोलन में किसान संगठनों, उपभोक्ता संघों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सामाजिक न्याय आंदोलन के निदेशक रामजनम यादव ने कहा, बिजलीकर्मियों की यह लड़ाई केवल विभागीय नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों की लड़ाई है। अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो यह आंदोलन जल्द ही जनांदोलन का रूप लेगा। कर्मचारियों ने जताई नाराजगी कर्मचारी संगठनों के वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराए फेसियल अटेंडेंस ऐप जबरन लागू कर रहा है। ऐप का विरोध करने पर कर्मचारियों का वेतन रोकना प्रबंधन की तानाशाही नीति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जून माह की चिलचिलाती धूप और बारिश के बीच कर्मचारियों ने 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की, इसके बावजूद उनका वेतन रोकना बेहद निंदनीय है। आर-पार की लड़ाई को होंगे मजबूर धरने में मौजूद कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर वेतन जल्द जारी नहीं किया गया और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आर-पार की लड़ाई के लिए बाध्य होंगे। सभा की अध्यक्षता काशीनाथ गुप्ता और संचालन प्रभुनारायण पांडेय 'प्रेमी' ने किया। धरने में ई. उपेंद्र नाथ चौरसिया, चंद्रशेखर, निखिल शेखर सिंह, शत्रुघ्न यादव, सैय्यद सुनब्बर अली, रोशन यादव, नरेंद्र श्रीवास्तव, वेद प्रकाश यादव, राजेश कुमार, अवधेश सिंह यादव, अखिल पांडेय, चंद्रशेखर यादव, चंद्रजीत यादव, प्रवेश यादव, प्रेमचंद, धीरज पटेल और रमाकांत यादव समेत सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### हाइटेक कैमरों से होगी निगरानी एसपी

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** सावन माह के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को मजबूत करने की तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस विभाग ने जिले में 210 स्थानों को चिन्हित किया है। इन स्थानों पर हाईटेक कैमरे लगाए जा रहे हैं। स्थानीय जन प्रतिनिधि इस कार्य में पुलिस विभाग का सहयोग कर रहे हैं। सभी विधायकों ने अपनी निधि से इस काम के लिए मदद की है। इन कैमरों की खास बात है कि ये गाड़ियों के नंबर प्लेट को आसानी से पढ़ सकते हैं। एसपी डॉ. कौस्तूभ के अनुसार, इन कैमरों की निगरानी तीन स्तरों पर होगी। मुख्य कंट्रोल रूम के साथ-साथ स्थानीय थानों और चौकियों से भी इन कैमरों की मॉनिटरिंग की जाएगी। सावन माह के दो सोमवार बीत चुके हैं और कैमरे लगाने का काम अभी भी जारी है।

### नन्हे-मुन्ने कावड़ियों एवं विद्यार्थियों ने किया जलाभिषेक



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** सरस्वती शिशु मन्दिर किदवई नगर, अल्लापुर, प्रयागराज की कांवड़ यात्रा विद्यालय से निकलकर तुलसी पार्क, लेबर चौराहा, सब्जी मण्डी होते हुए दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर में विराजमान भगवान शंकर शिव पर जलाभिषेक नन्हे-मुन्ने कावड़ियों एवं विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती मीरा पाठक ने किया। यात्रा के साथ आचार्य बन्धु एवं आचार्या बहने थी। आचार्य वीरेन्द्र, रेवाशरण, आचार्या रीना शुक्ला, रिंकी द्विवेदी आदि जलाभिषेक किया। यात्रा बड़ी मनोहारी थी क्यों कि कॉवड़ यात्रा में कांवड़िया के रूप 3 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चे अधिक थे। सभी नगर वासियों ने स्वागत के साथ शिव, पार्वती बने बच्चों का माशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा का संचालन कार्यालय प्रमुख चिन्तामणि तिवारी ने किया। सकुशल यात्रा विद्यालय में वापस आकर बच्चों को प्रसाद आदि वितरित किया गया।

### वीबीपीएस को चार स्वर्ण सहित पांच पदक



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल एवं कॉलेज झलवा ने जौनपुर में 20 से 23 जुलाई तक संपन्न हुई सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चार स्वर्ण एवं एक कांस्य सहित पांच पदक प्राप्त किये हैं। वीबीपीएस टीम के प्रशिक्षक अनुराग सिंह के अनुसार गुरुनानक देव पब्लिक स्कूल जौनपुर में आयोजित चैंपियनशिप में अंडर-14 के आयु वर्ग 32 किग्रा. भार वर्ग में लवी चौधरी, अंडर-17 के 45 किग्रा. भार वर्ग में सत्यम यादव व 55 किग्रा भार वर्ग में अपूर्व पाण्डेय एवं अंडर-19 आयु वर्ग में कौशल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता जबकि अंडर-17 आयु वर्ग के 41 किग्रा. भार वर्ग में उत्कर्ष पाण्डेय को कांस्य पदक मिला है। स्वर्ण पदक पाने वाले सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पदक विजेताओं को कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक तिवारी और प्रधानाचार्य दिनेश श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी हैं।

### उप जिलाधिकारी उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर नामित

**मैनपुरी, अवधनामा संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम-1968 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उप जिलाधिकारी सदर को उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर नामित किया गया है, नामित उप नियन्त्रक नागरिक सुरक्षा के अधीन कार्य करते हुए जनपद में नियुक्त होने वाले सहायक उप नियंत्रकों व अन्य सम्बन्धित स्टॉफ के कार्यो का पर्यवेक्षण, जनपद स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, प्रदर्शन, अभ्यासों का आयोजन, स्वयं सेवकों की भर्ती व प्रशिक्षण के लक्ष्यों को पूर्ण कराने, नागरिक सुरक्षा योजनाओं को तैयार कराने तथा निदेशालय नियंत्रक द्वारा सौंपे गये निर्देशों के अनुपालन हेतु उत्तरदायी होंगे।

# एआईएमआईएम का करणी सेना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

- असदउद्दीन ओवैसी, इकरा हसन पर अभद्र टिप्पणी के बाद सड़क पर उतरे, सौंपा ज्ञापन



**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएम आईएम) प्रयागराज इकाई द्वारा आज एक अहम कदम उठाते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदया को जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

यह ज्ञापन करणी सेना के नेता ठाकुर योगेन्द्र सिंह राणा द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए एक वीडियो बयान के विरोध में प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने एआईएमआईएम प्रमुख व हैदराबाद से सांसद बैरिस्टर असदउद्दीन ओवैसी, विधायक अकबरउद्दीन ओवैसी और महिला सांसद इकरा हसन के प्रति अभद्र व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है।

एआईएमआईएम प्रयागराज महानगर अध्यक्ष अफसर महमूद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और इस घटना पर गहरी आपत्ति जताई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उक्त वीडियो से समाज में वैमनस्य फैलाने, आपसी सौहार्द बिगाड़ने और माननीय सांसदों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है, जो कि न केवल निंदनीय है बल्कि कानूनन दंडनीय भी है। अफ़सर महमूद ने राष्ट्रपति से सांसद ओवैसी बंधु व सांसद इकरा हसन पर अभद्र टिप्पणी करने वाला व्यक्त ठाकुर योगेंद्र राणा पर कानूनी कारवाही करने की और गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अफ़सर महमूद, सैयद मोहम्मद मुनज़र, अली शेर खान, मुजीबुर्रहमान, इफ्तेखार अहमद मंदर, शरीक कलीम, मेराज अहमद, निसार अहमद, रियाजुल हक़, मंजूर अहमद विनोद कुमार गौतम, अदीब अली, मोहम्मद मुस्तकीम, शेख मोहम्मद अली, जहूर अहमद, मुश्ताक अहमद, ज़ुबैर अहमद, हिदायत, इसरार अहमद, अब्दुल माबूद, तौकीर अहमद,मोहम्मद सलमान, महताब अहमद, आज़ाद, मोहम्मद अफजल, काशिफ मोहम्मद फैज आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा मुट्ठीगंज मंडल की टीम का हुआ गठन

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के अनुमोदन पर भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल के संस्तुति पर भाजपा मुट्ठीगंज मंडल की टीम की घोषित की गई। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मुट्ठीगंज मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष परमानंद वर्मा के साथ उपाध्यक्ष सुनील केसरवानी रोहित भारतीय, सुशील कुमार निषाद, अनिल कुमार गुप्ता, मंजू गुप्ता, जितेंद्र जायसवाल, महामंत्री सुधांशु त्रिपाठी, अभिषेक जायसवाल, मंत्री मालती केसरवानी, लवकुश केसरवानी, रिंकू भारतीय, सौरभ चौरसिया, अजय कुमार यादव अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, और कोषाध्यक्ष आलोक वैश्य घोषित किए गए।

इसके अलावा शक्ति केंद्र के संयोजक भी घोषित किए गए। घोषित किए गए सभी पदाधिकारियों को कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, विजय कृष्ण मेहता, प्रतीक मालवीय पूर्व मंडल संयोजक अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, कमलेश केशरवानी, नीरज केसरवानी, दीपक केसरवानी, दीपक शर्मा, आदि महानगर के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## हाईकोर्ट के वकील से साइबर ठगों ने ठगे 96.5 हजार

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** एक साइबर ठग ने हाईकोर्ट के वकील से 96,500 रुपये की ठगी की है। आरोपी ने वकील के सीनियर के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई। इस प्रोफाइल से फर्नीचर बेचने का मैसेज भेजा गया। घटना की रिपोर्ट करनागंज थाने में दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह मोतीलाल नेहरू रोड के रहने वाले हैं। उन्हें उनके सीनियर एसपी आशुतोष द्विवेदी के नाम की फर्जी प्रोफाइल से संदेश मिला। संदेश में एक मोबाइल नंबर दिया गया था। वकील ने जब इस नंबर पर संपर्क किया तो सामने वाले व्यक्ति ने खुद को संतोष कुमार नाम का सीआरपीएफ अधिकारी बताया। आरोपी ने फर्नीचर के नाम पर वकील से 96,500 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब वकील ने अपने सीनियर आशुतोष द्विवेदी से बात की, तो उन्होंने किसी भी फेसबुक प्रोफाइल या मैसेज से इनकार कर दिया।

## योगीराज में माफिया बेलगाम : अजय राय

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** बीती 22 जुलाई को प्रतापगढ़ के पट्टी तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय में आदित्य मिश्रा और अरुण मिश्रा दोनों सगे भाइयों को वहां के दबंग लोगों ने गोली मारकर जान लेने की कोशिश की लेकिन सौभाग्य से गोली एक के पैर में और दूसरे भाई के कमर में लगी। दोनों को स्वरूपरानी हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने स्वरूपरानी हॉस्पिटल पहुंच कर इन दोनों लोगों से स्वस्थ की जानकारी लिया और उनके साथ हर संभव सहयोग की बात कही। अजय राय ने कहा कि बीजेपी सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधी खुलेआम तहसीलों में गोली चला रहे हैं। पुलिस मूकदर्शक बनकर देख रही है योगी जी अपनी सत्ता बचाने में मस्त है। अजय राय ने कहा कि अरुण और आदित्य के लिए न्याय मिलने तक कांग्रेस पार्टी संघर्ष करेगी और जब तक अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- 593/न0पं0धौ0/ई-निविदा/2025-26, दिनांक- 24 जुलाई, 2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत धौरहरा को 15वॉ वित्त आयोग, द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित/स्वीकृत निम्न कार्य करानें के लिए ई-टेण्टर पोर्टल के माध्यम से दिनांक - 24.07.2025 से दिनांक-07.08.2025. को समय अपराह्न 03:00 बजे तक आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिनके निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो निर्धारित समयान्तर्गत डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है, तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक-08.08.2025 को ही समय अपराह्न 04:00 बजे टेण्डर कमेटी द्वारा खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

नोट- कार्य का विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित आवश्यक नियम एवं शर्तें वेनसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत धौरहरा लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष नगर पंचायत धौरहरा लखीमपुर-खीरी

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं हरि लाल राम पुत्र चिल्लू राम ग्राम व पोस्ट-टेंगरपुर थाना रानी की सराय ज़िला आजमगढ़ Ex आर्मी नं0-8019828L रैंक -HONY NAIB SUB , ARTY नासिक से रिटायर्ड हु। हमारे सर्विस बुक में मेरी पत्नी उषा देवी की जन्मतिथि 29/02/1962 दर्ज हैं जो जन्मतिथि गलत हैं जब कि उनके मार्कसीट, आधार, पैन सभी दस्तावेज में 08/07/1981 जो कि सही हैं। जिनके समस्त विधिक औपचारिक पुर्ण की गई हैं।

**सूचना**

सूचित किया जाता है मेरे पुत्री का पोस्टऑफिस में सुकन्या सम्रद्धि योजना अन्तर्गत खाता खुला था जिसका खाता संख्या 539760 0839 है जिसमे उसका नाम बेबी आरोही दर्ज है तथा आधारकार्ड में उसका नाम कुमारी आरोही है दोनों नाम मेरे पुत्री का ही है इसे दोनों नामो से जाना व पहचाना जाए।

अजय कुमार पुत्र छांगुर प्रसाद
न.पा.प. माहराजगंज वार्ड नं.14
लोहिया नगर जनपद महराजगंज

**अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या**

संदर्भ संख्याः 24/अ0वि0प्रा0-अयो0/2025-26 दिनांकः 24/07/25

**सामान्य निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय- अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा ठेकेदारों (ओपेन टू ऑल) से निम्नानुसार प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (GST सहित) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अयोध्या स्थित कमिशनर आवास के पीछे सोलिंग एवं विद्युत का कार्य। | 3,49,273.94 | 7,000.00 | 1,180.00 | 28.07.2025 12:00 PM | 07 दिवस |

1- विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट www.ayodhya.in से प्राप्त की जा सकती है।
2- टेण्डर डालने से पूर्व टेण्डर कास्ट व अर्नेस्टमनी https://emdada.ayodhyada.in/loginWithotp के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना ही मान्य होगा।

सचिव

# वैश्विक व्यापार को नई दिशा देगा भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ समझौता, जेम्स-ज्वेलरी का निर्यात बढ़ेगा

**मुंबई।** भारत और यूनाइटेड किंडम (यूके) ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की उपस्थिति में इस समझौते को औपचारिक रूप दिया गया। भारत और यूके के बीच एफटीए का स्वागत करते हुए उद्योग जगत ने कहा कि इससे व्यापार बाधाओं में कमी आने, निवेशकों का विश्वास बढ़ने और संयुक्त उद्यमों व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह समझौता भारत और यूके के व्यापार को ही नहीं विश्व व्यापार को नई दिशा देगा, तब जब अमेरिकी टैरिफ को लेकर इतना उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री के साथ गए प्रतिनिधिमंडल में भारतीय उद्योग जगत के 16 प्रमुख व्यापारिक नेता शामिल थे। इनका नेतृत्व भारतीय एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष और भारत-ब्रिटेन सीईओ



फोरम के सह अध्यक्ष सुनील मित्तल कर रहे थे। इस पर बोलते हुए मित्तल ने कहा कि सभी क्षेत्रों के भारतीय उद्योग भारत-यूके एफटीए का उत्साह के साथ स्वागत कर रहे हैं। यह समझौता एक आधुनिक, दूरदर्शी साझेदारी स्थापित करता है। यह नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बाजार पहुंच को आसाना बनाएगा और निवेशक को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रिटेन दोनों के व्यवसायों को इससे बहुत लाभ होगा क्योंकि यह प्रमुख विकास क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की नींव को रखता है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई ) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा सीआईआई लंबे समय से एक व्यापक और दूरदर्शी भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता का समर्थक रहा है। यह एफटीए हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक निर्णायक क्षण है, जो समावेशी विकास, आर्थिक लचीलेपन और औद्योगिक परिवर्तन के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह भारतीय और ब्रिटिश व्यवसायों के बीच गहन बाजार पहुंच, नियामक सहयोग और अगली पीढ़ी की साझेदारियों के लिए मजबूत आधार तैयार करता है।

सीआईआई के अनुसार पिछले पांच वर्षों में भारत ने ब्रिटेन के साथ एक सकारात्मक व्यापार संतुलन को बनाए रखा है, जो प्रमुख व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। दोनों अर्थव्यवस्थाओं का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करके 120 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। वर्तमान समय में 970 से अधिक भारतीय कंपनियां ब्रिटेन में कार्यरत हैं, जे कॉपोरेट कर में लगभग 1.17 अरब पाउंड का योगदान देती है और लगभग 11 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। यह स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और आजीविका को सहारा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# पियाजियो व्हीकल्स ने की आपे इलेक्ट्रिक के नये जमाने की शुरुआत

## ऑल-न्यू आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स लॉन्च किया




**लखनऊ।** पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. (पीवीपीएल-PVPL) ने आज अपनी नई 2025 आपे इलेक्ट्रिक ईवी रेंज लॉन्च की, जिसमें दो नए मॉडलों आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स को शामिल किया गया है। ये उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ब्रांड की यात्री वाहन श्रृंखला को और मजबूती देते हैं और अंतिम मील की यात्रा के लिए बेहतरीन परफॉर्मेंस और भरोसेमंद समाधान पेश करते हैं।

आपे ई-सिटी अल्ट्रा की खासियत इसकी मजबूत फुल मेटल बॉडी, 10.2 kWh की एडवांस्ड स्त्नक्क बैटरी और स्मार्ट टेलीमैटिक्स है, जो इसे शहरी उपयोग के लिए एक आधुनिक और टिकाऊ विकल्प बनाते हैं। वहीं आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स, अपने सेगमेंट में 30 Nm का अग्रणी टॉर्क और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग फीचर के साथ लंबी बैटरी लाइफ और लगातार शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करता है।

पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि., इटली स्थित ऑटोमोबाइल दिग्गज पियाजियो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है और भारत में छोटे यात्री व वाणिज्यिक वाहनों की प्रमुख निर्माता है।

इस अवसर पर पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री डिएगो ग्राफ़ी ने कहा, ÷भारत तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर अग्रसर है और थ्री-व्हीलर इस बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि इलेक्ट्रिक वाहन शहरी परिवहन को नया रूप देने और आजीविका सुधारने का बड़ा अवसर हैं। आपे ई-सिटी अल्ट्रा और एफएक्स मैक्स को भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ये बेहतरीन रेंज, कम बैटरी डिग्रेडेशन, दमदार परफॉर्मेंस और बेहद कम परिचालन लागत के साथ आते हैं जिससे वे आर्थिक प्रगति में सहायक बनते हैं।

थ्री-व्हीलर ईवी सेगमेंट में अग्रणी ब्रांड के रूप में पियाजियो को गर्व है कि वह भारत के नेट-जीरो लक्ष्य में स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार समाधानों के साथ योगदान दे रहा है, जो बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक असरदार साबित होंगे।

# कमजोर मांग के कारण सोना-चांदी हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की मुनाफावसूली और वैश्विक बाजारों में नरम रुख के कारण सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,200 रुपये गिरकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमतें 3,000 रुपये गिरकर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी एवं करेंसी रिसर्च के उपाध्यक्ष (ईबीजी) प्रणव मेर ने कहा कि अमेरिका द्वारा जापान और फिलीपींस के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा के बाद जोखिम प्रीमियम में कमी होने से मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। इससे विशेष रूप से चीन और यूरोप के साथ ऐसे और अधिक सौदे होने की उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि, प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर से कीमतों को कुछ समर्थन मिल सकता है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा, लखनऊ अंचल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के पेंशनरों के साथ बैठक का आयोजन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त कर्मियों के अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनकी बैंकिंग एवं पेंशन खाते के साथ बीमा कवरेज संबंधी आवश्यकताओं को समझने और पूरा करने के उद्देश्य से, बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के पेंशनरों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के लिए बैंक द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, शिकायत निवारण प्रणाली एवं अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा, लखनऊ अंचल के अंचल प्रमुख शैलेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस के सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा की गयी राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, देश की सेवा में समर्पित रहे अधिकारियों को सेवा देना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह आयोजन हमारे आभार का एक छोटा सा प्रयास है, साथ ही यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के पेंशनधारकों को सहज, सुरक्षित और सम्मानपूर्वक बैंकिंग सेवाएं मिलें। अविनाश चंद्र (सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस), चंद्र प्रकाश (सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक), आर.के. चतुर्वेदी (सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक एवं महासचिव, उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, लखनऊ), श्याम पाल सिंह (सचिव), महेंद्र कुमार त्रिपाठी (सचिव) एवं आर.एल. निरंजन (कोषाध्यक्ष) ने अपनी सम्मानजनक उपस्थिति से आयोजन को गौरवान्वित किया।

# आईकूने लॉन्च किया आईकू ज़ेड 10आर - युवा क्रिएटर्स के लिए परफेक्ट स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांडआईकूने आज अपना नया स्मार्टफोन आईकू ज़ेड 10 आर लॉन्च कर दिया है। यह फोन खासतौर पर उन नए जमाने केकटेंट क्रिएटर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो अपने आइडियाज़ को शानदार क्वालिटी में कैद करके दुनिया तक पहुँचाना चाहते हैं। कैमरा, परफॉर्मेंस और डिज़ाइन हर पहलू में यह फोन पूरी तरह से लोडेड है। ज़ेड सीरीज़ केनएएडिशन आईकू ज़ेड 10 आरके लॉन्च पर बात करते हुए आईकूके सीईओ निपुन मार्या ने कहा आईकूमें हमारा मानना है कि आज की युवा पीढ़ी के लिए कंटेंट बनाना खुद को अभिव्यक्त (एक्सप्रेस) करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। आईकूज़ेड10आरके ज़रिए हमने ऐसा डिवाइस तैयार किया है, जो उनकी क्रिएटिविटी की रफ्तार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है। चाहे चलते-फिरते हाई-क्वालिटी कंटेंट शूट करना हो, रियल टाइम में एडिट करना हो या डिमांडिंग ऐप्स के बीच स्मूदली स्विच करना - यह हमारे सेगमेंट का सबसे तेज़ डिवाइस




है, जिसे मल्टीटास्किंग को बेहतरीन बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्मार्ट एआई टूल्स और इंडस्ट्री-लीडिंग परफॉर्मेंस के साथ, आईकूज़ेड 10 आरसिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं, बल्कि हर क्रिएटर के लिए एक परफेक्ट कंपेनियन है। स्मार्टफोन्स, एसेसरीज़ और पोस्ट पर्चेज सर्विसेज़ कैटेगरी लीडर तनय शाह ने कहा आईकू ज़ेड10आर जैसे इनोवेटिव स्मार्टफोन को देशभर के ग्राहकों तक पहुँचाना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा, आईकू ज़ेड10आर का शानदार 4क्य सेल्फ़ी कैमरा, 120 हट्र्ज़ एएमओएलईडी डिस्प्ले और दमदार एआई फ़ीचर्स ग्राहकों को ज़रूर पसंद आएंगे। ऐमज़ॉन.इन पर ग्राहक न सिर्फ़ इस फोन की पूरी जानकारी और असली रिव्यू पा सकेंगे, बल्कि इसे भरोसेमंद डिलीवरी के साथ अपने दरवाज़े तक मँगवा भी सकेंगे। हमारी आसान और भरोसेमंद शॉपिंग सुविधा, लॉन्च ऑफ़र्स और तकनीकी सहायता के साथ यह सुनिश्चित करती है कि देशभर के क्रिएटिव लोग और टेक शौकीन बिना किसी रुकावट के प्रोफेशनल-क्वालिटी कंटेंट तैयार कर सकें। यह डिवाइस 29 जुलाई से ऐमज़ॉन.इन पर सभी के लिए उपलब्ध होगा।

आईकूज़ेड10आरमें सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 32 मेगापिक्सल 4के फ्रंट कैमरा दिया गया है, जो शार्प और हाई-क्वालिटी सेल्फ़ी, व्लॉग और रील्स बनाने के लिए परफेक्ट है। इसके साथ स्मार्ट कैमरा फीचर्स जैसे एआई इरेज़, एआई फोटो एन्हांस, मल्टी-फोकस पोर्ट्रेट और अंडरवॉटर मोड भी दिए गए हैं, जिससे कभी भी, कहीं भी बढ़िया कंटेंट बनाना आसान हो जाता है।

यह फोन मजबूती के मामले में भी दमदार है इसमें आईपी68 और आईपी69 की रेटिंग दी गई है, यानी यह पानी और धूल से सुरक्षित है। साथ ही, इसमें भारत का सबसे स्लिम क्वाड-कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले है, जो 120 हट्र्ज़ रिफ्रेश रेट और 1800 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ जबरदस्त विज़ुअल एक्सपीरियंस देता है।

मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7400 फाइवजी प्रोसेसर और 7.5 लाख+ ऐनटूटू स्कोर के साथ यह फोन शानदार परफॉर्मेंस देता है चाहे मल्टीटास्किंग हो, फोटो-वीडियो एडिटिंग या एआई बेस्ड काम।

# राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 का गृह मंत्री ने किया अनावरण, दो दशकों तक रहेगा लागू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 का अनावरण कर दिया है। यह 2025 से 2045 तक अगले दो दशकों के लिए भारत के सहकारी आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इस नई राष्ट्रीय नीति की घोषणा की। इसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में अधिक पेशेवर रूप से प्रबंधित और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सहकारी संगठन बनाना है। यह नवीनतम घोषणा 23 वर्ष बाद आई है, जब सहकारी समितियों के लिए इसी प्रकार की नीति 2002 में लाई गई थी, जब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सत्ता में था। राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025 का अनावरण करते हुए शाह (जो गृह और सहकारिता मंत्रालय दोनों संभाल रहे हैं) ने कहा कि सहकारिताएं कराधान सहित सभी पहलुओं में कॉर्पोरेट क्षेत्र के बराबर हैं।

उन्होंने राज्यों से नई नीति को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि सहकारी क्षेत्र में भारत के लिए विकास लाने की क्षमता है, जिसका लक्ष्य 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनना है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सहकारी संगठनों को पेशेवर, पारदर्शी, प्रौद्योगिकी से लैस, वित्तीय रूप से स्वतंत्र और सफल बनाना है।

शाह ने कहा, हमारा लक्ष्य देश के प्रत्येक गांव में कम से कम एक सहकारी संगठन स्थापित करना है। इसके अलावा, इसका उद्देश्य कम से कम 50 करोड़ लोगों को सहकारिता के दायरे में लाना है। मंत्री ने कहा, ÷यह नीति दूरदर्शी, व्यावहारिक और परिणाम लाने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, ÷मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे।

# मेस्से फ्रैंकफर्ट और एमईएक्स एक्जिबिशन्स ने एक रणनीतिक गठबंधन किया

**लखनऊ।** गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो दिल्ली 2025 के भव्य उद्घाटन के दौरान की गई एक ऐतिहासिक घोषणा में, पेपरवर्ल्ड इंडिया, कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो और गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर अपने प्रदर्शनी पोर्टफोलियो के विलय की घोषणा की।

दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और कोलकाता में अब समर्पित शो आयोजित होने के साथ, यह संयुक्त पहल उपहार और स्टेशनरी क्षेत्र की अखिल भारतीय उपस्थिति स्थापित करने की दीर्घकालिक रणनीति को रेखांकित करती है। देश के शीर्ष व्यावसायिक और उपभोग केंद्रों में मज़बूत क्षेत्रीय मंच बनाकर, आयोजक एक ऐसा स्केलेबल मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं जो निम्नलिखित का समर्थन करता है-

- कई शहरों में खरीदारों और वितरकों तक पहुँचकर प्रदर्शकों के लिए व्यापक बाज़ार पहुँच
- अलग-अलग शो कैलेंडर के माध्यम से साल भर व्यावसायिक जुड़ाव
- BwB, रिटेल और कॉर्पोरेट क्षेत्रों को लक्षित करने वाले ब्रांडों की बेहतर दृश्यता

**विकास**

**गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो का आगामी फरवरी 2026 का मुंबई संस्करण लंबे समय से चले आ रहे कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो के परिवर्तन को चिह्नित करेगा**

प्रत्येक क्षेत्र की व्यावसायिक गतिविधियों के अनुरूप लक्षित नेटवर्किंग और खरीदार संपर्क के अवसर

उनका राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण न केवल कंपनियों को क्षेत्र-विशिष्ट मांग पैटर्न का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है, बल्कि उपहार और स्टेशनरी के लिए एक राष्ट्रीय पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में भी योगदान देता है। साथ मं् भारत में ये अग्रणी प्रदर्शनी ब्रांड उपहार और स्टेशनरी उद्योग के लिए एक बेजोड़ पावरहाउस का निर्माण




करेंगे, एक एकीकृत मंच प्रदान करेंगे जो देश भर और उसके बाहर के निर्माताओं, नवप्रवर्तकों और खरीदारों को जोड़ता है।

गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो का आगामी फरवरी 2026 का मुंबई संस्करण लंबे समय से चले आ रहे कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो के परिवर्तन को चिह्नित करेगा, जिसे अब गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो के तहत रीब्रांड किया जाएगा ताकि उपहार के पूरे दायरे को कवर किया जा सके और यह केवल कॉर्पोरेट गिफ्टिंग तक ही सीमित न रहे। यह रीब्रांडिंग गिफ्टिंग उद्योग के लिए एक सुसंगत और एकीकृत मंच का प्रतीक है। इसके साथ ही, मेस्से फ्रैंकफर्ट पोर्टफोलियो के तहत स्टेशनरी, कार्यालय और स्कूल आपूर्ति क्षेत्र के लिए वैश्विक ब्रांड, पेपरवर्ल्ड इंडिया, गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो (नई दिल्ली 2026 संस्करण) के साथ, राजधानी नई दिल्ली में अपनी शुरुआत करेगा, जिससे भारत में इसकी उपस्थिति और बढ़ेगी और फिर बाजार की मांग के अनुसार अन्य क्षेत्रों में प्रवेश करेगा।

इस गठबंधन के बारे में बात करते हुए मेसे फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और बोर्ड सदस्य राज मानेक ने कहा कि एमईएक्स एक्ज़ीबिशन्स के साथ हमारी निरंतर साझेदारी का उद्देश्य हमारी क्षमताओं और उद्योग की अंतर्दृष्टि को एक साथ लाकर एक राष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिक और क्षेत्रीय रूप से गहन पोर्टफोलियो का निर्माण करना है।

गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो के मुंबई में विस्तार और पेपरवर्ल्ड इंडिया के नई दिल्ली में लॉन्च के साथ, हम एक मजबूत ब्रांड के साथ, एकल-स्रोत व्यावसायिक प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से बेहतर पेशकशों के साथ, बी2बी उपहार और स्टेशनरी दोनों क्षेत्रों में अधिक प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार हैं। इन चार प्रमुख वाणिज्यिक और उपभोग केंद्रों पर केंद्रित एक अखिल भारतीय रणनीति अपनाने से ये शो भारतीय और वैश्विक दोनों ब्रांडों के लिए पूरे वर्ष भर बाज़ार में अपनी पहुँच और निरंतर व्यावसायिक जुड़ाव को और मज़बूत बना पाएँगे।

# लखनऊ में मिसेज़ तीज रनवे कम्पटीशन एंड अवार्ड शो सीज़न 3 का शानदार आयोजन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बी.के.टी. में स्थित परी मेकओवर्स की पूनम सिंह जी द्वारा मिसेज़ तीज रनवे कम्पटीशन एंड अवार्ड शो सीज़न 3 का भव्य आयोजन किया गया, जिसने महिला सशक्तिकरण और आत्मविश्वास को एक नया मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीती सिंह, ब्रांड मॉडल पल्लवी सिंह, और मिसेज़ यू.पी. मोनिका गुप्ता जैसी कई जानी-मानी हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से चार चाँद लगाए। इस शानदार प्रतियोगिता की विजेता सुषमा निषाद रहीं, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली वॉक और अद्वितीय आत्मविश्वास से यह साबित कर दिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उनकी जीत ने कार्यक्रम के मूल संदेश को सुदृढ़ किया।

शो का कुशल संचालन प्रसिद्ध गायक और एंकर अज़मल जी ने किया, जो मोहम्मद रफ़ी साहब की आवाज़ में गाने में उत्तर प्रदेश में



अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। उनके मंत्रमुग्ध कर देने वाले गायन और प्रभावी एंकरिंग ने पूरे कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।

इस अवसर पर, मानवाधिकार के राष्ट्रीय चेयरमैन और इंटरनेशनल यूनिसेफ़ काउंसिल के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने शो की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि पूनम सिंह जी की कड़ी मेहनत ने इस पूरे शो को शानदार बनाने में रंग लाई है और इसके लिए उन्हें कोटि-कोटि नमन है।

कार्यक्रम में माँ आनंदी न्यूज़ और माँ आनंदी इंटरप्राइजेज (धूप बत्ती) के डायरेक्टर अनुराग द्विवेदी जी मीडिया पार्टनर के रूप में मौजूद रहे।

शो की प्रस्तुतकर्ता, परी मेकओवर्स की पूनम सिंह जी ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, ÷हम ऐसे शोज भविष्य में भी लाते रहेंगे, बस आप सबके साथ और सहयोग की जरूरत है।÷ उनका यह बयान महिला प्रतिभाओं को लगातार बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह आयोजन न केवल एक प्रतियोगिता थी, बल्कि महिला सशक्तिकरण और उनके आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम भी था, जिसने लखनऊ में एक अमिट छाप छोड़ी।

# अदाणी समूह ने मेटट्यूब के साथ किया करार, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में होगा काम




**नई दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने मेटट्यूब मॉरीशस प्राइवेट लिमिटेड (मेटट्यूब) के साथ शेयर खरीद और शेयरधारक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का क्या मकसद है, आइए जानते हैं, विस्तार से।

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने मेटट्यूब मॉरीशस प्राइवेट लिमिटेड (मेटट्यूब) के साथ शेयर खरीद और शेयरधारक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य कंपनी की अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) उद्योग को अगली पीढ़ी के समाधान प्रदान करना है। इस साझेदारी का लक्ष्य आयातित तांबे की ट्यूबों पर भारत की निर्भरता को कम करना और तांबा-आधारित प्रयोगों के लिए एक मजबूत घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

समझौते के तहत, अदाणी एंटरप्राइजेज अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, कच्छ कॉपर ट्यूब्स लिमिटेड में 50% हिस्सेदारी मेटट्यूब को बेचेगी। इसके अलावे, अदाणी एंटरप्राइजेज मेटट्यूब कॉपर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 50% निवेश करेगी, जो मेटट्यूब की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और गुजरात में अहमदाबाद के पास एक संयंत्र संचालित करती है।

# बीसी सखी उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन को दे रही है बढ़ावा और महिलाओं को बना रही है सशक्त



**लखनऊ।** बीसी सखी या आम तौर पर बैंकर दीदी के नाम से जानी जाती हैं, न केवल उत्तर प्रदेश के कम सेवा वाले क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रही हैं, बल्कि अपने आसपास की महिलाओं को भी सशक्त बना रही हैं। बीएलएस ई-सर्विसेज, भारत में एक प्रमुख बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट (बीसी) खिलाड़ी, क्षेत्र में बीसी सखी नेटवर्क का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा रखती है, जो वित्तीय लेनदेन की सुविधा प्रदान करती है, जो लेनदेन की मात्रा और राजस्व दोनों में वृद्धि करती है। बीसी सखी और बीएलएस ई-सर्विसेज़ भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने पर केंद्रित पहलें हैं। ये महिलाएं, अब बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी के रूप में जानी जाती हैं, लोगों के दरवाजे पर आवश्यक बैंकिंग सेवाएं लाती हैं। नकद निकासी और जमा से लेकर पेंशन वितरण और शेष जांच तक, ग्रामीण अब उन सेवाओं का आनंद लेते हैं जो कभी उनके इलाकों में एक विलासिता मानी जाती थीं। हितधारकों के दरवाजे के मॉडल ने न केवल पहुंच को सरल बनाया है, बल्कि औपचारिक बैंकिंग चैनलों में अधिक विश्वास भी पैदा किया है, बीएलएस ई-सर्विसेज़ लिमिटेड के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2020 में महिलाओं के वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और गांवों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए बीसी सखी योजना शुरू की थी। अब तक, उत्तर प्रदेश में 50,000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से लगभग 40,000 ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और बैंकिंग को अधिक सुलभ और सुरक्षित बना रही हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2020 में इसकी शुरुआत के बाद से, इस योजना के तहत 50,192 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 39,561 गांवों में सक्रिय रूप से सेवा दे रही हैं, जिन्होंने 31,626 करोड़ रुपये के लेनदेन की सुविधा प्रदान की है और 85.81 करोड़ रुपये के लाभांश अर्जित किए हैं। बीसी सखी कार्यक्रम, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) का हिस्सा है, जो एसएचजी महिलाओं को बैंकिंग प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करता है, ग्रामीण समुदायों और औपचारिक बैंकिंग के बीच की खाई को पाटता है। वित्तीय समावेशन से परे, यह योजना महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है, उनके समुदायों में उनकी स्थिति को ऊंचा करती है, बीएलएस ई-सर्विसेज के मुख्य परिचालन अधिकारी लोकनाथ पंडा* ने रेखांकित किया कि कई बीसी सखी, जो पहले घरेलू भूमिकाओं तक सीमित थीं, अब सम्मानित वित्तीय मध्यस्थ और कमाने वाली हैं। बीसी सखी बनने के लिए, महिलाओं को कम से कम कक्षा 10 की शिक्षा और बुनियादी कंप्यूटर साक्षरता होनी चाहिए। राज्य सरकार, एसबीआई जैसे बैंकों के सहयोग से, प्रशिक्षण प्रदान करती है, जबकि भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) उन्हें ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) के माध्यम से प्रमाणित करता है।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया सिक्योरइन्वेस्ट- एक यूनिट-लिंक्ड प्लान जो वार्षिक प्रीमियम का 100 गुना तक लाइफ कवर प्रदान करता है

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस) ने आज अपने नए उत्पाद 'सिक्योरइन्वेस्ट' को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक नॉन-पार्टिसिपेटिंग, यूनिट लिंक्ड इंडिविजुअल लाइफ इंश्योरेंस बचत योजना है, जिसे पॉलिसीधारकों के बदलते वित्तीय लक्ष्यों और जीवन चरणों के मुताबिक डिज़ाइन किया गया है। सिक्योरइन्वेस्ट वार्षिक प्रीमियम के 100 गुना तक उच्च लाइफ कवर को बाजार से जुड़े विकास की संभावना के साथ जोड़ता है।

इस लॉन्च के मौके पर श्री ऋषि माथुर, चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर-ऑल्टरनेट चैनल्स और चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस में हम जानते हैं कि जीवन में कई वादे होते हैं- तरक्की, सुरक्षा और अपने प्रियजनों के लिए कुछ छोड़ जाने का वादा। इन वादों को पूरा करने के लिए हमने सिक्योरइन्वेस्ट योजना बनाई है, जो हर उम्र और ज़रूरत के हिसाब से है। यह योजना हमारे ग्राहकों की ज़रूरतों को समझकर बनाई गई है। इसमें अच्छा लाइफ कवर, निवेश में ग्रोथ और लंबे समय तक मूल्य बढ़ाने की सुविधा एक साथ मिलती है, जो ग्राहक की वित्तीय यात्रा के साथ बदलती और बढ़ती है।

इस प्लान में कई कंज्यूमर-फ्रेंडली फीचर्स हैं। पॉलिसीधारकों को उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के लिए 10वें पॉलिसी वर्ष के अंत से शुरू होने वाले लॉयल्टी एडिशन और उसके बाद हर 5वें वर्ष में आवर्ती, साथ ही पॉलिसी अवधि के अंत में मैच्योरिटी बूस्टर्स के साथ पुरस्कृत किया जाता है। पॉलिसीधारक चुकाये गये प्रीमियम और प्राप्त लाभों पर टैक्स के लागू कानूनों के अनुसार टैक्स लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

# जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी आरओ-एआरओ की परीक्षा, अधिकारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें : डीएम

**किसी भी स्तर पर परीक्षा की सुचिता संदिग्ध न हो : एडीएम**

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्री) परिक्षा 27 जुलाई को पूर्वाह्न 9:30 बजे 12:30 बजे तक, जनपद के 18 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार किया गया। इस अवसर पर आयोग द्वारा नामित जनपद नोडल अधिकारी कौशल किशोर भी उपस्थित रहे। उक्त परीक्षा में 8183 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिकारी गण अनुभवी हैं निर्वाचन की तरह सभी मजिस्ट्रेट गण अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तन्मयता से संपादित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगी है तथा जो रिजर्व में नामित हैं वो सभी अधिकारी गण प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त कर लें, उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा वीसी के माध्यम से दी गई जानकारी एवं गाइडलाइन अनुसार अपने कार्यों की पूर्ण रूप से जानकारी कर लें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा भी ड्यूटी लगा दी गई है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के इंट्री से संबंधित विस्तृत रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि आई कार्ड की जांच, इलेक्ट्रिक उपकरणों आदि की जांच उपरांत ही किसी की इंट्री कराई जाय।

उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अराजक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाई जाती है तो उस ध्यान न दें तथा उसकी रिपोर्ट हमें प्रेषित की जाए ताकि जांचोपरांत कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त परीक्षा दौरान एक्टिव रहें। कहा कि जो पेपर/ वाहन जिस विद्यालय हेतु नामित है वो वहीं पर जाना चाहिए, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों को उक्त परीक्षा को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण व नकलविहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। इस अवसर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, बीएसए राम जियावन मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारीगण, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त, विभागीय अधिकारी कर्मचारी, प्राचार्य गण सहित सभी केंद्र अधीक्षक, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित आदि उपस्थित रहे।

# छितौनी नगर में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब, भीषण गर्मी मचा हाहाकार, लोगों ने किया प्रदर्शन

**कल्याण नगर और अटल नगर वार्ड में बिजली संकट**

अवधनामा संवाददाता


छितौनी में प्रदर्शन करते ग्रामीण

**खड्डा, कुशीनगर।** नगर पंचायत छितौनी के कल्याणनगर और अटल नगर वार्ड में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब होने से इस उमस भरी गर्मी में लोग जीवन जीने के लिए बेहाल होकर धरना प्रदर्शन करने पर उतारू हो गए है। गांव वालो का धरना लंबे समय तक चलता रहा। बच्चों, बूढ़ों एवं नौजवानों का धरना प्रदर्शन देख स्थानीय विधायक ने तत्काल विद्युत विभाग के एस डी ओ को ट्रांसफार्मर बदलवाने के निर्देश दिए है।

बताते चले कि बिजली विभाग कि घोर लापरवाही करने के वजह से उपरोक्त नगर पंचायत के दोनों टोलो में लगभग 40 घरों की आबादी अंधेरों में है। लगभग एक हफ्ते पहले 16 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण इन इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। फिर भी विद्युत विभाग के लोग गहरी नींद में खर्राटे मार रहे थे। इधर नगरवासियों का जीना मुहाल हो गया था। यहां तक नगरवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार इस समस्या को समाधान करने की आग्रह किया लेकिन इनका सुनने वाला कोई नहीं था। जिनके खिलाफ नगरवासियों ने आक्रोशित होकर आज धरना प्रदर्शन करते हुए, विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों में जवाहर कुशवाहा, गुलाब कुशवाहा, लालबहादुर, राजेंद्र वर्मा, शंकर गौतम, महगू गौतम, अवधेश मद्धेशिया, वशिष्ठ कुशवाहा, सुदर्शन पासवान, हरी खरवार, राजेश खरवार, सुरेंद्र कुशवाहा, सतीश, बद्री गौतम, रामप्रीत पासवान, हीरालाल कुशवाहा सहित अन्य तमाम लोगों ने बताया कि इस सावन के महीने में तेज धूप और उमस भरी मौसम में,बिजली आपूर्ति बाधित होने से उनकी हालत काफी खराब हो गई है। गर्मी के कारण तमाम लोगों की तबीयत भी बिगड़ गई है। बच्चे दिन-रात सो नहीं पा रहे हैं। घर में रहने वाले बीमार बुजुर्गों का हालत बुरा है।

नगरवासियों ने खड्डा विधायक विवेकानंद पांडे से मोबाइल पर संपर्क कर ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग भी की। जिसपर खड्डा विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीओ खड्डा सोनू कुमार को शाम तक ट्रांसफार्मर लगवाने के निर्देश दिए। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी भी दी है कि यदि आज रात तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल

**पिकअप वाहन से बिहार तश्तरी को ले जा रहा था गोवंश**

अवधनामा ब्यूरो


मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर

**कुशीनगर।** जिले के कसया थाना क्षेत्र में पुलिस और पशु तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। एयरपोर्ट रोड के पास चेकिंग के दौरान पुलिस को देखते ही एक पिकअप वाहन सवार तस्कर ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें तस्कर मकसूद पुत्र सुभान, निवासी पुरखास, गोपालगंज (बिहार) घायल हो गया। घायल तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। मौके से पुलिस ने 6 गौवंश, एक अवैध तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस, एक पिकअप वाहन (बिना नंबर), बांका, लकड़ी का ठीहा और 400 रुपए नकद बरामद किए हैं।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार की भोर में कसया क्षेत्र में पशु तस्करों के होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना कसया, थाना रामकोला, थाना खड्डा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कसया एयरपोर्ट रोड कब्रिस्तान के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीमों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया।

जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसकी पहचान मकसूद पुत्र सुभान निवासी पुरखास थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार के रुप में हुई जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से 40 वर्षीय व्यक्ति घायल, हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित किसान इंटर कालेज के खेल मैदान के सामने गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे एक अज्ञात वाहन की ठोकर 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों द्वारा सीएचसी मथौली लाया गया जहां हालत देख मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।


जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी सुल्तान पुत्र स्व इशरफील उम्र 40 वर्ष सुबह मथौली किसी काम से गए थे कि किसान इंटर कालेज के खेल मैदान के सामने एक अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया। हादसे में बाद सुलतान सर के बल सड़क पर ही गिर पड़ा जिससे गंभीर चोटें लग गई। सूचना पर पहुंचे परिजन व आसपास के लोगों ने आनन फानन में सीएचसी मोतीचक मथौली ले गये जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि परिजन एम्स में इलाज करा रहे है। परिजनों के अनुसार सुल्तान के सिर में गंभीर चोटें, एक पैर फैक्चर सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें लगी है। समाचार लिखे जाने तक स्थिति गंभीर बना हुआ है।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**मथौली बाजार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 8 इंदिरा नगर निवासी रमेश साहनी पुत्र अर्जुन साहनी उम्र 23 गुरुवार को गृह कलह से तंग आकर ज़हरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर देख परिजनों ने सीएचसी मोतीचक मथौली ले आए जहां से डाक्टरों ने जांचोपरांत स्थिति गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां रमेश की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के 48 फीसदी लाभार्थियों के सत्यापन का काम पूरा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** विकास विभाग में इस समय प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के सत्यापन और फैमिली आई डी जारी करने का काम तेजी से चल रहा है। सत्यापन के लिए डेट लाइन 31जुलाई निर्धारित है। प्रगति की समीक्षा रोज हो रही है। बुधवार को सभी खंड विकास अधिकारियों ने ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। जनपद में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाले लाभार्थियों में से 48फीसदी लाभार्थियों के सत्यापन का काम पूरा हो गया है।

अमेठी में खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को अपराह्न तीन बजे ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। यहां 62फीसदी लाभार्थियों का सत्यापन हो चुका है।1100डाटा सत्यापन को अवशेष हैं। फैमिली आई डी की प्रगति संतोषजनक नहीं है।

बैठक में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनुराग यादव,पवन कुमार यादव, सुरेश चंद्र यादव, संदीप जायसवाल, विपिन तिवारी, अखिलेश तिवारी, हेमा सिंह, कीर्ति सिंह, नेहा सिंह,पटल सहायक सिकंदर आदि मौजूद रहे।

खंड विकास अधिकारी रतन सिंह ने शाहगढ़ और भादर विकास खंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत चल रहे सत्यापन के काम की प्रगति की समीक्षा की।भादर में प्रगति 70फीसदी और शाहगढ़ में 60फीसदी है।

# युवक कांग्रेस में शामिल हुए अमेठी के दो नौजवान




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/गौरीगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में सिद्धार्थ नारायण शुक्ला और बृजेश सिंह ने युवक कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम् सिंह के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने कांग्रेस में शामिल होने पर उनका स्वागत किया।

दोनों नौजवान नेताओं ने कहा कि वे सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रेम नारायण तिवारी ने कहा कि कांग्रेस नौजवानों के भविष्य को लेकर हमेशा संघर्षरत रही है। राहुल गांधी नौजवानों के हित की लड़ाई लड रहे हैं।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवनीश मिश्र, रवि मौर्य, धर्मेंद्र तिवारी, दुर्गेश तिवारी,चंदन शुक्ल, दयाराम सोनी आदि मौजूद रहे।

## शुभम् सिंह ने डी एम से की शिष्टाचार मुलाकात

बुधवार को युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम् सिंह ने डी एम संजय चौहान से शिष्टाचार मुलाकात की। अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और जन मुद्दों पर चर्चा की।

# पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षु महिला आरक्षियों से किया गया संवाद

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा आज पुलिस लाइन देवरिया स्थित सभागार में प्रशिक्षु महिला आरक्षियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षु महिला आरक्षियों की समस्याओं को जानना, उनकी कार्यशैली को समझना तथा उन्हें प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रशिक्षु महिला आरक्षियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद करते हुए उनके प्रशिक्षण, आवास, भोजन, स्वास्थ्य व अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने महिला आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी पुलिस व्यवस्था की सशक्त आधारशिला हैं और उनकी सहभागिता से ही कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

# कांग्रेस नेता ने की देवरिया को सुखा घोषित करने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य/मनरेगा प्रभारी नागेंद्र शुक्ल ने एक प्रेस के जारी बयान में कहा की मानसून न आने की वजह से किसानों को फसल बर्बाद हो रहा है किसान अपने व्यवस्था से फसलों को सिंचाई कर रहा है। लेकिन बारिश न होने से धान की फसल सुख रहा है। जनपद के किसानों के अंदर मौसम की मार को लेकर एक भारी निराशा हुई है। अपने धान की फसल को लेकर जनपद के किसानों की चिंता बनी हुई है।

श्री शुक्ला ने कहा की प्रदेश सरकार जल्द देवरिया जनपद को सुखा घोषित करके किसानों के कर्जों को माफ करे। श्री शुक्ला ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के बोर्ड के अध्यक्ष के यहां मांगलिक कार्यक्रम की वजह से बच्चों के परीक्षा को टाल दिया गया है। यह कैसी सरकार चल रहा है की देश व प्रदेश के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। पहले की सरकारों में बच्चों के परीक्षा को लेकर अन्य कार्यक्रम निरस्त कर दिया जाता था। और भाजपा सरकार मे परीक्षा निरस्त कर दिया जा रहा है।

प्रदेश में गुंडा राज कायम है। आय दीन लूट हत्या, बलात्कार हो रहे हैं अपराधियो का मनोबल इस सरकार में बढ़ चुका है। जनता अब भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। शुक्ल ने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में ही भाजपा को जनता सबक सिखाएगी। कांगेस पंचायत चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी और जीतेगी। जनता अब कांग्रेस के तरफ आसा भरी नजरों से देखेगी।

# दो मज़दूरों की सीवर की सफाई के दौरान मृत्यु एक गंभीर

**अंबेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सदरपुर में गुरुवार दोपहर सीवर लाइन की सफाई के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। तीन मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आकर सीवर में बेहोश हो गए, जिसमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मेडिकल कॉलेज परिसर में सीवर की सफाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान एक मजदूर अचानक सीवर में गिर गया। उसे बचाने के प्रयास में दो अन्य मजदूर भी नीचे उतर गए। तीनों मजदूर जहरीली गैस के कारण बेहोश होकर सीवर में फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। तत्काल जेसीबी मशीन मंगवाकर सीवर लाइन को तोड़ा गया और तीनों मजदूरों को बाहर निकाला गया। सभी को गंभीर अवस्था में कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मनीराम (निवासी रामपुर कला, टांडा) और देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुरेंद्र (निवासी रामपुर कला) की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार


मीडिया के समक्ष अभियुक्त को पेश करते एसपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दिया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 14 वर्ष को शमशाद उर्फ मुन्ना पुत्र साबिर ग्राम पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया भगा ले गया है।

पुलिस मुकदमा दर्ज कर एसपी के निर्देश पर पीड़िता की सकुशल बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके क्रम में गुरुवार को थाना नेबुआ नौरंगिया की पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त शमशाद उर्फ मुन्ना पुत्र साबिर ग्राम पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में वादी की नाबालिग पुत्री को अभियुक्त शमशाद उर्फ मुन्ना पुत्र साबिर निवासी पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर द्वारा धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म किया गया तथा उसके द्वारा बताया गया कि वह बैंगलोर में कमा रहा था एवं वर्तमान में पीड़िता को भगाकर धर्मपरिवर्तन करा कर केरला (राज्य) के नजदीक लेकर गया था। अभियुक्त द्वारा पीड़िता का नाम बदलकर नरगिस खातून कर दिया गया और इसी नाम से आधार कार्ड बनवा दिया गया।

# भीषण विद्युत कटौती के बीच नपं मथौली में दिन भर जल रही स्ट्रीट लाइटें



**प्रतिदिन हजारों यूनिट बिजली हो रहा बर्बाद, जिम्मेदार बने अनजान**

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** भीषण गर्मी व लगातार विद्युत कटौती से जहां लोगों में हाहाकार मचा हुआ है, वहीं नगर पंचायत मथौली में दिनभर स्ट्रीट लाइटे जलती नजर आ रही है, जिससे प्रतिदिन हजारों यूनिट बिजली बर्बाद हो रहा है, लेकिन विद्युत विभाग इसपर ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञात हो कि मथौली विद्युत उपकेंद्र से लगभग डेढ़ दर्जन गांवों में आपूर्ति दी जाती है। इन दिन बिजली की भारी कटौती देखने को मिल रही है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

बता दें कि सरकार की तरफ से बिजली बचाने की तमाम कवायद विभागीय लापरवाही के चलते फ्लॉप साबित हो रही है। नगर पंचायत मथौली के कई वार्डो में रात को अंधेरा पसरा रहता है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब रहने से नगरवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके विपरीत वार्ड में लगी स्ट्रीट लाइटें लगातार दिनभर जलती रहती है। इससे हजारों यूनिट बिजली प्रतिदिन बर्बाद हो रही है। सब कुछ जानकर जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उधर बिजली की आंख मिचौली से नगरवासियों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ दिन में स्ट्रीट लाइट जलने से हजारों यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है।

बिजली खपत को लेकर नगर पंचायत के अधिकारियों को परवाह नहीं हैं। जबकि स्ट्रीट लाइटों को बंद व चालू करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इस संबंध में जेई राजेश कुमार बताया कि नगर पंचायत को कई बार अल्टीमेटम दिया जा चुका है फिर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उच्चाधिकारियों से उक्त मामले को अवगत कराया हूं, जैसा आदेश मिलेगा कार्रवाई की जाएगी।

# घायल अमरेश का भाजपा जिलाध्यक्ष ने जाना हाल



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** गुरुवार, देवरिया के लंगड़ी गांव में आर ओ प्लांट संचालक अमरेश कुशवाहा जोकि भाजपा के बैकुंठपुर मंडल के अध्यक्ष का भांजा है, को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने पैर में गोली मार दी जिससे अमरेश बुरी तरह घायल हो गया ।

आनन फानन में अमरेश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है । घटना की जानकारी होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायल अमरेश का हाल चाल जाना तथा बेहतर उपचार के लिए डाक्टरों की टीम को निर्देशित किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है जो भी अपराधी होगा जल्द ही उनको पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी । अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है जल्द ही उन्हें ढूंढ कर उनकी असली जगह पहुंचा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस के शासन में अपराधियों की जगह जेल है और जल्द उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाने का काम पुलिस करेगी ।

# गाजीपुर में नवीन अस्थाई गोवंश आश्रय संचालित, 13 गोवंश संरक्षित किए गए

**टीकरमाफी में दो गोशालाओं में संरक्षित किए गए हैं 599 गोवंश**

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/भादर।** अवारा गोवंशों की समस्या को दूर करने के लिए गाजीपुर में एक नवीन अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल संचालित हो गया है।इस गोवंश आश्रय स्थल पर 13गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। गो आश्रय स्थल पर निर्माण कार्य अभी जारी है।

इस गो आश्रय स्थल के संचालित होने के बाद विकास खंड भादर में गो आश्रय स्थलों की संख्या 11 और संरक्षित पशुओं की संख्या 1315हो? गई है। इसमें से 599गोवंश अकेले टीकरमाफी की दो गोशालाओं में संरक्षित किए गए हैं।

टीकरमाफी में स्वामी परमहंस आश्रम के परिसर में अस्थाई गो आश्रय स्थल पहले से ही संचालित था। पिछले वित्तीय वर्ष में यहां एक वृहद गोवंश आश्रय स्थल संचालित हुआ है। यहां संरक्षित पशुओं की संख्या 453 है।

खाझा,भेंवई, लहना, सिंडी, रतापुर, भागीपुर, संसारीपुर और रायपुर में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पहले से ही संचालित हैं। गुरुवार को खंड विकास अधिकारी रतन सिंह ने ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बर्चुअल बैठक कर मौजूदा स्थिति की जानकारी ली और सभी गोशालाओं में संरक्षित पशुओं को पर्याप्त मात्रा में भूसे के साथ पशु आहार और हरा चारा देने के निर्देश दिए।

खंड विकास अधिकारी, भादर/शाहगढ़ रतन सिंह ने कहा कि अवारा गोवंशों की समस्या दूर करने के लिए गाजीपुर में एक और अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल संचालित कर दिया गया है। किसान भाई यहां गोवंशो को संरक्षित कर सकते हैं। जो पशुपालन गायों को सुपुर्दगी में लेना चाहते हैं वे ले सकते हैं। सरकार की ओर से प्रोत्साहन धनराशि भी दी जा रही है।

# स्कूल मर्ज किए जाने के फैसले के खिलाफ सपा की महिला इकाई का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** स्कूल मर्ज किए जाने के योगी सरकार के फैसले के खिलाफ अखिलेश यादव के आवाहन पर आज शाहजहांपुर में समाजवादी पार्टी की महिला सभा की दर्जनों महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया । सपा की महिला इकाई ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में सपा की दर्जनों महिलाएं सड़कों पर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचीं। यहां ज्ञापन के माध्यम से सपा की महिला इकाई ने मांग की है कि योगी सरकार ने जो बच्चों के स्कूल बंद करने का फैसला किया है उसे वापस लेना चाहिए। सपाइयों ने मांग की है कि स्कूल मर्ज होने से स्कूल में लगी रसोइयों की नौकरी पर संकट आ गया है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान, गायत्री वर्मा , पार्थ यादव, पार्वती सैनी, सावित्री कठेरिया, अनीता राना सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।इस मौके पर सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में महिलाओं पर दिन पर दिन अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं उन्होंने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का झूठा नारा देने वाली भाजपा सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा नहीं कर पा रही है महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा ने कहा भाजपा सरकार गरीब, पिछड़ों, दलितो अल्पसंख्यको व बेसहारा लोगों के बच्चों से उनकी शिक्षा का अधिकार छीन जा रहा है जिसे समाजवादी महिला सभा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

इस अवसर पर महिला सभा की प्रदेश सचिव सरिता सागर, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान, सपा नेत्री डॉ सुची कश्यप, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,महिला सभा के जिला उपाध्यक्ष जाफरीन, महिला सभा की नगर विधानसभा अध्यक्ष पार्वती सैनी, महिला सभा की जिला सचिव आरती यादव, खुर्शीदा बेगम, सिमरन, कृष्णा कठेरिया, शीतल कुमारी केवट, मुस्कान, ज़ेबा, लीलावती, रुकैया, सावित्री कठेरिया, रोशन, शारदा, राजदा, गुलशन, सविंदा पटेल, अफरोज, निशा, नीशू श्रीवास्तव, अनिता राना, सुनीता, रीता सागर, मुन्नी सिंह ठाकुर, रामवती जाटव, सत्येंद्र कुमार यादव, हफ़ीज़ अंसारी, पार्थ यादव, प्रसून कुमार कनौजिया, राजपाल कठेरिया एडवोकेट, खिज़र महबूब खान, इंद्रावती, नीतू यादव, ज्योति भारद्वाज, रानीवाती, सविता, डौली कठेरिया, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद, गुफरान खान, मोहसिन खान, अमन खान, शीतल कश्यप आदि मौजूद रही।

## तालाब की खुदाई में गड़बड़ी, प्रधान व दो कर्मचारी पाए गए दोषी

**सुलतानपुर, धनपतगंज।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत टीकर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत तालाब की खुदाई में भारी अनियमितता सामने आई है। ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक ने मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए तालाब की खुदाई दूसरी जगह करा दी। शिकायत पर हुई उच्चस्तरीय जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद तीनों जिम्मेदारों से वसूली के निर्देश दिए गए हैं।उपायुक्त मनरेगा अजीत कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत टीकर में गंदा नाला के उत्तर, सोनई गुप्ता के घर से दक्षिण की ओर 2.41 लाख की लागत से तालाब खुदाई की परियोजना स्वीकृत हुई थी। लेकिन कार्य स्थल पर तालाब की खुदाई न होने की शिकायत प्राप्त होने पर संयुक्त मजिस्ट्रेट लंभुआ, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता की संयुक्त टीम से जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि ग्राम प्रधान उमा मिश्रा, तत्कालीन पंचायत सचिव शकुंतला त्यागी और तकनीकी सहायक सुधाकर पांडेय ने मिलीभगत कर कार्य को अन्य स्थल पर करवा दिया, जिससे शासन की मंशा और योजना की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लग गया।

# फाइलेरिया से बचाव की मुहिम हुई तेज़

- डीएम की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न
- 10 अगस्त से तीन ब्लॉकों में चलेगा एमडीए अभियान
- घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा
- अभियान की सफलता में अहम होगी प्रधानों की भूमिका

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्रदेश के 27 जिलों में 10 अगस्त से शुरू होने जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड को लेकर तैयारियाँ तेज़ हो गई हैं। राज्य स्तर पर इन सभी जिलों के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ज़िला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अभियान में सहयोग देने का संकल्प दिलाया जा चुका है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को देरशाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित द्वितीय जिला समन्वय समिति की बैठक में अंतरविभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए विभागवार जिम्मेदारियाँ तय कीं। बैठक में डीएम ने पिछले अभियान में कार्यकर्ताओं को भुगतान, दवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण की स्थिति, ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर और सुपरवाइजर की संख्या, दवा वितरण योजना, और प्रचार सामग्री (बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश) की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही शिक्षा, किशोर स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, खाद्य एवं रसद और पीएम किसान योजना से जुड़े अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिए। जनपद के 03 विकास खण्डों में संचालित होने वाले अभियान के सम्बन्ध में सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिसमें हाथ, पैर, स्तन या अंडकोष में असामान्य सूजन आ जाती है। यह किसी भी उम्र में हो सकती है। डॉ. कुमार ने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान साल में एक बार दी जाने वाली सुरक्षित दवाओं के सेवन से फाइलेरिया जैसी घातक बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि इस बार यह अभियान कैसरगंज, तेजवापुर और नवाबगंज ब्लॉकों में चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएँगे, जिसमें दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी को दवा दी जाएगी। जिला फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया कि जनपद में एमडीए अभियान के लिए 645 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 1290 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर और 112 सुपरवाइजर शामिल हैं। डीएम मोनिका रानी ने ग्राम प्रधानों की अहम भूमिका को देखते हुए सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि अभियान की शुरुआत ग्राम प्रधानों के माध्यम से कराई जाए। प्रचार-प्रसार के लिए नगरपालिका की प्रचार गाड़ियों पर बैनर, पोस्टर और ऑडियो संदेशों के ज़रिए जागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा लोग तभी दवा लेंगे जब उन्हें बीमारी और बचाव की जानकारी दी जाए। हर गाँव तक संदेश पहुँचना हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, डॉ आरबीवर्मा, मेडिकल कालेज से कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से डॉ निपेंद्र, डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ विपिन लिखोरे, डीपीएम सरजू खान, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, पाथ संस्था से अभिषेक, पीसीआई से डॉ रमन कुमार सोनी, फाइलेरिया इंस्पेक्टर विमल कुमार व रतनेश सहित सम्बंधित ब्लाक के अधीक्षक व बीसीपीएम व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अंडरपास को लेकर ग्रामीणों ने भाकियू भानु का किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** आगरा हाईवे मोहम्मदाबाद पर ग्रामीणों के लिए बनाए जा रहे अंडरपास का भाकियू भानु के पदाधिकारियों ने विरोध कर दिया था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने भाकियू भानु व एनएचएआई के विरुद्ध नारेबाजी कर दी। ग्रामीणों ने पहले से चिन्हित स्थान पर अंडरपास बनाए जाने की मांग कर दी। साथ ही ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने एनएचएआई की टीम को पहले से चिन्हित की गई जगह पर अंडरपास बनाए जाने को ज्ञापन सौंपा है। मोहम्मदाबाद हाईवे पर बन रहे अंडरपास का भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने विरोध किया था। यूनियन के पदाधिकारियों ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया था, किंतु बृहस्पतिवार को गांव मोहम्मदाबाद के लोग हाईवे पर एकत्रित हो गए। साथ ही भाकियू भानु के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करने लगे। व एनएचए आई कि टीम को अंडरपास कि जगह न बदले जाने को ज्ञापन सौंपा। प्रधान प्रतिनिधि वीरेश यादव ने बताया कि मोहम्मदाबाद व बन्ना के ग्रामीणों की सुविधा के लिए गांव के नजदीक एनएचएआई द्वारा अंडरपास स्वीकृति कराया गया था, किंतु भाकियू भानु के पदाधिकारी ग्रामीणों की सुविधा को दरकिनार करते हुए अंडरपास को महादेव पुलिया के निकट ले जाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के लिए महादेव पुलिया व सुभाष चौराहा की दूरी बराबर पडेगी। उन्होंने कहा कि फिर अंडरपास का ग्रामीणों के लिए क्या औचित्य है।

# जिला गंगा समिति एवं GIZ द्वारा पृथ्वी ओवरशूट दिवस आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जिला गंगा समिति व जी आई जेड के संयुक्त तत्वाधान में प्रभागीय एवं गंगा सभागार वन विभाग शाहजहांपुर में अर्थ ओवरशूट डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप उपस्थित राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश की यूनिट हेड सोनालिका सिंह ने कहां कि यदि हम प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान नहीं करेंगे तो एक दिन हम प्रकृति से निकल जाएंगे, हमें अपनी भावी पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कटौती करके करना है ताकि आने वाली पीढ़ी प्राकृतिक संसाधनों का लाभ प्राप्त कर सके। विशिष्ट अतिथि उपायुक्त श्रम एवं रोजगार मनरेगा यशोवर्धन सिंह ने नदी संरक्षण एवं पुनरोद्धार पर चर्चा की व नमामि गंगे अभियान को महत्वपूर्ण कड़ी बताया। जी आई जेड के जल संसाधन विशेषज्ञ अविरल सक्सेना जी ने जिला गंगा योजना अंतर्गत चिन्हित बिंदु जैविक कृषि, प्राकृतिक कृषि, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, आद्रभूमि प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, औद्योगिक प्रदूषण, विषय विशेषज्ञ द्वारा क्षमता संवर्धन गंगा ग्राम अंतर्गत आर आर सी सेंटर, जल निकासी व तालाब इत्यादि पर वृहद चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के नोडल अधिकारियों से जिला गंगा योजना के क्रियान्वयन हेतु अपेक्षाएं व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रभागीय वन अधिकारी/ सचिव जिला गंगा समिति शाहजहांपुर विनोद कुमार ने कहा कि मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग सीमा से बाहर कर लिया है, जिससे पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है। यह दिन आर्थिक विकास के साथ-साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की भी याद दिलाता है। जिला परियोजना अधिकारी डॉ0 विनय कुमार सक्सेना ने कुशल मंच संचालन किया। कार्यशाला अंतर्गत जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, अधिशासी अधिकारी कांट नूर जहां, अधिशासी अधिकारी तिलहर सतेन्द्र प्रकाश, सहायक अभियंता जल निगम विनय शाक्य सहित लघु सिंचाई विभाग, समस्त नगर निकाय के नोडल ऑफिसर, गंगा ग्रामों से सचिव, ग्राम विकास अधिकारी आदि समिति के समस्त सदस्यगण, गंगा विचार मंच से राकेश कुमार पाण्डेय ने जैविक उत्पाद भेंट करते हुई कार्यक्रम की सराहना की व डा0 रूपक श्रीवास्तव ने स्वलिखित उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा अनुदानित पुस्तक कोरोना व विकास की ज्योति देकर अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विशेष सहयोग के रूप में गंगा समग्र, लोक भारती, एन जी ओ, मानवता वेलफेयर सोसाइटी, युवा सर्व कल्याण समिति उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न हितकारी स्वयंसेवी संगठन उपस्थित रहे।

## पौध रोपण कर 2 हेक्टेयर क्षेत्र में तमरसेपुर ग्राम समाज भूमि पर की गई खाद्य वन की स्थापना



**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** तमरसेपुर ग्राम समाज भूमि पर 2 हेक्टेयर क्षेत्र में खाद्य वन की स्थापना की गई। उक्त वृक्षारोपण क्षेत्र में महासचिव विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश ओम प्रकाश विश्वकर्मा द्वारा महुआ, ग्राम प्रधान तमरसेपुर समर बहादुर यादव द्वारा बड़हर तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेतीकला विजय यादव द्वारा अनार के पौधे का रोपण किया गया। रोपण क्षेत्र में आम, महुआ, जामुन, अनार, इमली, बड़हर, नींबू, करौंदा, सहजन, अमरूद आदि पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग की ओर से वनर क्षक आनंद पाण्डेय, माली राम सिंगर, वेद प्रकाश सिंह अन्य ग्रामीण आदि लोग उपस्थित रहे।

## शशि सिंह ने जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम किया रोशन



**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** शहर के शास्त्री नगर वार्ड के विवेकानन्दनगर की निवासी शशि सिंह पुत्री विजय कुमार सिंह उर्फ़ डब्बू ने जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्रा ने यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में अहम स्थान बनाया है।शशि सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र विषय से परास्नातक किया है।जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वह समाजशास्त्र विषय से रिसर्च करेंगी।होनहार शशि सिंह के जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उनके बाबा जमुना प्रसाद सिंह, भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, गन्ना विकास समिति चैयरमैन गांधी सिंह, पूर्व सभासद अरुण सिंह, हनुमान त्रिपाठी, सभासद अजय सिंह आदि ने खुशी जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।आपको बता दें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित, यह परीक्षा भारतीय विश्वविद्यालयों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसर के पदों के लिए पात्रता निर्धारित करती है।

## फिटनेस के नाम पर मची है लूट, पैसा दिया तो वाहन फिट,नहीं दिया तो अनफिट



**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिले के उप संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय में वाहन फिटनेस के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। फिटनेस जांच के लिए आने वाले वाहन स्वामियों से निर्धारित शुल्क के अलावा मनमानी रकम वसूली जा रही है। जो वाहन स्वामी पैसा देता है,उसका वाहन बिना कड़ी जांच के फिट कर दिया जाता है,जबकि जो पैसा देने से मना करता है, उसे तरह-तरह के नियमों में उलझाकर अनफिट कर दिया जाता है।सूत्रों के अनुसार,भारी वाहनों की फिटनेस के लिए निर्धारित शुल्क 900 और हल्के वाहनों के लिए 600 है,लेकिन आरटीओ कार्यालय में सक्रिय दलाल इन वाहनों से 1500 से 2000 तक की अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं। पैसा देने वालों को सीधे फिटनेस प्रमाणपत्र दे दिया जाता है,जबकि विरोध करने वालों को तकनीकी खामियों के नाम पर दौड़ाया जाता है।स्थानीय वाहन स्वामियों का कहना है कि इस भ्रष्टाचार की जानकारी प्रशासन को भी है,लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एआरटीओ कार्यालय में सक्रिय दलालों का यह गिरोह विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के बिना फल-फूल ही नहीं सकता है।

## मत्स्य पालक 14 अगस्त तक करें आवेदन

**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में वर्ष-2025-26 हेतु मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की योजनाओं मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना एवं उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष अन्तर्गत मछली विक्रय हेतु मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना तथा अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास, प्रदर्शनी ओर सेमिनारों के लिये मत्स्य पालकों - मछुआरों का प्रशिक्षण भ्रमण कार्यकम हेतु मत्स्य विभाग का विभागीय पोर्टल http://fisheries-up-gov खोल दिया गया है। इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन 24.07.2025 से 14.08.2025 तक कर सकते हैं। इन योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु योजनावार आवेदन पृथक पृथक करने होंगे। आवेदन की प्रक्रिया के साथ ही संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आज जनपद के विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं, शैक्षिक संस्थानों, हेल्थ वैलनेस सेंटर, विद्युत उपकेन्द्र शिकोहाबाद का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी शत्रुघ्न वैश्य की उपस्थिति में किया, इस क्रम में सर्वप्रथम में वह कलेक्ट्रेट परिसर में बन रहें ऑडिटोरियम और ग्लास म्यूजियम को देखने गए, जहां पर उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की, साथ ही ऑडिटोरियम में बन रहे कमरों के छोटे आकार को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी भी व्यक्त की, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह दोनों जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं, इनके बनने से नागरिकों को सहूलियत होगी, साथ ही साथ किसी बड़े कार्यक्रम का आयोजन भी इस ऑडिटोरियम में कराया जा सकता है, इसके अलावा ग्लास म्यूजियम बनने से यहां पर्यटन का भी विकास होगा, इस दौरान जिलाधिकारी के साथ प्रोजेक्ट मैनेजर भूपेंद्र सिंह, एक्स0ई0एन0 नृपेन्द्र भी मौजूद रहें। इसके पश्चात् जिलाधिकारी विकासखंड फिरोजाबाद के ग्राम पंचायत दोंकेली के प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने आंगनबाड़ी केंद्र और लर्निंग लैब का भी निरीक्षण करने गए, यहां जिलाधिकारी आंगनबाड़ी बच्चों से मिलें और उनसे बात करके अत्यंत प्रफुल्लित नजर आए, बच्चों की लर्निंग क्षमता को जानने हेतु उन्होंने बच्चों की अक्षर पहचान की क्षमता एवं रंगों के पहचान की क्षमता का आकलन किया एवं बहुसंख्यक बच्चे इसमें निपुण नजर आए, 1996 से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री कृष्णा ने बताया अब आंगनबाड़ी केंद्रों में पहले के मुकाबले अनेकों सुविधाएं हैं, बच्चे अब टाट-पट्टी के बजाय कुर्सी मेज पर बैठ रहे हैं, सुविधा और संसाधनों के बेहतर होने से इन बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति का तेजी से विकास हो रहा है, जिलाधिकारी ने यहां पर व्याप्त गंदगी को देखकर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि यहां पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराऐं, पोषण युक्त भोजन बच्चों को दें, बेहतर परिवेश प्रदान करें, क्योंकि आगे चलकर यहीं बच्चे देश का भविष्य होंगे, जिलाधिकारी को अवगत कराया कि यहां कुल 96 बच्चें है। इसके पश्चात् जिलाधिकारी दौंकेली स्थित हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का निरीक्षण करने गए, जिलाधिकारी ने कहां की हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का उद्देश्य है, की लोगों को उनके घर के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधा प्रदान करना, जिससे स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके, जिन मरीजों की यहां पर जांच संभव नहीं हो पाती है, उन मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजें, साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जो सी0एच0ओ0 बेहतर कार्य नहीं कर रहे हैं, उनके ऊपर निलंबन की कार्रवाई करें, वहां उपस्थित ए0एन0एम0 को निर्देशित किया कि आने वाली गर्भवती महिलाओं का नियमित टीकाकरण कराऐं। इसके पश्चात् जिलाधिकारी शिकोहाबाद स्थित पावर हाउस सहजलपुर का निरीक्षण करने गए, जहां उन्होंने एक्स0ई0एन0 विद्युत से जानकारी चाहीं, कि यहां कितने विद्युत उपभोक्ता विद्युत बिल जमा कर रहे हैं, एक्स0ई0एन0 ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 13470 उपभोक्ताओं में विद्युत बिल जमा किया है, विद्युत बिलों को जमा करने से 6 करोड़ 64 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है, माह के अंत तक इसे बढाकर 8 करोड़ 50 लाख कर दिया जाएगा।

## शिवकृष्ण मल्टीसिटी हास्पिटल विवाद

# साझेदारी और वायरल फोटो पर उठे सवाल

- नरैनी रोड बाँदा स्थित अस्पताल को लेकर चल रही चर्चा में अब नया मोड़

अवधनामा संवाददाता




**बाँदा।** शिवकृष्ण मल्टीसिटी हॉस्पिटल, नरैनी रोड बाँदा से जुड़ा विवाद अब नई दिशा में बढ़ता नजर आ रहा है। अब तक सामने आए दस्तावेजों के अनुसार जो साझेदारी डीड मीडिया में वायरल हुई है, वह नरैनी कस्बे के किसी अन्य अस्पताल की है, न कि वर्तमान विवाद में घिरे बाँदा स्थित मल्टीसिटी हॉस्पिटल की। डीड के अनुसार, अस्पताल में एडीएम राजेश वर्मा की पत्नी 30त्न की हिस्सेदार हैं, जबकि 50त्न हिस्सेदारी डॉ. संगीता सिंह के पास है। शशांक पटेल स्वयं 10त्न की साझेदारी में हैं और अनु तिवारी भी 10त्न की साझेदार बताई गई हैं।

**मूल डीड कैसे पहुँची मीडिया के पास-** इस पूरे मामले में एक बड़ा प्रश्न यह भी खड़ा हुआ है कि साझेदारी की गोपनीय डीड मीडिया के हाथ कैसे लग गई क्या यह लीक जानबूझकर किसी अंदरूनी साझेदार द्वारा की गई है यह सवाल इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि डीड निजी संपत्ति के दस्तावेजों में आती है और इसका सार्वजनिक होना साझेदारों की निजता का उल्लंघन माना जा सकता है।

**वायरल फोटो निजता पर सवाल-** मामला तब और संवेदनशील हो गया जब सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें वायरल हुई – एक फोटो में कुछ लोग स्विमिंग पूल में नजर आ रहे हैं जबकि दूसरी फोटो में एडीएम राजेश वर्मा, संचालक अरूणेश पटेल और साझेदार शशांक पटेल को एक साथ देखा जा सकता है। इन तस्वीरों की सार्वजनिकता को लेकर कई बुद्धिजीवियों और आम जनमानस ने सवाल खड़े किए हैं।क्या किसी अधिकारी या डॉक्टर की निजी जिंदगी को सार्वजनिक करना उचित है क्या मीडिया को यह अधिकार है कि वह विश्राम के निजी क्षणों की तस्वीरें वायरल करे इस पर समाज के कई वर्गों में तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

**बदनाम करने की साजिश या साझेदारों की आपसी खींचतान-** कुछ सूत्रों का मानना है कि यह पूरी साजिश साझेदारी में किसी अंदरूनी विवाद का परिणाम हो सकती है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि फोटो लीक करने का उद्देश्य किसी एक साझेदार को बदनाम करना या हास्पिटल की छवि धूमिल करना हो सकता है।

**मीडिया बनाम निजता-** इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर यह अहम बहस खड़ी कर दी है कि क्या मीडिया को किसी भी व्यक्ति की निजी जिंदगी में हस्तक्षेप का अधिकार है जब कोई व्यक्ति अपने व्यक्तिगत समय में अपने परिजनों के साथ आराम कर रहा हो, तब क्या उसकी तस्वीरें सार्वजनिक करना पत्रकारिता की मर्यादा के भीतर आता है

**निष्कर्ष-** इस पूरे मामले में प्रशासन और साझेदारों को सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ताकि तथ्य और अफवाहों के बीच की रेखा साफ हो सके। वहीं मीडिया से भी अपेक्षा की जाती है कि वह संवेदनशीलता और गोपनीयता की मर्यादाओं का पालन करे।

# पात्र लाभार्थी होंगे योजना में शमिल

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** विशेष केन्द्रीय सहायता द्वारा प्रायोजित एवं उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि., लखनऊ द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी.एम.-अजय) योजनान्तर्गत ग्रान्ट इन एड (आय सृजक योजनाएं) का कियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजनान्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में निवासित ऐसे व्यक्ति लाभान्वित किये जायेंगे जो निम्न पात्रता-अर्हता रखते हों। लाभार्थी अनुसूचित जाति का व्यक्ति एवं जनपद का निवासी हो। लाभार्थी की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो। लाभार्थी का परियोजना की जरूरत के अनुसार साक्षर होना अनिवार्य है। लाभार्थी क्लस्टर एवं समूह के रूप में कार्य करने का इच्छुक हो। लाभार्थी पूर्व में निगम द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं अन्य किसी संस्था का बकायेदार-डिफाल्टर न हो तथा ओ.टी.एस. के माध्यम से ॠण की अदायगी न की हो। लाभार्थी की वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है परन्तु रू. 2.50 लाख (दो लाख पचास हजार) रूपये वार्षिक वाले परिवार को वरीयता प्रदान की जायेगी। लाभार्थी का ब्ठप्स् स्कोर अच्छा होना चाहिए। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक लाभार्थी ऑनलाईन पोर्टल पर एवं कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। ग्रान्ट इन एड (आय सृजक योजनाऐ) योजनान्तर्गत परियोजना स्थापित करने हेतु प्रति व्यक्ति रू. 50000/- अथवा प्रोजेक्ट धनराशि का 50 प्रतिशत जो भी कम हो, सहायता अनुदान के रूप में प्रदान किया जायेगा तथा परियोजना लागत की अवशेष धनराशि बैंक ॠण के रूप में होगी। सी.जी.टी.एम.एस.ई. कवर फीस लाभार्थी द्वारा वहन की जायेगी। परियोजना लागत का 5 प्रतिशत अंशदान लाभार्थी द्वारा बैंक में देय होगा। जनपद के समस्त अनुसूचित जाति के आवेदक उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के सम्बन्धित विकास खण्ड में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी (स.क.) -ग्राम विकास अधिकारी (स.क.) से सम्पर्क कर योजनान्तर्गत आवेदन कर सकते है एवं नगरीय क्षेत्र के व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) पदेन जिला प्रबन्धक उ0 प्र0 अनु0 जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, कक्ष सं0 202 बी, द्वितीय तल, विकास भवन, सिविल लाइन, दवरई फिरोजाबाद पर उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त करें।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0 उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई– ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-SLN-TW-163-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-PFM-MX-157-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.08.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2241/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त, एक अपराधी जिला बदर

**अवधनामा संवाददाता**

**जनहित व सुरक्षा के मद्देनज़र जिला मजिस्ट्रेट ने की सख्त कार्रवाई**

**हमीरपुर।** जनपद को अपराधमुक्त और अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट घनश्याम मीना ने जनहित में सख्त कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए हैं, जबकि एक आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्य प्रकाश पुत्र शिवपाल लोधी निवासी ग्राम अटगांव, थाना मझगवां तथा अरुण कुमार मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम पिपरौंदा, थाना मौदहा हाल मुकाम कस्बा भरुआ सुमेरपुर के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। दोनों को भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 17(3) के तहत अपात्र पाया गया। वहीं, विश्राम यादव पुत्र मलखान यादव निवासी ग्राम नैठी, थाना कुरारा को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(1) के तहत जनपद से छह माह के लिए निष्कासित कर दिया गया है। आदेश के अनुसार, जिला बदर की अवधि में वह हमीरपुर जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा और जहां भी निवास करेगा, उसका पता संबंधित थाने और जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में अनिवार्य रूप से देगा।

इसके साथ ही, उसे किसी भी प्रकार का शस्त्र या हथियार रखने की अनुमति नहीं होगी। आदेश के अनुपालन हेतु विश्राम यादव को एक-एक लाख रुपये की दो प्रतिभूतियां और इतनी ही धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना अनिवार्य किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने थाना मझगवां और सुमेरपुर के प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि संबंधित अनुज्ञप्तिधारकों से शस्त्र वापस लेकर उन्हें कलेक्ट्रेट मालखाना में जमा कराना सुनिश्चित करें।

## जिला अस्पताल परिसर में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**सोनभद्र।** मेडिकल कालेज से संबंद्ध जिला संयुक्त चिकित्सालय की बेपटरी स्वास्थ्य सुबिधाओं को लेकर वृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ ने व्यवस्था में सुधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ ने कहा कि बीजेपी सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। जिला अस्पताल में मरीजों को समूचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। मशीनें खराब होने से जांच न होने से मरीजों को मजबूरी में प्राइवेट अस्पतालों का शरण लेना पड़ रहा है। जिला प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा कि जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिला अस्पताल आए मरीजों को बहला-फुसलाकर प्राइवेट हास्पिटलों में इलाज के लिए भेजा जा रहा है। प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों का अर्थिक शोषण किया जाता है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के हुक्मरान तमाशबीन बने हुए हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष फरीद अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी अस्पतालों में मरीजों को स्वास्थ्य सुबिधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

# राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक पर कार्यशाला आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सतत विकास लक्ष्य (SDGs) के अंतर्गत निर्धारित 17 लक्ष्यों एवं 169 उद्देश्यों को 9 प्रमुख थीम के माध्यम से ग्राम पंचायतों द्वारा क्रियान्वित किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में गरीबी मुक्त एवं आजीविकोपार्जन युक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्याय संगत पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत, महिला हितैषी पंचायत, तथा स्वच्छ और हरा-भरा ग्राम पंचायत जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स (PAI) के अंतर्गत डाटा कलेक्शन और पोर्टल पर अपलोडिंग की प्रक्रिया समझाई गई ताकि निर्धारित समयसीमा में ग्राम पंचायत स्तर पर आंकड़े पूर्ण किए जा सकें। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक विवेक गंगवार, गरिमा ओमर, विक्रम सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार, तथा ब्लॉक स्तर के सभी सचिव, पंचायत सहायक, बीपीएम, एडीओ पंचायत, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ प्लेसमेंट

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय में कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 में छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट में पूर्व वर्षों से अधिक वृद्धि हुई है। अधिष्ठाता डॉ. एन के शर्मा एवं निदेशक सेवायोजन डॉ. विजय कुमार यादव और गेस्ट फैकल्टी डॉ. श्वेता दुबे के प्रयासों से एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के अधिकांश छात्र प्लेसमेंट पा चुके है। साथ ही कुलपति के प्रयास से शिक्षा में आए गुणवत्ता सुधारों से कई छात्र गेट परीक्षा उत्तीर्ण कर आई आई टी, खड़गपुर और कानपुर प्रवेश ले चुके है। अधिष्ठाता डॉ. एन के शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा सफलतापूर्वक अंतिम वर्ष के छात्रों का विभिन्न कंपनियों द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से छात्रों के प्लेसमेंट का कार्य किया गया जिसमें कृषि इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अधिकांश छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वहीं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के पांच छात्रों का प्लेसमेंट किया गया बाकी के लिए प्लेसमेंट का कार्य चल रहा है, उसमें मुख्य रूप से वीएस ट्रेलर्स ट्रैक्टर लिमिटेड में अभिषेक वर्मा, शिवम यादव, इंडिफोस एनालिटिकल प्राइवेट लिमिटेड में अमित कुमार, हरी यादव, अजयवीर, आइओसीएल पानीपत रिफायनरी कंपनी में हरीश राठौर, टैफे में आकाश यादव, समरजीत, ईगस न्यूट्रीशन में अरुण कुमार, ऑफशोर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में विपिन गुप्ता, ऋतिक शुक्ला और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में रैमी इन्फोटेक कंपनी में छाया चौधरी, ग्लोबल लॉजिक लिमिटेड में अभय पचौरी, राहुल कुमार सिंह, सीजनेक्ट इन्फोटेक प्रा. लिमिटेड, संकेत चौरसिया, महिंद्रा कंपनी तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग से ऑफशोर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में मुकेश पाल, रामानंद, विकास वर्मा का प्लेसमेंट हो चुका है। उच्च शिक्षा एम टेक के लिए आईआईटी कानपुर में अंकित कुमार, आईआईटी खड्गपुर वर्तिका सचान, सुयश तिवारी का चयन हुआ है। इन सभी को कुलपति डॉ. आनन्द कुमार सिंह एवं अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी मनीष सहाय मीडिया प्रभारी कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज ने दी है।

# असंगठित श्रमिकों को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी




**अवधनामा संवाददाता**

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छिरका गांव में लगाया विधिक साक्षरता शिविर**

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में गुरुवार को विकासखंड मौदहा की ग्राम पंचायत छिरका में असंगठित श्रमिकों के हितों एवं अधिकारों को लेकर एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश श्री मनोज कुमार राय एवं प्राधिकरण के सचिव श्री महेन्द्र कुमार पाण्डेय के दिशा-निर्देशन में किया गया।

शिविर में श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी अधिनियम 1976, जबरन मजदूरी निषेध अधिनियम 1976, बाल श्रम निषेध अधिनियम 1986, मानव तस्करी और मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराते हुए बताया कि वे शोषण या जबरदस्ती मजदूरी के खिलाफ किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

शिविर में उपस्थित श्रमिकों को मजदूर डायरी भी वितरित की गई, जिसमें उन्हें अपनी मजदूरी और कार्य संबंधी जानकारियाँ दर्ज करने का सुझाव दिया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पीएलवी नीरज विश्वकर्मा, जन साहस संस्था से फील्ड ऑफिसर पंकज कुमार, रिसोर्स सेंटर फैसिलिटेटर रामनारायण, जन साथी लाखन और ग्राम पंचायत सहायक मदनपाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मियों को नपा अध्यक्ष ने वितरित किया रेनकोट



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय के प्रमुख शहर सोनभद्र नगर में साफ-सफाई के लिए नियुक्त सफाई कर्मियों को नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बारिश से बचने के लिए रैनकोट व सेफ्टी किट वितरित किया। इस दौरान बारी-बारी से 28 कर्मियों को उक्त सामग्री दी गई। नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि बारिश के मौसम में नगर की सफाई करने के दौरान सफाई कर्मियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कार्य के दौरान बारिश होने पर सफाई कर्मी भीग जाते है। बारिश से बचने के लिए सफाई कर्मियों को रैनकोट व सेफ्टी किट का वितरण किया जा रहा है। बताया कि बुधवार को 28 कर्मियों को उक्त सामग्री दी गई है। शेष बचे कर्मियों को रैन कोट व सेफ्टी किट वितरित करने की जिम्मेदारी सफाई नायक आकाश रावत को सौंपी गई है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अजय शेखर, जेई राज कुमार, सभासद अनवर अली, अजीत सिंह, विमलेश कुमार, संत सोनी, अमित दूबे आदि मौजूद रहे।

## पानी रास्ते में भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी

**कुरारा (हमीरपुर)** विकास खंड क्षेत्र के बचरौली गांव में अमृत सरोवर तालाब का पानी रास्ते में भरने से लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के बचरौली गांव में बने अमृत सरोवर तालाब में पानी निकलने के लिए डाले गए पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण तालाब का पानी निकल कर रास्ते में भरता है। जिससे ग्रामीणों को इस रास्ते से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी शक्तिकेंद्र संयोजक भाजपा धनंजय सिंह ने बताया कि इसकी शिकायत ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से कई बार की है। लेकिन कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। पानी निकास के लिए डाले गए पाइप क्षति ग्रस्त होने के कारण पानी रास्ते के ऊपर से बह रहा है। जिससे इस मोहल्ले के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से इस में पाइप डाले जाने की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## हमीरपुर में मौरंग डंप का ड्रोन से सर्वेक्षण



**हमीरपुर,अवधनामा संवाददाता।** जनपद के बिवार क्षेत्र स्थित छानी रोड पर मौरंग डंप का ड्रोन सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वे का उद्देश्य अवैध खनन व भंडारण की जांच करना तथा खनिज भंडारण की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। सर्वेक्षण कार्य की निगरानी खनिज अपर निदेशक अरुण कुमार द्वारा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीणा एवं खनिज अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। ड्रोन कैमरे की मदद से मौरंग के डंप की ऊंचाई, क्षेत्रफल एवं मात्रा की सटीक जानकारी जुटाई गई। प्रशासन का कहना है कि इस तरह के तकनीकी सर्वे से अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा और खनिज संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी।

## मंडी में पल्लेदारों की हड़ताल से किसानों को भारी परेशानी



**कुरारा (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में मजदूरी बढ़ाए जाने की मांग को लेकर पल्लेदारों ने हड़ताल कर दी, जिससे अपनी उपज लेकर आए किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार का दिन होने के बावजूद मंडी में तौल का कार्य पूरी तरह ठप रहा। पल्लेदारों ने व्यापारियों के यहां लोडिंग, ढेर करना व अन्य कार्य करने से इंकार कर दिया। इससे किसान घंटों अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन काम न होने से मायूस होकर लौटने को मजबूर हो गए। मंडी सचिव द्वारा फिलहाल 30 रुपये प्रति कुंतल मजदूरी तय की गई है, लेकिन पल्लेदार इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। पल्लेदार कल्लू ने बताया कि मंहगाई के इस दौर में पुरानी मजदूरी दर से काम कर पाना मुश्किल हो रहा है। करीब 70 पल्लेदार मंडी में काम करते हैं और सभी ने एकजुट होकर दिनभर हड़ताल की। व्यापारियों और पल्लेदारों के बीच समझौते को लेकर बातचीत जारी है, लेकिन देर शाम तक कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका था।

## संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस व आरक्षण दिवस दिनांक 26 जुलाई को मनाया जाएगा




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने प्रेस वार्ता में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस एवं आरक्षण दिवस दिनांक 26 जुलाई दिन शनिवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 10:00 बजे मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक विशाल जनसभा के मुख्य अतिथि सांसद रमाशंकर राजभर, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत अभिषेक यादव अंशुल, विशिष्ट अतिथि विधायक राघवेंद्र गौतम विधायक भरथना होंगे। सपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी के सभी सम्मानित नेतागण ,पदाधिकारी एवं समस्त सम्मानित कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## अधिक दाम पर खाद बेचने वाले दुकानदारों पर कराएं प्राथामिकी दर्ज : जिलाधिकारी



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में वृहस्पतिवार को सदर विधायक भूपेश चौबे व जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कृषि व सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान विधायक ने समितियों पर खाद की आपूर्ति, ओवर रेटिंग पर रोक लगाने के लिए की जा रही कार्रवाई के संबंध में एडीसीओ कॉपरेटिव व जिला कृषि अधिकारी से जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने एडीसीओ कॉपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन समितियों के लिए खाद का आवंटन किया जा रहा है वहां पर खाद की आपूर्ति समय से कर दी जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिला कृषि अधिकरी को निर्देशित करते हुए कहा कि खाद व दवा की बिक्री के दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। खाद बिक्री में यदि कही पर ओवर रेटिंग की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित दुकानदार के विरूद्ध प्राथामिकी दर्ज की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होनें कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप खाद के वितरण की कार्यवाही की जाए। एडीसीओ कॉपरेटिव ने बताया कि इफको पारादीप सयंत्र (उड़ीसा) से विंध्याचल मण्डल मिर्जापुर के लिए 2500 मैं. टन फास्फेटिक उर्वरक का आवंटन हुआ है। मिर्जापुर रैंक पॉइंट पर 26 जुलाई तक आने की संभावना है।

# म्योरपुर ब्लॉक की सभी 12 परियोजनाओं का संवेदीकरण

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा अश्विनी कुमार के निर्देशन में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन हिण्डाल्को हॉस्पिटल रेणुकूट की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नीलम त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने मलेरिया के लक्षण एवं उससे बचने के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। डा पीएन सिंह अधीक्षक सीएचसी म्योरपुर ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि म्योरपुर ब्लॉक मलेरिया एवं डेंगू के लिए अति संवेदनशील है, परन्तु आप सबकी सहभागिता से इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। हिण्डाल्को चिकित्सालय रेणुकूट के ट्रेनिंग हॉल में धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव जिला मलेरिया अधिकारी ने समस्त परियोजनाओं को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ष-2030 तक पूरे भारत से मलेरिया के उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष निर्धारित किया गया है, जिस लिए वर्ष 2027 तक शून्य मलेरिया के लक्ष्य को प्राप्त करना है। मलेरिया एक घातक बीमारी है। जनपद में दो प्रकार का मलेरिया (पी वी और पी एफ) होता है। जिसमें पी एफ मलेरिया ज्यादा घातक होता है। मादा एनाफिलीज के काटने से मलेरिया रोग का प्रसार होता है। जनपद में कुल 12 परियोजनाएं क्रियाशील हैं, जिनके द्वारा जनपद के विभिन्न गांवों को गोद लिया गया है, जहां परियोजनाओं के द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का समय-समय पर आयोजन किया जाता है। मलेरिया के समूल उन्मूलन के लिए बुखार के समस्त रोगियों की जांच आवश्यक है। इस हेतु समस्त परियोजनाओं को आगे आकर जनपद को मलेरिया मुक्त करने में व्यापक भूमिका अदा करना चाहिए। समस्त परियोजनाओं को 200 मलेरिया रैपिड टेस्ट किट एवं प्रचार सामग्री भी प्राप्त कराई गई। मलेरिया की जांच एवं उपचार के अतिरिक्त रोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एन्टीलारवा का छिड़काव, फॉगिंग एवं एलएलआइएन (मच्छरदानी) का प्रयोग उपयोगी है। समस्त परियोजनाएं अपने सीएसआर के बजट से एलएलआइएन की खरीद कर सकती हैं। यह एक सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल माध्यम है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कंसल्टेंट कुमार शुभम ने बताया कि विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2025 में अब तक मलेरिया रोगियों की संख्या बहुत कम है। रेणुकूट से शक्तिनगर के मध्य वर्तमान में मलेरिया के साथ डेंगू का भी प्रकोप रहता है। जिससे बचाव के लिए सोर्स रिडक्शन प्रभावी उपाय है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा आरजी यादव ने बताया कि क्षय रोग की जांच एवं उपचार सरकार के द्वारा मुफ्त की जाती है। हिण्डाल्को से यशवंत ने प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में सर्व संजय रुन्थाला, शशांक शेखर, अमित इत्यादि उपस्थित रहे।

# जुगैल क्षेत्र में मध्य प्रदेश के लोगों को दिया जा रहा पट्टा : कांग्रेस

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जुगैल ग्राम पंचायत के पचपेड़िया टोला में वृहस्पतिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मौजूद महिलाओं ने उनकी जोतकोड की जमीन को मध्य प्रदेश के लोगों को पट्टा दिए जाने की शिकायत किया। इस पर जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ ने कहा कि बीजेपी सरकार में आदिवासियों का शोषण चरम पर है। इस सरकार में जनता की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। आदिवासियों की जमीन को दूसरे प्रदेश के लोगों को पट्टा दिया जा रहा है, इसे कांग्रेस पार्टी कत्तई बर्दास्त नहीं करेगी। पूर्व प्रदेश सचिव ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के इशारे पर आदिवासियों पर अत्याचार किया जा रहा है। उनको उनका मालिकाना हक नहीं दिया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी और बृजेश त्रिपाठी ने कहा कि बीजेपी सरकार रोजगार देने में फेल है। आदिवासियों को उनकी भूमि से बेदखल किया जा रहा है। कांग्रेस जिला महासचिव ईमामुल हक अंसारी, जिला प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा कि कॉग्रेस की सरकार में वनाधिकार के तहत आदिवासियों को उनका हक देने का काम किया गया था, लेकिन वहीं, बीजेपी की सरकार आते ही आदिवासियों की भूमि पर भू'-माफियाओं का कब्जा है। आदिवासियों के साथ अन्याय किसी भी किसी कीमत पर बर्दास्त नहीं होगा। इस मौके पर बाबूलाल पनिका, राकेश मिश्रा, जयशंकर भारद्वाज, संतोष नेताम, ईश्वर सिंह, संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/डाला।** स्थानीय नगर डाला में बुधवार को सपा कार्यकर्ताओं ने डाला ओबरा संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त सड़क बनाए जाने को लेकर प्रदर्शन किया एवं बताया कि बिगत दो वर्षो से सड़क क्षतिग्रस्त है जो डाला लाल बत्ती से सेक्टर बी चौराहा तक पूरी तरह क्षतिग्रस्त है जिस पर लोगों का पैदल एवं अन्य संसाधनों द्वारा भी चल पाना मुश्किल है राहगीरों को कठिनाइयों से भरा सफर तय करना पड़ता है पूर्व में कई सक्षम अधिकारियों को पत्रक द्वारा अवगत कराया गया परंतु समस्या जस कि तस बनी हुई है सक्षम अधिकारी द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क बनाने को लेकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिससे आम जनमानस काफी परेशान है क्षतिग्रस्त सड़क होने के कारण आए दिन लोग चोटिल हो जाया करते हैं किसी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से लोगों में भय का माहौल है उक्त क्षतिग्रस्त सड़क का बनाया जाना अति आवश्यक है को लेकर उप जिलाधिकारी ओबरा के नामित प्रार्थना पत्र से अवगत कराया और क्षतिग्रस्त सड़क बनवाए जाने को लेकर प्रदर्शन किया एवं जल्द ही सड़क न बनाए जाने पर संवैधानिक आंदोलन करने की बात वही इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव जल पुरुष रमेश यादव नगर अध्यक्ष पारस यादव मंगल जायसवाल विनय गौड़ नागेंद्र पासवान हरेराम गुप्ता पिंटू साहनी अवधेश चौहान द्वारिका चंद्रवंशी अशोक चौधरी सुधीर पाठक रमेश कुशवाहा एवं अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांजनों के लिए सहज अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए सहज अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ सुभ्रान्त शुक्ल जिलाधिकारी एवं अजय कुमार गौतम मुख्य विकास अधिकारी व ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रेमपाल सिंह, प्राचार्य डायट, लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, उदय सिंह राज, प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त डायट प्रवक्ता, श्रीमती अर्चना सिन्हा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, श्रीमती गायत्री वर्मा, प्रवक्ता एवं समस्त स्पेशल एजूकेटर की उपस्थिति में हुआ। दिव्यांग बच्चों हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के डायट परिसर में ''सहज अध्ययन केन्द्र'' की स्थापना कराई गयी है जिससे न केवल जनपद में बल्कि प्रदेश में एक मात्र ऐसा स्थान है जहाँ मूकबधिर, दृष्टिबाधित, मानसिक मंदित, शारीरिक दिव्यांग, आटिज्म के दिव्यांग बच्चों के लिए न केवल शिक्षण-प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई अपितु उनके अभिभावकों के लिये भी प्रशिक्षण एवं काउसलिंग की व्यवस्था कराई गई ताकि दिव्यांग बच्चे अपने घर पर भी सहज अध्ययन केन्द्र में दिये गये प्रशिक्षण की निरन्तरता से जीवन को सुगम्य बना सकें। उक्त सहज अध्ययन केन्द्र में दिव्यांगजना हेतु ब्रेल पुस्तकें श्रव्य सामग्री, सरल भाषा में पाठ्य सामग्री, रैम्प व सहायक उपकरण उपलब्ध है। यह केन्द्र न केवल शिक्षा को सुलभ बनाता है बल्कि समावेशी और समान अवसर देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रयास से दिव्यांग बच्चों का आत्मविशवास बढेगा और वे शिक्षा की मुख्य धारा से बेहतर जुड़ सकेगें। यह केन्द्र विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के माता पिता व अभिभावकों को भावनात्मक सबल प्रदान करेगा। केन्द्र के माध्यम से भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

अर्चना सिन्हा, जिला समन्वयक ने बताया कि सहज अध्ययन केन्द्र के माध्यम से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे (सी.डब्लू. एस.एम.) को स्पेशल एजूकेशन, दैनिक जीवन की गतिविधियाँ (ए.डी.एल.), व्यवहार संशोधन, गेट प्रशिक्षण, पेरेन्ट काउसलिंग एवं बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। यह सहज अध्ययन केन्द्र विशेष रूप से दृष्टिहीन, श्रंणबाधित व शारीरिक रूप से असमर्थ बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। इस प्रकार अध्ययन केन्द्र जनपद के सभी विकास खण्डों में केन्द्रों की स्थापना कराये जाने हेतु अनवरत प्रयास जारी है। जिससे जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। दिव्यांगजनों हेतु इस अनोखी पहल पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की प्रशंसा की गई।

**मुख्यमंत्री ने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण तथा असुरन चौराहे के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया**

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन देश के लिए जिया

**लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने जीवन्तपर्यन्त भारत और भारतीयता के मूल्यों एवं आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य किया: मुख्यमंत्री योगी**

- हमारी सरकार ने जयप्रकाश जी के गांव के स्वास्थ्य केन्द्र को 100 बेड का करने के तथा उसका नामकरण उनकी धर्मपत्नी के नाम पर करने का कार्य किया: योगी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर में असुरन चौराहे पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने असुरन चौराहे के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी थे। उन्होंने जीवनपर्यन्त भारत और भारतीयता के मूल्यों एवं आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। इन्हीं मूल्यों एवं आदर्शों की मजबूत नींव पर भारतीय लोकतंत्र टिका है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन स्वयं के लिए नहीं, बल्कि दूसरों व देश के लिए जिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि तत्कालीन सरकार की तानाशाही के कारण जब एक बार ऐसा लगा कि भारत का लोकतंत्र दम तोड़ देगा, तो लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने भारतीय लोकतंत्र को नया जीवन दिया था। यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमें उनकी प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। जब इस प्रतिमा की स्थापना की गयी थी, उस समय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो0 अशोक कुमार ने इसमें अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया था। आज वह हमारे बीच नहीं हैं। उनके परिजन इस कार्यक्रम से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य की सीमा पर स्थित सिताब दियारा गांव में लोकनायक जयप्रकाश नारायण का जन्म हुआ था। यह गांव माँ गंगा व सरयू जी के संगम पर अवस्थित है। जयप्रकाश जी का अन्तिम समय तक अपने गांव से जुड़ाव रहा। उन्होंने वर्ष 1977 में सरकार से अपने गांव में एक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की मांग की थी। अपने जीवन के अन्तिम समय में उन्होंने उस स्वास्थ्य केन्द्र का नाम अपनी धर्मपत्नी प्रभावती के नाम पर रखने की मांग की थी। लेकिन पिछली सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकार ने जयप्रकाश जी के गांव के उस स्वास्थ्य केन्द्र को 100 बेड का करने के साथ ही, उसका नामकरण उनकी धर्मपत्नी के नाम पर करने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मृतियों को जीवन्त बनाने के लिए गोरखपुर जिला प्रशासन, विकास प्राधिकरण, नगर निगम और अन्य संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब चौड़ीकरण के दौरान प्रतिमा को पुनर्स्थापित करने की बात आयी तो इन्होंने बेहतरीन सौन्दर्यीकरण के रूप में यह कार्य किये है। यह स्थल हम सभी को नई प्रेरणा प्रदान करेगा। इस अवसर पर सांसद रवि किशन शुक्ल, गोरखपुर के महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, विधायक महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, सरवन निषाद, डॉ0 विमलेश पासवान एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय स्नातक समारोह 2025 का आयोजन

- विभिन्न देशों के विद्यार्थियों को दी गई उपाधियाँ



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने 24 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय स्नातक दिवस समारोह 2025 का आयोजन कर विभिन्न देशों के इंटीग्रल विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया। इस रंगारंग आयोजन मे 62 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान की गईं, जो कि ओमान, तंज़ानिया, नाइजीरिया, सूडान, नेपाल, गाम्बिया सहित कई देशों से स्नातक और परास्नातक कार्यक्रमों के तहत अध्ययनरत थे। समारोह के मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय के चांसलर एवं संस्थापक प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्हें ईमानदारी, नवाचार और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने तथा समाज के उत्थान में ज्ञान का सार्थक उपयोग करने का आह्वान किया। प्रो-चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बताया और स्नातकों से अपील की कि वे दुनिया भर में विश्वविद्यालय के मूल्यों और परंपराओं के सांस्कृतिक दूत बनें। कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत ने विद्यार्थियों की सीमाओं से परे ज्ञान की खोज और सांस्कृतिक समन्वय की भावना की सराहना की। उन्होंने आजीवन सीखने की प्रवृत्ति और विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यकारी निदेशक श्री सैयद अदनान अख्तर द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के वैश्विक नागरिक निर्माण के मिशन को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों, छात्रों और उनके परिवारजनों का आभार व्यक्त किया। वहीं, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अब्दुल रहमान खान ने स्नातक विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की।

# निमार्णाधीन नौसेना शौर्य संग्रहालय के 05 करोड़ जारी

- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व प्रमुख सचिव पर्यटन के साथ संग्रहालय का किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्थापित किये जा रहे देश का पहला 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' अब अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। इस चरण के कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह संग्रहालय भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने वाला देश का पहला स्थायी संग्रहालय होगा, जिसे उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और भारतीय नौसेना के संयुक्त प्रयास से विकसित किया जा रहा है। यह नौसेना शौर्य संग्रहालय युवा पीढ़ी को भारतीय नौसेना के शौर्य, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान का शाक्षी बनेगा साथ ही नौजवानों में देश प्रेम की भावना को जागृत करेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल इस निमार्णाधीन संग्रहालय स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और संग्रहालय की भावी उपयोगिता के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति, मुकेश कुमार मेश्राम, निदेशक पर्यटन एवं प्रबंध निदेशक यूपीएसटीडीसी, ईशा प्रिया, पर्यटन सलाहकार जे.पी. सिंह, एम.डी. यूपीपीसीएल एस.के. सिंह तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी शामिल थे। यह संग्रहालय लखनऊ के भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी एकाना स्टेडियम के निकट 8 एकड़ भूमि पर निर्मित किया जा रहा है।

# शहीदानें कर्बला की याद में हुईं मजलिसें



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में मस्जिद मीर हैदर हुसैन गोलागज में मौलाना अली अब्बास खान ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि अजादारी-ए-हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) हमेशा बरकरार रहेगी क्योंकि यह अल्लाह का वादा है। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने कर्बला में अपनी व अपने साथियों की शहादत देर की इस्लाम और उसकी शिक्षाओं को बचा लिया। मस्जिद पड़ाईन अमीनाबाद में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत रसूले खुदा (स.) ने कहा कि हजरत अली (अस) का जिक्र इबादत है। यह मजलिसे जिक्रे अली (अस) के लिए होती हैं। इन मजलिसों में आना और इंतजाम करना भी इबादत है। इमामबाड़ा असगर हुसैन-कमर हुसैन हसन पुरिया में मजलिस में अफसर दबीरी ने मर्सिया पेश करते हुए वाक़ियाते कर्बला बयान किया। इस मौके पर मर्सियाख़्वान औन रिजवी को शाले अजा पहनाई गई। अजाखाना अशरफ हुसैन कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना कल्बे जव्वाद ने और अजाखाना प्यारे मिर्जा हसन पुरिया में मौलाना रहमत हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। मजलिसों के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमिया ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा बिलकीस जहां सरफराजगंज और छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना जमीर अब्बास जाफरी ने मजलिस को खिताब किया।

### अंजुमन मकसदे हुसैनी की शब्बेदारी आज से

**लखनऊ।** अंजुमन मक़सदे हुसैनी की दो दिवसीय शब्बेदारी का आयोजन इमामबाड़ा मक़सदे हुसैनी नैपियर रोड में शुक्रवार व शनिवार को किया जायेगा। शब्बेदारी की पहली मजलिस को मौलाना कल्बे अहमद नक़वी रात 9 बजे दूसरी मजलिस शनिवार रात 9 बजे होगी जिसे ज़ाकिर-ए-अहलेबैत अली अनवार जाफरी ख़िताब करेंगे। मजलिस बाद अंजुमने नौहाख्वानी करेंगी। अलविदाई मजलिस रविवार को रात 9 बजे होगी। जिसे मौलाना मोहम्मद अब्बास ख़िताब करेंगे। बाद-ए-मजलिस अलम-ए-मुबारक इमामबाड़ा मक़सदे हुसैनी से बरामद होकर इमामबाड़ा झाऊलाल जाएगा। कुरआंदाज़ी शुक्रवार शाम 5 बजें इमामबाड़ा मक़सदे हुसैनी में मुनक़्क़ीद होगी।

### अजाखाना-ए-अखतर हुसैन में मजलिस कल

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में मजलिसों व शबेदारियों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में अजाखाना-ए-अखतर हुसैन हसन पुरिया में शनिवार को एक मजलिस व शबेदारी का आयोजन किया जाएगा। यहां मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी रात 8 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमिया, काजमियां आबिदया और मेराज उल मोमेनीन सहित कई अन्य अंजुमने नौहाख्वानी करेंगी। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। इसी दिन शाम 4 बजे महिलाओं की मजलिस को जाकिरा खिताब करेंगी।

# श्रम मंत्री ने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने आज हैदराबाद के सनथनगर स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया।इस दौरे का मुख्य उद्देश्य हैदराबाद स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जिसे श्रम क्षेत्र में देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है, की कार्यप्रणाली को समझना है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. शिरीष कुमार चव्हाण, मंत्री के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम को विभिन्न विभागों का दौरा कराकर कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री ने कुछ मरीजों से बातचीत की और कुछ रक्त दान दाताओं को रक्त दान प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने परिसर में एक वृक्षारोपण भी किया। मंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, मेडिकल कॉलेज के उच्च मानकों और डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे अस्पताल उत्तर प्रदेश में भी स्थापित किए जाने चाहिए और बताया कि ईएसआईसी वाराणसी में भी इसी प्रकार का मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित करेगा।

# कैसरबाग में नि:शुल्क कोचिंग और सिलाई सेंटर का उद्घाटन

- इल्म हासिल करना हर मर्द औरत पर फर्ज है : मुफ़्ती अबुल इरफ़ान
- कैसरबाग में नि:शुल्क कोचिंग और सिलाई सेंटर का उद्घाटन हुआ
- सेंटर का उद्घाटन मुफ़्ती अबुल इरफ़ान फ़िरंगी महली क़ाज़ी शहर ने किया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन एवं ए.एम.यू. ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन (अमूबा) लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से नि:शुल्क कोचिंग और सिलाई सेंटर का आरम्भ मछली मोहाल , कैसर बाग में मुफ्ती अबुल इरफ़ान मियां फ़िरंगी महली के संरक्षण में किया गया।

सेंटर का उद्घाटन मुफ़्ती अबुल इरफ़ान फिरंगी महली क़ाज़ी शहर ने किया विशेष रूप से उपस्थित लोगों में अमूबा के संरक्षक डॉ. सुहैल फ़ारुक़ी, अध्यक्ष सैय्यद मोहम्मद शोएब , मानद सचिव शहला हक़ , कोषाध्यक्ष क़ैस मुजीब सम्मिलित रहे। इस मौके पर मुफ़्ती अबुल इरफ़ान मियां फ़िरंगी महली ने कहा कि इल्म हासिल करना हर मर्द और औरत पर फ़र्ज़ है क्योंकि इल्म ही है जो इंसान को अपनी ज़िंदगी जीने का तरीक़ा सिखाता है ,गलत, सही हराम , हलाल में फ़र्क बताता है। एक तालीम याफ़्ता इंसान बिना पढ़े-लिखे से लाख दर्जे बेहतर होता है क्योंकि उसका हर अमल क़ुरान हदीस की रोशनी के मुताबिक होता है जो उसकी ज़िंदगी भी रोशन करता है और आख़िरत भी।

शहला हक़ जनरल सेक्रेट्री अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन लखनऊ ने सेंटर के बारे में बताते हुए कहा कि सेंटर में ख़ास तौर से ज़रूरतमंद बच्चों को हिंदी , अंग्रेजी, मैथ, साइंस की फ्री कोचिंग दी जाएगी इसके साथ-साथ सिलाई सेंटर में भी जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई, कटिंग मुकम्मल तौर पर फ्री में सिखाया जाएगा ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें।केंद्र में महिलाओं के लिए पर्दे का भी खुसूसी इंतज़ाम किया गया है। सेंटर सुबह 10:30 से 12.30 बजे तक खुलेगा। ज़रूरतमंद लोग सेंटर पर पहुंच कर फॉर्म हासिल कर एडमिशन ले सकते हैं। सेंटर पर स्पेशलिस्ट टीचर द्वारा ट्रेनिंग और ट्यूशन दिया जाएगा।

शहला हक़ ने बताया कि अलीगढ़ मस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन लखनऊ इसी तरह के और भी सेंटर कायम करने की कोशिश कर रहा है जल्द ही ज़रूरतमंदों की तालीम के ताल्लुक़ से यह कदम उठाया जाएगा।

सैय्यद मोहम्मद शोएब अध्यक्ष अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन लखनऊ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है, जिसमें महिलाओं को शिक्षा देने और विकसित करने का प्रयास कर रही है ताकि महिलाएं अपने को सशक्त बना सकें और अपने घरों के साथ-साथ अपने बच्चों की शिक्षा और विकास में भूमिका निभा सकें। इस प्रकार के प्रयास से आने वाली पीढ़ियां हमारे देश के साथ देश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी।

### नियोजन में नियोजित कर्मचारियों की संदेय मजदूरी की न्यूनयतम दरें लागू

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव,श्रम एवं सेवायोजन विभाग, डॉ0 एम0 के0 शन्मुगा सुन्दरम् ने सर्वसाधारण कोकृषि कार्य का प्रकार एवं वयस्क कर्मकारों के लिये मजदूरी की सर्वसमावेशी न्यूनतम दरों के बारे में जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि भूमि का कृषिकरण और बोना, किसी कृषि वस्तु का उत्पादन, कृषिकरण, उगाना और काटना, खेती उपज के विपणन के लिए तैयारी और भण्डार में या मंडी में वितरण या मंडी तक परिवहन के लिए वहन और म्यूनिसिपल या कैन्टनमेंट सीमाओं के छः किलोमीटर के भीतर स्थित खेती सम्मिलित करते हुए समस्त आकार की खेती में मशरूम का कृषिकरण सहित कृषि कार्यों के आनुषंगिक या उनके साथ-साथ की जाने वाली कोई क्रियाएं व वन संबंधी या काष्ठ उपकरण संबंधी क्रिया,जो कृषि कार्यों के साथ-साथ की जाती है तथा दुग्ध उद्योग, पशुधन में वृद्धि, मधुमक्खी पालनकुक्कुट पालन और उनकी आनुषंगिक क्रियाएं सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में रूपये 6552 प्रतिमाह या रूपये 252 प्रतिदिन की दर से लागू है।

# नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और आईआईए इंडिया के बीच हुई रणनीतिक साझेदारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन भारत में शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के अम्ब्रेला ऑर्गनिज़ेशन और इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल ऑडिटर्स इंडिया ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में आंतरिक स्तर पर ऑडिट के मानकों को बेहतर बनाना, संचालन-व्यवस्था से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को संस्थागत रूप देना और लंबे समय तक क्षमता निर्माण करना है। नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सीईओ, प्रभात चतुर्वेदी तथा IIA इंडिया के सीईओ, के. वी. मुकुंदन की मौजूदगी में इस समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। CBs में ऑडिट और जोखिम प्रबंधन के वैश्विक मानकों को लागू करने के उद्देश्य से यह साझेदारी की गई है, ताकि संस्थाओं को मजबूत बनाने के साथ-साथ जमाकर्ताओं का भरोसा फिर से हासिल करने के बड़े नियामक उद्देश्यों के साथ तालमेल बिठाया जा सके। आंतरिक स्तर पर जोखिम-आधारित ऑडिट के बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के दिशानिर्देश, बैंकों को IIA और BCBS द्वारा जारी आंतरिक ऑडिट के अंतर्राष्ट्रीय मानकों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस समझौते के तहत, IIA इंडिया CBs के भीतर संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के दीर्घकालिक लक्ष्य में सहायता उपलब्ध कराएगा। इस सहयोग के दायरे में ऑडिट के अंतर्राष्ट्रीय मानकों को अपनाना, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों को मजबूत बनाना तथा आंतरिक स्तर पर ऑडिट करने वालों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कर्मचारियों की कामकाजी क्षमता को बेहतर बनाना शामिल है। नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेश की ओर से CBs को मजबूत गवर्नेंस मॉडल अपनाने में मदद की जाएगी, साथ ही IIA इंडिया भी सभी भागीदार CBs को अपने वैश्विक ज्ञान कोष तक पहुँच की सुविधा देगा, जिसमें इंटरनल ऑडिट के मानकों, ESG और ऑडिट व जोखिम प्रणालियों में AI से संबंधित प्रक्रियाओं पर संसाधन शामिल हैं। इसके अलावा, UCB के अधिकारियों को इंटरनल ऑडिटर पत्रिका, टोन एट द टॉप ब्रीफिंग्स, विश्व स्तर पर होने वाले वेबिनार, अच्छी तरह से व्यवस्थित ट्रेनिंग मॉड्यूल और बेहद उपयोगी वर्कशॉप के साथ-साथ पूरे शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में ऑडिट की गुणवत्ता और संस्थागत मजबूती को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए जागरूकता कार्यक्रमों तक पहुँच की सुविधा भी मिलेगी।

# दानिश आज़ाद अंसारी ने उर्स में मुख्य अतिथि के तौर की शिरकत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी जी दिनांक 24 जुलाई 2025 को हज़रत मखदूम अशरफ़ जहाँगीर सिमनानी रहमतुल्लाह अलैह के 639वें उर्स मुबारक के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए।

इस पावन मौके पर मंत्री ने दरगाह पर चादर पेश की और प्रदेश की अमन, तरक़्क़ी, व भाईचारे के लिए दुआ की। अपने संबोधन में दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा कि हज़रत मखदूम अशरफ़ सिमनानी रह. ने हमेशा मोहब्बत, इंसानियत और एकता का पैग़ाम दिया, जो आज के दौर में और भी ज़्यादा अहम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण, वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, और सांप्रदायिक सौहार्द को मज़बूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन और सूफी मत के अनुयायी मौजूद रहे।

# भाषा विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन विषय पर हुआ राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।

विदित है कि पूरे देश भर में कारगिल विजय सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ नलिनी मिश्रा, समन्वयक एनएसएस, लेफ्टिनेंट डॉ बुशरा अलवेरा, एनसीसी अधिकारी, डॉ रामदास, और युवराष्ट्र के संयुक्त तत्वाधान में भाषा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों का स्वागत पौधा और शॉल से किया गया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के अगले चरण में अमन कुमार, छात्र विधि ने ओजस्वी भाषण से अपनी वक्तव्य दिया। संगोष्ठी के अगले सत्र में कर्नल बीएस तोमर(सेवानिवृत) ने कारगिल दिवस को मनाना हम सभी का सौभाग्य है। हमें अपने सैनिकों पर पूर्ण विश्वास है। कार्यक्रम के अगले सत्र में नायक कमलेश अग्निहोत्री ने अपने सैनिक जीवन को स्मरण करते हुए बताया कि हमें स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित करना है। संगोष्ठी के अगले सत्र में सूबेदार कमता सिंह ने भी सैनिक रहने के संस्मरणों को शेयर किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में डॉ जगदीश चंद्र, जौनपुर विश्वविद्यालय ने वीर अब्दुल हमीद को याद करते हुए कहा कि हमें सैनिकों से राष्ट्र सेवा सीखने की आवश्यकता है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अवध प्रान्त के सह प्रांत प्रचारक संजय ने अपने संबोधन में कहा कि सभी बलिदानी सैनिकों का स्मरण किया। उन्होंने बताया युद्ध के दौरान केवल सैनिक ही नहीं बल्कि सभी देशवासी भी जनमाध्यमों से लड़ते हैं। संजय ने कहा कि पंच परिवर्तन एक संकल्प नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है। संजय ने बताया कि 1.कुटुंब प्रबोधन 2.सामाजिक समरसता 3.पर्यावरण संरक्षण 4. स्वदेशी 5. नागरिक कर्तव्य के द्वारा ही समाज और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। संजय ने बताया कि पंच परिवर्तन को नियमित रूप से वर्ष भर चलाया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर स्थायी परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो अजय तनेजा ने विजय सप्ताह के अंतर्गत वीर सैनिकों को याद किया गया। प्रो तनेजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, समरसता, परिवार ईकाई और सामाजिक चेतना को बढ़ावा पंच परिवर्तन से ही दिया जा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में लगभग दो दर्ज़न पौधे लगा कर, सावन के इस पावन महा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

संगोष्ठी का परिचय और कार्यक्रम का संचालन डॉ नलिनी मिश्रा ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ बुशरा अलवेरा ने दिया। संगोष्ठी के दौरान प्रो शालिनी त्रिपाठी, डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ श्वेता, डॉ राजकुमार, डॉ माधुरी चौहान और डॉ रामकिशन पाल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, एनसीसी कैडेट और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री की उपस्थिति में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

- मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रांगण में नीम और आम का पेड़ लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हम सबका है एक ही नारा। हरा भरा हो देश हमारा के संदेश के साथ आज सीतापुर रोड स्थित महर्षि विद्या मन्दिर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। प्रथमतः विद्यालय प्रांगण में मुख्यअतिथि का भव्य स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम जो विशेष रुप से प्रकृति एवं पर्यावरण पर आधारित था बहुत ही प्रेरणाप्रद रहा। मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रांगण में नीम और आम का पेड़ लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की। इसके पूर्व विद्यालय प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने मुख्य अतिथि का औपचारिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज एक व्यापक अभियान चलाकर पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता है। पर्यावरण की रक्षा हम सभी का दायित्व है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे अपने बहुमूल्य संदेश के साथ पर्यावरण पर दो लाइंस जोड़ते हुए प्रबंधक ने कहा कि, हम सबकी है जिम्मेदारी,हरी-भरी हो धरा हमारी।